RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 223
नई दिल्ली, सोमवार, 19 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बदतर होती जा रही पंजाब की कानून-व्यवस्था

राष्ट्रीय-11

# यूपी, बिहार, ओडिशा में गर्मी का कहर, सौ मौतें

## पूर्वी उप्र के बलिया जिले में तीन दिनों में 54 लोगों ने गंवाई जान, प्रदेश सरकार ने शुरू कराई जांच, चिकित्सा अधीक्षक का तबादला

● अगले 24 घंटों में राहत मिलने के आसार नहीं, आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया, बिहार में 44 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ/पटना

**उत्तर** प्रदेश, बिहार और ओडिशा पिछले तीन दिन से भीषण गर्मी का कहर झेल रहे हैं। लू के थपेड़ों से इन तीनों राज्यों में करीब 100 लोग जान गंवा चुके हैं। कई स्थानों पर पारा चढ़कर 40 से ऊपर जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अभी तक 54 मौतें दर्ज की गई है, जबकि पूर्वी बिहार में 44 लोग काल के गाल में समा गए। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में गर्मी से संबंधित घटनाओं में 54 लोगों की मौत हो चुकी है, इसमें पिछले 24 घंटों में हुई 20 मौतें भी शामिल हैं।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने लू के थपेड़े चलने की आशंका जताते ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में येलो अलर्ट जारी किया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. एसके यादव ने बताया कि पिछले तीन दिनों में विभिन्न बीमारियों से संबंधित करीब 300 मरीजों को भर्ती कराया गया, जिसमें से गर्मी के शिकार 54 लोगों की मौत हो गई। बलिया में बड़ी संख्या में मौतों के चलते उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच शुरू करा दी है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी दिवाकर सिंह का तबादला कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि बलिया में इतने कम समय में कई लोगों की कैसे मौत हो गई यह पता लगाने के लिए हमने जांच का आदेश दिया है। स्वास्थ्य निदेशालय से डॉक्टरों की एक टीम मौत के कारणों की जांच करेगी। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में दवाइयां हैं और सरकार मरीजों का उचित इलाज कराएगी।

डॉक्टर और स्वास्थकर्मियों ने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यकर्मी हालात से निपटने के लिए सक्रिय हैं। जिला अस्पताल ने 15 बिस्तरों का स्पेशल वार्ड बनाया है। यहां भर्ती अधिकांश मरीजों की उम्र 60 या उससे ज्यादा है तथा उनमें बुखार, उल्टी, दस्त, सांस लेने में दिक्कत तथा दिल का दौरा पड़ने जैसे लक्षण हैं। हाल ही में अपने पिता को खोने वाले बलिया निवासी मनीष पाठक ने बढ़ते तापमान को देखकर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में हर घंटे पांच से छह मरीज आ रहे हैं और ठोस उपायों के बावजूद मौत के आंकड़ें बढ़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप के कारण बलिया में लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। ज्यादा तापमान के कारण सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। जिले में गर्मी के कारण इतनी ज्यादा मौतें कभी नहीं हुईं। एक निवासी ने कहा 'गर्मी के कारण मैंने इतनी बड़ी संख्या में मौत होते कभी नहीं देखा। मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ बलिया में रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा था।

आर्द्रता 25 फीसदी होने के कारण गर्मी की मार और बढ़ गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि पूरे राज्य में इस समय तापमान सामान्य से ज्यादा है। 'अगले 24 घंटों में राहत नहीं मिलने के आसार है। लिहाजा आईएमडी ने 19 जून तक उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लू जैसे स्थिति के लिए येलो अलर्ट को आगे बढ़ाया है। पड़ोसी राज्य में बिहार में भी हालात बहुत बेहतर नहीं हैं। 44 मौतों में से अकेले 35 मौतें पटना शहर में हुई जबकि नौ मौतें अन्य जिलों में दर्ज की गईं। पटना में शुक्रवार को तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जबकि 11 अन्य जिलों में तापमान 44 डिग्री रहा। आईएमडी ने बिहार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तथा कुछ राज्यों में ( शेष पेज 9 )



बलिया में रविवार को लू लगने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके परिजन।

# दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या, तीन गिरफ्तार

● सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप शुरू, केजरीवाल ने एलजी को घेरा तो लेखी ने कहा- मुख्यमंत्री कानून नहीं समझते

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**दक्षिण-पश्चिम** दिल्ली के आरके पुरम इलाके में रविवार तड़के बंदूकधारी हमलावरों ने वित्तीय विवाद के कारण दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामला वित्तीय लेन-देन का बताया जा रहा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

पुलिस के मुताबिक गोलीबारी की घटना आरके पुरम की आंबेडकर बस्ती में हुई। स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए इस घटना के एक कथित वीडियो के धुंधले फुटेज में गाली-गलौज के बीच गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि बंदूकधारियों ने भागने से पहले अपने हथियारों से गोलीबारी की, जबकि एक महिला जमीन पर पड़ी दिख रही है और स्थानीय लोग दहशत में शोर मचा रहे हैं। पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्हें सुबह करीब 4.40 बजे फोन आया, जिसमें ललित ने बताया कि उसकी बहनों को गोली मार दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फौरन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची ( शेष पेज 9 )



आरकेपुरम की आंबेडकर बस्ती में दो महिलाओं की हत्या से शोकाकुल परिजन।

## डीयू छात्र की कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रथम वर्ष के छात्र की रविवार को दक्षिण परिसर (साउथ कैंपस) में आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान पश्चिम विहार के रहने वाले निखिल चौहान (19) के रूप में की गई है। वह स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) से राजनीति विज्ञान में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि करीब एक सप्ताह पहले स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के एक छात्र ने कॉलेज में निखिल की प्रेमिका के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रविवार को अपराह्न करीब 12.30 बजे, आरोपी और उसके तीन सहयोगी आर्यभट्ट कॉलेज के बाहर निखिल से मिले और उसके सीने में कथित तौर पर चाकू घोंप दिया। उन्होंने कहा कि निखिल को नजदीकी चरक पालिका अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

# फिल्म आदिपुरुष में संवाद बदले जाएंगे: मनोज

**भाषा ।** मुंबई

**फिल्म** आदिपुरुष के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला ने रविवार को कहा कि फिल्म के निर्माताओं ने कुछ संवादों को संशोधित करने का फैसला किया है। रिलीज के बाद से ही फिल्म के आपत्तिजनक संवादों को लेकर सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना हो रही है। फिल्म के संवाद लेखक शुक्ला ने कहा कि इस सप्ताह तक संशोधित पंक्तियों को फिल्म में जोड़ दिया जाएगा।

शुक्ला ने ट्विटर पर लिखा, मेरे लिए आपकी भावना से बढ़ कर और कुछ नहीं है। मैं अपने संवादों के पक्ष में अनगिनत तर्क दे सकता हूं, लेकिन इससे आपकी पीड़ा कम नहीं होगी। मैंने और फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने निर्णय लिया है, कि वो कुछ संवाद जो आपको आहत कर रहे हैं, हम उन्हें संशोधित करेंगे, और इसी सप्ताह वो फिल्म में शामिल किए जाएंगे। आदिपुरुष शुक्रवार को देशभर में हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषाओं में रिलीज हुई। फिल्म में प्रभास भगवान राम, कृति सेनन माता सीता और सैफ अली खान लंकापति रावण की भूमिका में हैं। ओम राउत द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज द्वारा निर्मित बड़े बजट वाले इस फिल्म के खराब वीएफएक्स और संवादों को ( शेष पेज 9 )




## निर्माताओं का दावा, फिल्म आदिपुरुष ने दो दिनों में 240 करोड़ रुपए कमाए

**भाषा ।** मुंबई

**फिल्म** आदिपुरुष ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह दावा किया। फिल्म निर्माण कंपनी टी-सीरीज ने बताया कि ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म आदिपुरुष ने रिलीज के दूसरे दिन 100 करोड़ रुपए कमाए। कंपनी ने ट्विटर पर जारी एक बयान में कहा, आदिपुरुष, दुनिया भर में दर्शकों का दिल जीत रही है, पहले दिन फिल्म ने 140 करोड़ रुपए की बंपर ओपनिंग की थी और दूसरे दिन फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए कमाए। दो दिनों में फिल्म ने कुल 240 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म में प्रभास भगवान श्रीराम, कृति सैनॉन माता सीता और सैफ अली खान लंकापति रावण के किरदार में हैं।

# जेईई-एडवांस्ड में दिल्ली के प्रभाव को छठा स्थान

● सूची में आईआईटी हैदराबाद जोन का दबदबा, वाविलला रेड्डी रहे पहले स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के नतीजे रविवार को घोषित किए गए। इसमें हैदराबाद जोन के वाविलला चिदविलास रेड्डी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि दिल्ली के रहने वाले प्रभाव खंडेलवाल को छठा स्थान मिला है।

इस साल परीक्षा का आयोजन करने वाले आईआईटी गुवाहाटी के अनुसार, रेड्डी ने 360 अंकों में से 341 अंक हासिल किए। वहीं, आईआईटी हैदराबाद जोन की ही नयाकांति नगा भव्या श्री 298 अंक प्राप्त करके लड़कियों में शीर्ष स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 में शामिल छह छात्र आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं। दूसरा स्थान रमेश सूर्या तेजा (हैदराबाद जोन) ने हासिल किया जिसके बाद ऋषि कालरा (रुड़की जोन) रहे। इसके बाद के स्थान पर क्रमशः राघव गोयल (रुड़की), अडागडा वेंकट शिवराम (हैदराबाद), प्रभाव खंडेलवाल (दिल्ली), बिक्किना अभिनव चौधरी (हैदराबाद), मलय केडिया (दिल्ली), नागिरेड्डी बालाजी रेड्डी (हैदराबाद) और यंकांती पाणि वेंकट माणिधर रेड्डी (हैदराबाद) रहे। अधिकतम संख्या में उम्मीदवार आईआईटी हैदराबाद जोन से उत्तीर्ण ( शेष पेज 9 )



वाविलला चिदविलास रेड्डी

# बंगाल पंचायत चुनाव पर खौफ का साया

**सौगर सेनगुप्त ।** कोलकाता

● विपक्षी प्रत्याशियों को धमकाने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे, घर पर सफेद कपड़े, सफेद मालाएं और मिठाई भेज रहे

● बम, हंसुआ या गोली, अपनी पसंद घर की दीवार पर लिख दो, हम तुमको कृतार्थ कर देंगे, जैसे संदेश भेजे जा रहे

**जल्द** होने वाले पंचायत चुनावों से पहले बंगाल के जिलों में भय का वातावरण बन रहा है क्योंकि विपक्षी प्रत्याशियों को नामांकन वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है। तृणमूल के बाहुबली जो विपक्षी उम्मीदवारों को पर्चा भरने से नहीं रोक पाए, वे अब प्रतीकात्मक धमकियां देने और हिंसा में लिप्त हैं। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जून के पास आने के साथ ही विपक्षी प्रत्याशियों को सफेद कपड़े, मिठाई, अगरबत्तियों और सफेद मालाओं के रूप में संदेश मिलने लगे हैं।

इन सामग्रियों का प्रतीकात्मक संदेश है, सफेद कपड़ा या साड़ी आमतौर विधवाएं पहनती हैं। प्रत्याशियों को धमकी भरा खत भेजा रहा है जिसमें इस तरह के संदेश होते हैं जैसे ' अंतिम संस्कार में मिलेंगे... अग्रिम में श्रद्धांजलि... अपने पति से कहो नामांकन वापस ले ले। ' नादिया जिले में माकपा उम्मीदवार की पत्नी मिनाती को इस तरह के दो संदेश मिल चुके हैं। एक अन्य माकपा प्रत्याशी को कुछ इस तरह का संदेश भेजा गया 'अपने घर की दीवार पर अपनी पंसद लिख दो.. बम, हंसुआ या गोली.. हम तुमको उचित तरीके से कृतार्थ करेंगे... हम तुम्हारी पत्नी का ध्यान रखेंगे... चिंता न करो।'

इस तरह के पार्सल और धमकियाँ राज्य के विभिन्न हिस्सों में दिए जाने की रिपोर्ट है, खासतौर पर दक्षिण 24 परगना जिले दक्षिणी जिलों बांकुड़ा तथा हुगली में। कोलकाता में छिपे एक माकपा प्रत्याशी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बातचीत करते हुए अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उसने बताया कि उसकी पत्नी को पंचायत चुनाव के लिए शुभकामना संदेश के साथ सफेद साड़ी, माला और मिठाई भेजा गया है। उसने कहा कि धमकियों के बावजूद वह किसी भी हालत में नामांकन नहीं वापस लेगा। बहरहाल, धमकियां अब हिंसा की घटनाओं में तब्दील हो रही हैं।

कूचबिहार जिले में भाजपा प्रत्याशी के साले की उसके घर के पास नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। केंद्रीय मंत्री और स्थानीय भाजपा सांसद निशीथ प्रमाणिक ने हत्या के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। इस घटना के बाद पिछले दस दिन में पंचायत चुनाव से संबंधित आठ मौतें हो चुकी हैं। विपक्षी कार्यकर्ताओं को धमकियां और उनके घरों पर हमले की खबरें की माल्दा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, हुगली तथा पश्चिम बर्दवान से आ रही हैं। माल्दा जिले के मानिकचक में कांग्रेस प्रत्याशी किसी नुकसान के डर से आम के बगीचे में छिपे हैं। खतरा सामने होने के बावजूद वे मैदान में डटे हैं और उनको नाराज ग्रामीणों के समर्थन का भरोसा है।

## क्विक न्यूज

### केदारनाथ मंदिर को स्वर्णमंडित करने पर विवाद क्षुद्र राजनीतिक तत्वों का षड्यंत्र: मंदिर समिति

**देहरादून ।** केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह में सोने की जगह पीतल लगाए जाने के आरोपों को षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति (बीकेटीसी) ने रविवार को कहा कि क्षुद्र राजनीतिक तत्व यात्रा को प्रभावित करने और धाम की छवि को धूमिल करने के लिए भ्रम फैला रहे है। मंदिर समिति ने इस संबंध में एक ट्वीट करते हुए सोशल मीडिया पर भ्रम एवं दुष्प्रचार करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। समिति ने स्पष्ट किया कि सोना खरीदने से लेकर गर्भगृह की दीवारों पर उसे जड़ने तक का सम्पूर्ण कार्य दानदाता द्वारा स्वयं कराया गया और इसमें मंदिर समिति की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नही थी। समिति ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित किए जाने पर सोशल मीडिया में फैलाए जा रहे कथित भ्रम को षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों के फलस्वरूप चारधाम खासतौर पर केदारनाथ में बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु क्षुद्र राजनीतिक तत्वों को रास नहीं आ रहे है।

# आपातकाल भारतीय इतिहास का काला दौर: प्रधानमंत्री

● कहा, यातनाओं की याद भर से सिहर उठता है मन

**भाषा ।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल को भारतीय इतिहास का काला दौर करार देते हुए रविवार को कहा कि उस दौरान लोकतंत्र के समर्थकों पर जो अत्याचार किए गए और उन्हें जिस प्रकार की यातनाएं दी गईं, उसे याद करने भर से आज भी मन सिहर उठता है।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 102वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जो लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानता है, लिहाजा 25 जून की तारीख को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा भारत में 1975 में आपातकाल लगाया गया था। इसे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की बड़ी घटना माना जाता है। मोदी ने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है। हम, अपने लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते है, अपने संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। इसलिए, हम 25 जून को भी कभी भुला नहीं सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। उन्होंने कहा, यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान इतना अत्याचार किया गया, इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश जब आजादी के 75 वर्ष से सौवें वर्ष की तरफ बढ़ रहा है, तो आजादी को खतरे में डालने वाले आपातकाल के अपराधों का अवलोकन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि इससे आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने तथा उसकी अहमियत समझने में और ज्यादा आसानी होगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भी उल्लेख किया और देशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं, इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अगर अब भी आप योग से नहीं जुड़े हैं, तो 21 जून इस संकल्प के लिए बहुत बेहतरीन मौका है। योग में तो वैसे भी ज्यादा तामझाम की जरूरत ही नहीं होती है। जब आप योग से जुड़ेंगे, तो आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री इस वर्ष ( शेष पेज 9 )




## मणिपुर पर मौन हैं मोदी: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मणिपुर संकट पर नहीं बोलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। कांग्रेस ने कहा कि एक और मन की बात, लेकिन मणिपुर पर मौन हैं।

विपक्षी दल ने पूछा कि प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर राज्य में जारी अंतहीन हिंसा के बारे में कब कुछ कहेंगे या करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मणिपुर में शांति की अपील 45 दिनों के बाद जारी करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भी निशाना साधा और पूछा कि क्या प्रधानमंत्री ने उस संगठन के जरिए अपील की है, जिसने उन्हें तराशा है।

रमेश ने ट्वीट कर कहा कि अभी भी प्रधानमंत्री की ओर से शांति की अपील नहीं की गई है। एक गैर-लेखापरीक्षा योग्य पीएम-केयर फंड है, लेकिन क्या प्रधानमंत्री को मणिपुर की भी परवाह है, यही असली सवाल है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भी प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह इतने व्यस्त हैं कि मणिपुर जाने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं।

# आरएसएस ने मणिपुर में शांति की अपील की

**भाषा ।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने मणिपुर में जारी हिंसा की रविवार को निंदा की और स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सुरक्षा बलों तथा केंद्रीय एजेंसियों सहित सरकार से तत्काल शांति बहाल करने के लिए हरसंभव कदम उठाने की अपील की।

एक बयान में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने उनसे पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्वाई के साथ-साथ हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों को राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। आरएसएस ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में घृणा और हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों को विश्वास की कमी को दूर करना चाहिए, जो वर्तमान संकट का कारण है और शांति बहाल करने के लिए बातचीत शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक समूहों और मणिपुर की आम जनता से अपील करता है कि वे वर्तमान अराजक और हिंसक स्थिति को समाप्त करने के लिए हरसंभव पहल करें और मानव जीवन की सुरक्षा और स्थाई शांति सुनिश्चित करने में मदद करें। होसबाले ने कहा, मणिपुर में पिछले 45 दिनों से लगातार हो रही हिंसा बेहद चिंताजनक है।

तीन मई को चुराचांदपुर में लाई हराओबा उत्सव के समय आयोजित विरोध रैली के बाद मणिपुर में जो हिंसा और अनिश्चितता शुरू हुई, वह निंदनीय है। बयान में कहा गया, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि सदियों से आपसी सौहार्द और सहयोग से शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने वालों के मध्य में जो अशांति और हिंसा भड़क उठी, वह अभी तक नहीं रुकी है। होसबाले ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 जून, 2023



# भंगेल एलिवेटेड का काम फिर फंसा

## 37% काम के लिए 100 करोड़ की जरूरत, आईआईटी की रिपोर्ट से सीईओ सहमत नहीं





**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भंगेल एलिवेटेड रोड का काम बजट को लेकर फिर फंसा हुआ है। इसका बजट बढ़ाना चाहिए या नहीं इसके लिए नोएडा प्राधिकरण कंसलटेंट की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

आईआईटी की रिपोर्ट के बाद भी तस्वीरें अभी साफ नहीं हो पाई है कंसलटेंट की रिपोर्ट के आधार पर ही प्राधिकरण अब आगे का फैसला लेगी। आपको बता दें कि सेक्टर-42 अगाहपुर पैट्रोल पंप से नोएडा स्पेशल इकोनामिक जोन तक 4.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड का काम पिछले 3 साल से चल रहा है। फिलहाल इसका 63त्न काम पूरा हो चुका है, लेकिन आगे के काम के लिए बजट पर निर्माण रुका हुआ है। निर्माण कार्य कर रही एजेंसी सेतु निगम ने इसका बजट 100 से 150 करोड़ रुपए बढ़ाने की मांग की है तो प्राधिकरण इसके लिए तैयार नहीं है। प्राधिकरण का कहना है कि बजट में बढ़ोतरी तभी होगी जब दो एजेंसियों की रिपोर्ट आ जाए।

हालांकि इसका निर्माण 468 करोड़ रुपए लागत की अनुमति से शुरू हुआ थाजो बढ़ता ही चला जा रहा है। कंसलटेंट की रिपोर्ट का इंतजार इस मामले में जांच के लिए बीते दिनों आईआईटी ने अपनी रिपोर्ट प्राधिकरण को भेज दी।

जिसके बाद ऋतु महेश्वरी का कहना साफ है कि आईआईटी की रिपोर्ट से एकदम स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि बजट बढ़ाना चाहिए या नहीं। आईआईटी की ओर से दी गयी रिपोर्ट सही नहीं लग रही है। ऐसे में अब कंसलटेंट की रिपोर्ट का इंतजार है, कंसलटेंट की रिपोर्ट के बाद प्राधिकरण यह तय करेगा कि बजट बढ़ाना है या नहीं।

## गाजियाबाद से अयोध्या के लिए जल्द शुरू होगी फ्लाइट

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से जल्दी अयोध्या और प्रयागराज के लिए हवाई सुविधाएं शुरू होने वाली है इसकी तैयारी की जा रही है इसके अलावा से प्रस्तावित शहरों की उड़ान भी होगी। साल 2019 में हिंडन एयरपोर्ट से 3 शहरों के लिए उड़ान शुरू की गई थी जिसमें पिथौरागढ़, हुबली और कलबुर्गी शामिल थे। लेकिन 9 सीटर 40 सीटर वाली जहाज उड़ाने वाली कंपनियों ने तकनीकी कारणों से हाथ खींच लिए और यह तीन उड़ान बंद हो गई। फिलहाल हिंडन एयरपोर्ट से कोई भी उड़ान सेवा नहीं चल रही है सरकार हिंडन एयरपोर्ट से अयोध्या और प्रयागराज के लिए उड़ान शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद वीके सिंह ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट बनने के साथ शर्त थी इसके 150 किलोमीटर के दायरे से कोई भी आखिरी उड़ान शुरू नहीं की जा सकेगी। अब इन शर्तों को समाप्त कर दिया गया है। लखनऊ से प्रयागराज के लिए यहां से सबसे ज्यादा मांग है।

# धर्मांतरण मामला: बद्दो को ई-मेल ड्राफ्ट के जरिए पाकिस्तान से हुक्म देते थे आका

● मोबाइल में मौजूद कुल 11 ईमेल आईडी संचालित मिलीं



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गेमिंग ऐप के जरिए नाबालिगों का धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के बारे में गाजियाबाद पुलिस के हाथ अहम जानकारी लगी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान में बैठे आका ई-मेल की ड्राफ्ट के जरिए शाहनवाज उर्फ बद्दो को अपना हुक्म देते थे।

मोबाइल और सीपीयू का डेटा निकलने के बाद बद्दो को रिमांड पर लेकर पुख्ता साक्ष्य जुटाए जाएंगे। गाजियाबाद पुलिस ने बद्दो के मोबाइल और उसमें मौजूद ई-मेल को रिट्रीव किया तो कुल 11 ईमेल आईडी संचालित मिलीं। खोजबीन करने पर इनमें संदिग्ध इनकमिंग और आउटगोइंग मेल नहीं मिलीं, लेकिन मेल का डेटा निकलवाने पर पता चला कि ई-मेल भेजने या प्राप्त करने की बजाय ड्राफ्ट के जरिए संदेश का आदान-प्रदान किया जाता था। गिरोह के लोग ई-मेल ड्राफ्ट के जरिए संदेशों का आदान-प्रदान करते थे।

मेल आईडी का पासवर्ड साझा करके उसे कई जगह खोल लिया जाता था। इसके बाद एक व्यक्ति मेल के ड्राफ्ट में अपना संदेश लिखकर छोड़ देता था। दूसरा व्यक्ति ड्राफ्ट खोलकर मैसेज पढ़ लेता और फिर उसमें लिखे संदेश को डिलीट कर देता था। बद्दो के मोबाइल में मिलीं 11 ई-मेल आईडी में से पांच पाकिस्तान से जनरेट हुई हैं। इनमें एक ई-मेल आईडी फ्रांस और एक ई-मेल आईडी कतर से भी जनरेट हुई है। दो ई-मेल आईडी वर्ष 2006 में, एक आईडी वर्ष 2015 में, एक 2021 में और एक 2022 में जनरेट हुई हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र का कहना है कि मेल आईडी का डेटा एनालिसिस कराया जा रहा है।

# नोएडा के हर्षित कंसल ने जेईई एडवांस में लहराया परचिम, 16वीं रैंक हासिल की

● सेक्टर-52 में रहने वाले हर्षित ने 360 में से 314 अंक प्राप्त किए



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आआइटी में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई एडवांस में नोएडा के हर्षित कंसल ऑल इंडिया 16वीं रैंक प्राप्त की है। सेक्टर-52 में रहने वाले हर्षित ने 360 में से 314 अंक प्राप्त किए हैं। उनके भौतिक विज्ञान में 112, रसायन विज्ञान में 110 और गणित में 92 अंक मिले हैं। जेईई मेन्स में उनकी 242 रैंक थी। बाल भारती पब्लिक स्कूल से इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा 99 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है, जबकि 10वीं में उनके 99.8 प्रतिशत अंक थे। हर्षित ने बताया कि उन्होंने 11वीं से तैयारी शुरू कर दी थी। बचपन से उनका फोकस रटने की बजाय चीजों को समझने पर ज्यादा रहा। ऐसे में बहुत ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। नियमित पांच घंटे की सेल्फ स्टडी की। तैयारी के लिए उन्होंने कोचिंग भी की। एनसीईआरटी के साथ अलग-अलग रिफरेंस बुक की भी मदद ली। माक टेस्ट लागतार दिए। तैयारी कर रहे छात्रों को भी उनकी यही सलाह है कि पढ़ाई के साथ टेस्ट सीरीज लगातार देते रहे। इससे आपको प्रश्नों का प्रारूप समझने में आसानी होगी। उनके पिता हरकुश गुप्ता का अपना व्यवसाय है व मां करुणा गुप्ता गृहणी है।

## व्यस्तम समय में 33 मांगों पर भारी वाहन प्रतिबंधित

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 33 रास्तों पर व्यस्त समय में मालवाहक एवं भारी वाहन प्रतिबंधित हो गए है। इसके लिए यातायात पुलिस ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

सुबह सात से 11 और शाम पांच से 10 बजे तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। नियम तोड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर रोजाना सुबह और शाम जाम की समस्या रहती है। व्यस्त समय पर भारी और मालवाहन न चलने से एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। सेक्टर-14ए फ्लाई ओवर से परी चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर आटो व ई-रिक्शा आदि वाहनों का पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया।

# 26वीं मंजिल के फ्लैट में लगी आग, परिवार बाल-बाल बचा

● फायर सिस्टम फेल, सोसाइटी में मचा हड़कंप



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित पंचशील ग्रीन्स-1 हाउसिंग सोसायटी में स्थित एक फ्लैट में आग लग गई। इस घटना के बाद पूरी सोसाइटी में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह आग एसी में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लगी है। जिसकी वजह से पूरा फ्लैट धुएं से भर गया। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना रविवार दोपहर की है। पंचशील ग्रीन्स वन हाउसिंग सोसाइटी में स्थित एफ ब्लॉक के 26वीं मंजिल पर आग लग गई। हादसे के वक्त घर में काफी लोग मौजूद थे। फायर सिस्टम ने काम नहीं किया। सोसाइटी का फायर नहीं चलने की वजह से लोगों ने खुद किसी तरीके से आग पर काबू पाया है। इस मामले में निवासियों का कहना है कि पंचशील बिल्डर के द्वारा लगाए गए फायर सिस्टम खराब हो गए हैं। इसकी शिकायत मेंटेनेंस डिपार्टमेंट से की गई, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। अगर थोड़ी सी भी देरी हो गई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जिस समय फ्लैट में आग लगी, उस समय पूरा परिवार मौजूद था। इस घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार



खेरली नहर पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधिकारी।

### कार सवार युवती ने बच्चे के पैर पर चढ़ाया पहिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा के सेक्टर-चार में कार सवार युवती ने पांच साल के बच्चे के पैर पर पहिया चढ़ा दिया। इससे बच्चा जोर-जोर से रोने लगा। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इंदिरापुरम पुलिस को रिपोर्ट कराई है। वसुंधरा सेक्टर-चार बी में रहने वाले आरके तोमर का पांच वर्षीय नाती आरव अपनी मम्मी और नानी के साथ बाजार में गया था। देर रात वह घर लौट रहे थे। तभी वसुंधरा सेक्टर-छह में वार्तालोक के कोने पर कार सवार युवती ने लापरवाही से कार बच्चे के पैर पर चढ़ा दी। उसके पैर से खून निकलने पर दोनों लोग तुरंत डॉक्टर के पास ले गए। आरोपी युवती कार लेकर भाग गई। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि कार नंबर के आधार पर युवती की तलाश कर रहे हैं।

### दुकान पर शराब खरीदार को बुरी तरह पीटा

**नोएडा।** नोएडा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो शहर के एक वाइन शॉप का है। जहां वाइन शॉप के कुछ कर्मचारी शराब लेने आए खरीदार के साथ मारपीट कर रहे हैं। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने वाइन शॉप के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला कोतवाली 49 का है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार की देर रात थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-41 स्थित शराब की दुकान में शराब के पैसे के लेन-देन को लेकर कर्मचारी और युवक के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद वाइन शॉप के कर्मचारी ने युवक को पीट दिया। इसका वीडियो नजदीक में खड़े एक युवक ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान में लेकर मारपीट कर रहे दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी भीम राघव और सूबेदार पटेल है।

### दस जुलाई से लगेगा बागेश्वर प्रमुख का दरबार

**नोएडा।** बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आगामी 10 जुलाई से लेकर 16 जुलाई तक ग्रेटर नोएडा में रहेंगे। धीरेंद्र शास्त्री ग्रेटर नोएडा में एक कार्यक्रम करेंगे। यहां पर उनका दरबार लगेगा। उससे पहले 9 जुलाई को ग्रेटर नोएडा शहर में सुबह 8:00 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। फिर 12 जुलाई की सुबह 10:00 बजे महादेव के दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह पूरा कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा के जेतपुर मेट्रो डिपो के पास होगा। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है और भूमि पूजन भी हो गया है। इस आयोजन को अमृत कल्याण सेवा ट्रस्ट करवा रहा है। ग्रेटर नोएडा से पहले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कर्नाटक में दो दिवसीय दरबार लगाया था। उसके बाद वह एकांतवास में चले गए थे। अब एकांतवास से आने के बाद वह ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को नोएडा मीडिया क्लब में प्रेस वार्ता है। ग्रेटर नोएडा में बाबा का कार्यक्रम 7 दिनों तक चलेगा। आयोजकों का दावा है कि इस कार्यक्रम में देशभर से भक्त और श्रद्धालु पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि यहां पर अब तक का सबसे बढ़ा पंडाल लगेगा। आपको बता दें कि बागेश्वर प्रमुख का कहना है कि वह भारत को अखंड भारतवर्ष के रूप में देखना चाहते हैं। धीरेंद्र शास्त्री भगवान हनुमान के बहुत बड़े भक्त हैं। इसके अलावा उनको चाय पीने का भी काफी ज्यादा शौक है। धीरेंद्र शास्त्री कहते हैं कि वह अपने बाबा की झूठी चाय पीते थे।

# सेक्स रैकेट का खुलासा, संचालक समेत नौ गिरफ्तार

● युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर-5 में मेट्रो स्टेशन के पास एक बिल्डिंग की पहली मंजिल पर फ्लैट में शनिवार रात पुलिस की कार्रवाई में देह व्यापार का भंडाफोड़ हुआ। मौके से संचालिका समेत नो लोग पकड़े गए हैं। छापे के दौरान युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

पूछताछ में पता चला कि संचालिका ने दिल्ली के युवक से एक सप्ताह पूर्व ही नौ हजार रुपये किराए पर फ्लैट लिया था। पुलिस को फ्लैट से लैपटॉप, मोबाइल, आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि देर शाम छापा मारा गया। पुलिस को देखकर संचालिका और अन्य युवतियां इधर-उधर भागने लगीं। पुलिस ने संचालिका समेत दो को अपने घेरे में लिया। इनके अलावा फ्लैट से सात युवक भी पकड़े गए, जो साहिबाबाद, बिहार, विजयनगर, सरोजनी नगर दिल्ली, वसुंधरा, मोदीनगर और लिंकरोड के थे। इनमें एक युवक संचालिका का सहयोगी है जबकि छह युवक ग्राहक हैं। पुलिस पूछताछ में युवती ने आरोप लगाया कि वह कुछ दिन पहले संचालिका के पास झाड़ू-पोछा का काम मांगने आई थी लेकिन संचालिका ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बना लिए। उन्हें वायरल करने की धमकी देकर उसे देह व्यापार के गलत धंधे में धकेल दिया।

उधर, साहिबाबाद के पेसेफिक मॉल में देह व्यापार का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी रॉयल स्पा सेंटर के संचालक गौरव वर्मा को स्वाट टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वह लगातार पुलिस से बचने के लिए रिश्तेदारी और अन्य जगह पर छुप रहा था। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि रॉयल स्पा सेंटर का मालिक गौरव वर्मा निवासी राजीव नगर मंडोली थाना हर्ष विहार दिल्ली बीमारी का बहाना बनाकर जगह-जगह छुप रहा था।

# अस्पताल के बाहर गर्भवती को हुआ दर्द, नर्स ने ऑटो में कराई डिलीवरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल के बाहर एक मां ने अपने बच्चे का जन्म ऑटो रिक्शा में दिया है। जानकारी के मुताबिक, महिला गाजियाबाद के खोड़ा की निवासी है। खोड़ा से ऑटो रिक्शा पर सवार होकर महिला अपने परिजनों के साथ जिला अस्पताल पहुंची। जहां अधिक प्रसव पीड़ा होने अस्पताल के कर्मचारियों ने ऑटो में प्रसव करवाया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। मोंटू ने बताया कि पत्नी को जब प्रारंभिक दर्द शुरू हुई, तो उसे लेकर तुरंत अस्पताल नहीं पहुंचे। जब पीड़ा अधिक होने लगी और प्रसव का समय करीब आ गया, तब अस्पताल लेकर पहुंचे। रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने लगी। उसे तत्काल डॉक्टरों की आवश्यकता थी। जानकारी मिलते ही डॉक्टर, नर्स और सहायक कर्मचारी प्रसूति की सामग्री लेकर दौड़ते हुए ऑटो के पास पहुंचे। महिला की हालत देखी, तो उसे अस्पताल तक ले जाना खतरे से खाली न था, इसलिए ऑटो में ही प्रसूति प्रक्रिया पूरी गई।

# ग्रेनो वेस्ट में घर खरीदारों का धरना जारी बोले-थाली बजाओ, सरकार को जगाओ

● चुनाव में किया वादा अभी तक पूरा नहीं : नेफोवा अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

लगातार 28 हफ्ते रविवार को घर खरीदारों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट का एकमूर्ति चौराहा घर खरीदारों की इंसाफ की लड़ाई का केंद्र बन गया है। गौतम बुद्ध की मूर्ति के नीचे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखी। घर खरीदारों का कहना है कि 28 हफ्ते के विरोध प्रदर्शन की वजह से ही रजिस्ट्री और लोगों को घर देने के मुद्दे पर सरकार व अथॉरिटी सक्रिय दिख रही है, लेकिन जब तक रजिस्ट्री शुरु नहीं हो जाती और घरों के रुके काम शुरु नहीं होते प्रदर्शन जारी रहेगा।

नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि इतनी कड़ी धूप के बावजूद जिस बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं, वो बताने के लिए काफी है कि अपने अधिकारों को लिए बिना अब पीछे नहीं हटेंगे। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे दीपांकर कुमार, श्वेता भारती, राजकुमार, चंदन सिन्हा, महेश यादव, रंजना भारद्वाज, रोहित मिश्रा और ज्योति जायसवाल का कहना है कि कई सालों से वो रजिस्ट्री नहीं होने की वजह से परेशानी का सामना कर रहे हैं। इसका हल निकलना बहुत जरूरी है। सरकार ने वादा किया था चुनावों के वक्त लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं हुआ है। उनका ये भी कहना है कि घर ख़रीदार एक मंच पर जुटे हुए हैं और ये बहुत बड़ी बात है। अधिकार लिए बिना वापसी का सवाल ही नहीं उठता है।

## ग्रेटर नोएडा में लव जिहाद का शिकार हुई लड़की

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नौकरी करने वाली एक हिंदू लड़की को लव जिहाद के षड्यंत्र में फंसाया गया। फिर नोएडा से अगवा करके हिंदू लड़की को आगरा ले जाया गया।

वहां पर उसका निकाह एक मुस्लिम युवक के साथ करवाया जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर पूरे षड्यंत्र को नाकाम कर दिया। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौलवी के पहुंचने से पहले उस ल?के को गिरफ्तार कर लिया गया, जो हिंदू लड़की से शादी कर रहा था। शादी करने के बाद हिन्दू लड़की का धर्म परिवर्तन करवा देता।



गाजियाबाद के राजेंद्र नगर स्थित वार्ड 85 में पार्षद प्रमोद राघव के यहां भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

# दलित प्रेरणा स्थल में नहीं होंगी शादी और समारोह

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद बदला फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

स्मारक समिति बोर्ड ने फैसला लिया था कि अब नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित दलित प्रेरणा स्थल में शादियां और पार्टियां हो सकेगी।

स्मारक समिति बोर्ड के इस फैसले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद स्मारक समिति को अपना फैसला वापस लेना पड़ा है। बताया जा रहा है कि इसकी मुख्य वजह बुकिंग की कीमत ज्यादा होना है। योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद स्मारक समिति बोर्ड को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। अब नोएडा या लखनऊ में स्थित स्मारक समिति बोर्ड में कोई भी शादी या पार्टी नहीं हो सकेगी। दलित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने किया था। मायावती शासनकाल में ही नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे दलित प्रेरणा स्थल बनाया गया। इसका उद्घाटन 14 अक्टूबर 2011 को किया गया। मिली रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिदिन इसमें 1,000 से भी ज्यादा लोग आते हैं।

नोएडा में स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में एक मिनी संग्रहालय भी है। यह 33 एकड़ भूमि पर बनाया हुआ है। इसमें संत कबीर, भीमराव अंबेडकर, छत्रपति शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फूले, काशीराम और मायावती की बड़ी-बड़ी प्रतिमा लगी हुई है। इसके अलावा हाथी और घोड़े भी लगाए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस दलित मैदान को बनाने में करीब 680 करोड़ रुपए की लागत आई थी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर प्रचार करने का लिया संकल्प

● प्रदेश महामंत्री ने केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा भारतीय जनता पार्टी का संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन भाजपा कार्यालय सेक्टर-116 में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की।

मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी एवं सांसद डॉ महेश शर्मा इस कार्यक्रम में रहे। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया गया और घर-घर जाकर लोगों के मध्य प्रचार करने का संकल्प लिया। सुभाष यधुवंशी ने कहा कि 2014 तक 18 करोड़ से ज्यादा ऐसे परिवार थे, जहां नल से जल ही नहीं आता था। भाजपा सरकार से पहले सिर्फ 14 करोड़ लोगों के पास ही गैस कनेक्शन थे।

बीजेपी ने वन रैंक वन पेंशन को लागू किया। इसका लाभ राजस्थान के भी करीब 2 लाख पूर्व सैनिकों को मिला है। फसल बीमा योजना से किसानों को सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा, पशुपालकों और मछली पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा और किसानों को 11 करोड़ से अधिक सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# साक्षी और बबीता फोगाट के बीच ट्विटर दंगल

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की स्वीकृति को लेकर पहलवानों ने एक-दूसरे पर साधा निशाना

● ओलंपिक पदक विजेता ने कहा, हमारे विरोध को कमजोर करने का प्रयास किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**पहलवान बबीता फोगाट ( बाएं ) और साक्षी मलिक पति सत्यव्रत कादियान के साथ ( दाएं )।** -फाइल फोटो

ओलंपिक खेलों की पदक विजेता साक्षी मलिक ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट पर आरोप लगाया कि वह पहलवानों का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए कर रही हैं। साक्षी और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने शनिवार को भी वीडियो पोस्ट करके आरोप लगाया था कि बबीता और भाजपा के एक अन्य नेता तीरथ राणा ने शुरुआत में पहलवानों के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की स्वीकृति ली थी।

वे दोनों इस तथ्य को साबित करने का प्रयास कर रहे थे कि कांग्रेस पार्टी उनके विरोध के पीछे नहीं है। साक्षी ने रविवार को ट्वीट किया, वीडियो (शनिवार को डाले गए) में हमने तीरथ राणा और बबीता फोगाट पर तंज कसा था कि कैसे वे अपने स्वार्थ के लिए पहलवानों को इस्तेमाल करना चाह रहे थे और कैसे पहलवानों पर जब विपदा पड़ी तो वे जाकर सरकार की गोद में बैठ गए।

उन्होंने कहा, हम मुसीबत में जरूर हैं लेकिन हास्यबोध इतना कमजोर नहीं हो जाना चाहिए कि ताकतवर को काटी चुटकी पर आप हंस भी न पाएं। राणा ने हालांकि इन आरोपों को खारिज किया कि उन्होंने पहलवानों का इस्तेमाल निजी स्वार्थ के लिए किया।

उन्होंने कहा, पहलवान आए और मेरे से मिले (विरोध शुरू करने से पहले) और उन्होंने हम से कहा कि उनका शोषण किया गया है। हमने कहा कि हम अपनी बहनों और बेटियों के साथ हैं। न्याय की लड़ाई में मैं खिलाड़ियों के साथ हूं। मैं पहले भी उनके साथ था और अब भी हूं।

राणा ने वीडियो में कहा, देखिए, पहलवान देश का गौरव हैं और भाजपा के लिए खिलाड़ियों का सम्मान सर्वोच्च है और मैं भी उनका काफी सम्मान करता हूं। मैंने हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

वीडियो को व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किया गया था जिसे वीडियो से जुड़ी जानकारी प्रसारित करने के लिए बनाया गया था और बाद में डिलीट कर दिया गया।

साक्षी, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है और उसे गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। कादियान और साक्षी ने एक पत्र भी दिखाया जिसमें कथित तौर पर दिखाया गया है कि बबीता और राणा ने जंतर-मंतर पुलिस थाने से पहलवानों के धरने की स्वीकृति ली थी। संसद के नए भवन के उद्घाटन के दिन उसकी ओर बढ़ने के प्रयास में प्रदर्शनकारी पहलवानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसके एक दिन बाद प्रदर्शनकारी पहलवान अपने पदकों को विसर्जित करने हरिद्वार पहुंचे थे लेकिन ऐसा नहीं करने के लिए उन्हें मना लिया गया।

कादियान ने दावा किया कि अगर वे यह कदम उठाते तो हिंसा हो सकती थी।राणा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, इस तरह की कोई बात नहीं हुई कि ऐसा करने (पदकों को विसर्जित करने) से हिंसा होगी।

खिलाड़ियों के बीच गुस्सा था और उन्होंने फैसला किया कि वे अपने पदक गंगा में विसर्जित करेंगे लेकिन देश के लोगों का मानना था कि खिलाड़ियों को ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए।

## फादर्स-डे



**राजधानी में रविवार को फॉदर्स डे पर अपने बच्चे को धूप और तपिश से बचाने की कोशिश करता एक पिता।** फोटो : रंजन डिमरी

# राजधानी में तीन हत्याओं पर आप ने कानून व्यवस्था पर साधा निशाना

● केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा, घटना व्यक्तिगत दुश्मनी का नतीजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी।**



**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।**

राजधानी में रविवार को दो महिलाओं और एक छात्र की हत्या पर कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था अगर उपराज्यपाल के बजाय आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के अधीन होती, तो राष्ट्रीय राजधानी सबसे सुरक्षित होती।

केजरीवाल की टिप्पणियों पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि केजरीवाल कानून को नहीं समझते हैं।

केजरीवाल की यह टिप्पणी रविवार सुबह दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम में अज्ञात हमलावरों द्वारा दो महिलाओं की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद आई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में लिखा कि दोनों महिलाओं के परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें। दिल्ली के लोग काफी असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। जो लोग दिल्ली की कानून व्यवस्था को संभालने के लिए जिम्मेदार हैं, वो कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय पूरी दिल्ली सरकार पर कब्जा करने का षड्यंत्र कर रहे हैं।

केजरीवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए लेखी ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को याद दिलाना चाहती हूं कि यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जिनके विधायक दिल्ली दंगों में शामिल थे।

वे आईबी (खुफिया ब्यूरो) के अधिकारी अंकित की हत्या में शामिल थे। गुलेल (कैटापोल्ट्स), बंदूकों और पेट्रोल बमों की आपूर्ति इन्हीं लोगों द्वारा की गई थी। क्या ऐसे लोगों को कानून और व्यवस्था की जिम्मेदारी दी जा सकती है। केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि आरके पुरम की घटना व्यक्तिगत दुश्मनी का नतीजा है और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

उन्होंने कहा कि जहां भी ऐसी घटना हुई है, सरकार की भूमिका प्राथमिकी दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें कानून के तहत अदालत में पेश करने की है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत की व्यवस्था दिल्ली सरकार के अधीन है।

इसलिए, जब भी यह मामला अदालत में आए, तो आप यह सुनिश्चित करें कि दोषियों को सजा मिले। केजरीवाल के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर लेखी ने कहा कि जो व्यक्ति कानून को नहीं समझता, वह मुख्यमंत्री बनकर बैठा है।

# जो रेलगाड़ी नहीं चला सकते, वे देश कैसे चलाएंगे: केजरीवाल

● मुख्यमंत्री के ट्वीट पर भाजपा ने डीटीसी को लेकर किया पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भारतीय रेलवे के तहत आने वाली रेलगाड़ियों के वातानुकूलित (एसी) और शयनयान (स्लीपर) श्रेणी के डिब्बों की स्थिति सामान्य डिब्बों की तुलना में बदतर है।

उन्होंने सवाल किया कि यदि भाजपा रेलवे का उचित ढंग से संचालन करने में असमर्थ है, तो वह देश को कैसे चला सकती है। केजरीवाल के ट्वीट को लेकर भाजपा ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों की हालत को लेकर उन पर निशाना साधा।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने कई ट्वीट को रीट्वीट किया, जिसमें लोगों ने वातानुकूलित और शयनयान श्रेणी के डिब्बों में ऐसे लोगों की भीड़ होने की शिकायत की थी, जिनके पास आरक्षित टिकट नहीं होती। केजरीवाल ने कहा, अच्छी खासी चलती हुई रेलवे का इन्होंने बेड़ा गर्क कर दिया। आज एसी डिब्बे की भी अगर आप आरक्षित टिकट लेंगे, तो आपको बैठने या सोने के लिए सीट नहीं मिलेगी।

एसी और स्लीपर कोच जनरल (सामान्य श्रेणी के डिब्बे) से ज्यादा बदतर हो गए हैं। इन्हें सरकार चलानी ही नहीं आती। इन्हें समझ ही नहीं है। अनपढ़ सरकार है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, जो रेलगाड़ियां नहीं चला सकते, वे देश कैसे चलाएंगे। उनके ट्वीट को टैग करते हुए, भाजपा की दिल्ली इकाई ने डीटीसी की उन बसों के दृश्य साझा किए, जिनमें आग लग गई थी और कहा केजरीवाल पहले डीटीसी संभालो। उन्होंने कहा कि जो डीटीसी नहीं चला सकते, वह दिल्ली कैसे चलाएंगे।

### केंद्र सरकार को देशवासियों की सुरक्षा की परवाह नहीं : आप

**नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर देश व प्रदेश में होने वाली विभिन्न घटनाओं को लेकर निशाना साधा है। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने राजधानी में महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं, ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा और 46 दिनों में मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र पर हमला बोला।**

# कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी, अगले दो दिन बादल छाने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव के कारण दो दिन बौछारें पड़ने के बाद रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में घने काले बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार शहर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई, लेकिन यह बहुत हल्की रही। इससे मौसम काफी सुहाना रहा और गर्मी की तपिश से निजात मिल गई।

राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। अधिकतम तापमान भी 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 69 फीसदी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिन बादल रहेंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम तापमान 38-39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# ठगों ने अमेरिकी नागरिकों से वसूले दो करोड़ डालर, चार गिरफ्तार

● दिल्ली पुलिस ने एफबीआई व इंटरपोल की मदद से किया गिरोह का भंडाफोड़

● दिल्ली व युगांडा में चल रहे थे फर्जी कॉलसेंटर, पोर्नोग्राफी में फंसा करते थे वसूली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**फर्जी कॉल सेंटर से ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पेश करती पुलिस टीम।**

फर्जी कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों से दो करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की ठगी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी युगांडा और दिल्ली सहित भारत के कई हिस्सों में कॉल सेंटर संचालित करते थे। इन्हीं कॉल सेंटर के जरिए ठगी का धंधा चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) और इंटरपोल के सहयोग से गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पार्थ अरमरकर (28), वत्सल मेहता (29), दीपक अरोड़ा (45) और प्रशांत कुमार (45) को देश के अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया गया है।

### ऐसे काम करता था गिरोह

गिरोह कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाते थे और उनहें चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में फंसाने की धमकी देकर उनसे लाखों डॉलर वसूलते थे। ये लोग अपने शिकार को अमेरिका के वॉशिंगटन इंटरपोल के डायरेक्टर और ड्रग इनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) के डॉक्टर उत्तम ढिल्लो के नाम से डराते थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि उत्तम ढिल्लो नशा तस्करों और चाइल्ड पॉर्नोग्राफी करने वाले लोगों की धरपकड़ करने के मामले में अमेरिका में बहुत बड़ा नाम है। इसलिए जब पीड़ित गूगल पर उत्तम ढिल्लो के बारे में सर्च करते थे तो वाकई में उनका नाम आ जाता था। इसके बाद पीड़ित आरोपियों से मामला रफा-दफा करने को लेकर सौदेबाजी करने लगते थे। यह गिरोह किसी भी मामले में एक लाख डॉलर से कम में सौदा नहीं करते थे और पीड़ित से सोना, डॉलर, क्रिप्टो करेंसी या अन्य सुरक्षित माध्यम से वसूली करते थे।

गुजरात के अहमदाबाद का मूल निवासी मेहता गिरोह का सरगना है। वह युगांडा स्थित कॉल सेंटर के कामकाज की निगरानी करता था।

विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) एच एस धालीवाल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त मुखबिरों, एफबीआई और इंटरपोल के माध्यम से सूचना मिली थी कि भारत, अमेरिका और युगांडा में स्थित कुछ अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी अमेरिकी आंतरिक राजस्व सेवा, सामाजिक सुरक्षा प्रशासन, औषधि प्रवर्तन प्रशासन और अन्य अमेरिकी एजेंसियों के कर्मचारियों के रूप में खुद को पेश कर कॉल सेंटर चला रहे थे।

# मजबूत इच्छाशक्ति से शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन संभव

● मंत्री आतिशी ने कहा, सरकारी स्कूलों को लेकर छात्रों और शिक्षकों को गर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में दिल्ली का विश्व स्तरीय शिक्षा मॉडल को रखते हुए उपलब्धियां साझा कीं।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली के एजुकेशन मॉडल में आए परिवर्तन इस इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि यदि सरकारों में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो परिवर्तन निश्चित रूप से संभव है।

बता दें कि शिक्षा मंत्री आतिशी दिल्ली के शिक्षा सचिव व एमसीडी के शिक्षा निदेशक सहित एससीईआरटी के वरिष्ठ फैकल्टी के साथ ब्रिटेन के दौरे पर है। जहां वे यूके के टॉप संस्थानों के साथ संभावित भविष्य की साझेदारी के लिए चर्चा कर रहे है। ताकि वहाँ के मॉडल को अब दिल्ली में एमसीडी के स्कूलों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए अपनाया जा सके।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हमने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमने स्कूलों को शानदार बनाना शुरू कर दिया और छात्रों तथा शिक्षकों को हर ज़रूरी सुविधाएँ मुहैया करवाई। हमने राज्य के कुल बजट का 25 फीसदी शिक्षा को आवंटित किया। जो देश में किसी भी राज्य से अधिक था। शिक्षा पर सरकार के यह निवेश स्कूलों के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार लाने में मददगार बनी। एक तब का दिन था और एक आज का दिन है जहां दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे सम्मान और गौरवान्वित महसूस करते है। स्कूलों में वर्ल्ड क्लास बिल्डिंग, सुविधाएं और यहां तक कि छात्रों की एथलेटिक प्रतिभा को निखारने के लिए सेमी ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल और एस्ट्रो टर्फ सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल के बुनियादी ढांचे भी शामिल हैं।

### मणिपुर में हिंसा के लिए भाजपा जिम्मेदार : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मणिपुर में हिंसा के लिए रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया और पूर्वोत्तर राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में सरकार की कथित विफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अक्षम करार दिया।

आप के राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में है, देश में अमन-चैन कायम नहीं रह सकता। आप नेता ने कहा कि डेढ़ महीने से ज्यादा समय से मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं। उन्होंने मणिपुर के लिए एक अक्षर भी नहीं बोला है।

# एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर पर होगा सबसे लंबा प्लेटफॉर्म

● दिल्ली मेट्रो के फेज-4 में सिल्वर लाइन कॉरिडोर पर 289 मीटर लंबा निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के एरोसिटी-तुगलकाबाद सिल्वर लाइन कॉरिडोर पर सबसे लंबा प्लेटफार्म बनेगा जिसकी लंबाई 289 मीटर होगी। रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

एरोसिटी- तुगलकाबाद सिल्वर लाइन कॉरिडोर के लिए काम पहले ही शुरू हो चुका है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार, चरण-4 में भूमिगत मेट्रो स्टेशनों की सामान्य लंबाई लगभग 225 मीटर है, लेकिन यह नया स्टेशन 289 मीटर की लंबाई के साथ फेज-4 के सभी स्टेशनों में सबसे लंबा होगा। डीएमआरसी ने बयान में कहा, इसकी व्यापक लंबाई को अनुमानित यात्री यातायात को समायोजित करने के लिए सावधानी से डिजाइन किया गया है, क्योंकि भविष्य में इस स्टेशन पर एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन, सिल्वर लाइन और गुरुग्राम, मानेसर और अलवर को जोड़ने वाले आरआरटीएस कॉरिडोर से कनेक्टिविटी की सुविधा होगी। बयान के अनुसार एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन, सिल्वर लाइन और आरआरटीएस कॉरिडोर के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन 23 मीटर की गहराई पर बनेगा। बयान में कहा गया है कि यह स्टेशन एक टर्मिनल स्टेशन होगा, जो फरीदाबाद के एनसीआर शहर से दक्षिण दिल्ली के साथ-साथ पश्चिमी दिल्ली और विशेष रूप से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधा संपर्क प्रदान करेगा।

डीएमआरसी के अनुसार तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर, शहर के मेट्रो नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसका उद्देश्य महरौली-बदरपुर रोड, छतरपुर एक्सटेंशन और महिपालपुर क्षेत्र में परिवहन की बढ़ती मांगों को पूरा करना है।

बयान में कहा गया है, यह यात्रियों के लिए एक जीवन रेखा के रूप में काम करेगा, यात्रा के समय को कम करेगा, और परिवहन का एक विश्वसनीय साधन उपलब्ध कराएगा। स्टेशन दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और नोएडा के निवासियों को तेज गति से हवाई अड्डे तक पहुंचने में मदद करेगा।

ज्ञात हो एरोसिटी से तुगलकाबाद तक चलने वाली सिल्वर लाइन को मेट्रो लाइन 10 भी कहा जाता है। सिल्वर लाइन खुलने से फरीदाबाद में दूर-दराज के इलाकों के यात्रियों को तुगलकाबाद इंटरचेंज पर उतरने से समय की बचत होगी।

साथ ही एयरपोर्ट से सीधे तौर पर जुड़ने का का फायदा मिलेगा। सिल्वर लाइन पर चार इंटरचेंज स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर पर एरोसिटी, छतरपुर और साकेत जी ब्लॉक इंटरचेंज स्टेशन होंगे। तुगलकाबाद इंटरचेंज स्टेशन मौजूदा सरिता विहार डिपो को भी एक सुरंग के जरिये जोड़ेगा।

येलो लाइन से यह छतरपुर में लिंक होगी, तुगलकाबाद स्टेशन को वायलेट लाइन और साकेत जी-ब्लॉक स्टेशन को ब्राउन लाइन से जोड़ा जाएगा। परियोजना के 2025 में पूरा होने की उम्मीद है।

# मुकदमे की सुनवाई में हुई देरी अदालत ने आरोपी को दी जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने डकैती के एक मामले में एक आरोपी को यह कहते हुए जमानत दे दी कि मुकदमे में काफी समय लगेगा।

अवकाशकालीन न्यायाधीश अपर्णा स्वामी ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए आरोपी सागर को राहत प्रदान की। उच्चतम न्यायालय के उस फैसले के मुताबिक, जमानत आवेदनों का निर्णय करते समय मुकदमे के निष्कर्ष में देरी के महत्वपूर्ण कारक को अदालत द्वारा निश्चित रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, मौजूदा आरोपी की कोई अन्य संलिप्तता नहीं है। इसके मुकदमे में काफी समय लगेगा। आरोपी को हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसी को देखते हुए आरोपी सागर को जमानत दी जाती है। सागर को यह राहत 50,000 रुपये के मुचलके और इतने की ही एक स्थानीय जमानत राशि पर दी गई। न्यायाधीश ने आरोपी को जांच अधिकारी द्वारा बुलाने पर जांच में शामिल होने और अदालत की अनुमति के बिना दिल्ली नहीं छोड़ने का निर्देश भी दिया।

उन्होंने 12 जून को पारित एक आदेश में कहा कि आरोपी सबूतों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेगा। आरोपी को दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# मानेसर में बनेगा गुरुग्राम का सबसे बड़ा महिला नर्सिंग कॉलेज





गुरुग्राम के मानेसर में जनसभा को संबोधित करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। दूसरे चित्र में मंचासीन उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य नेता।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### आईएमटी मानेसर में महिला नर्सिंग कॉलेज के लिए आठ एकड़ जमीन चिन्हित

### उप-मुख्यमंत्री ने जनसभा में की यह घोषणा जिले के लाखों को लोगों मिलेगा लाभ

### उप-मुख्यमंत्री ने रविवार को करीब दो दर्जन कार्यक्रमों में की शिरकत

**आईएमटी** मानेसर में महिला नर्सिंग कॉलेज बनाया जाएगा। इसके लिए आईएमटी एरिया में आठ एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। इसकी जानकारी केंद्र सरकार को भी दी जा चुकी है। ईएसआई की मदद से बनने वाला यह महिला नर्सिंग कॉलेज गुरुग्राम जिला का सबसे बड़ा नर्सिंग कालेज होगा।

यह जानकारी हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को जिला के दौरे के दौरान मानेसर में आयोजित जनसभा में दी। इससे पहले उन्होंने मानेसर पहुंचने पर राजकीय कन्या वरिष्ण माध्यमिक विद्यालय परिसर में बने शहीद राजेंद्र सिंह व शहीद सुमेर सिंह के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्तमान समय में मेडिकल क्षेत्र में बदलाव का दौर जारी है। ऐसे में आने वाले समय मे यह नर्सिंग कॉलेज हमारी मातृशक्ति को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में विभिन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

पातली हाजीपुर में 140 एकड़ क्षेत्र में फ्लिपकार्ट द्वारा एशिया का सबसे बड़ा वेयर हाउस बनाया जा रहा है, जिससे गुरुग्राम व आसपास के क्षेत्र में करीब हजारों लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा। अब तक विकास की यात्रा में पिछड़े कहे जाए वाले सोहना-मेवात क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी मोबाइल बैटरी की उत्पादन यूनिट स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में आईटी क्षेत्र एक नया कीर्तिमान छू रहा है।

**48 घण्टे में किसानों को फसल बेचने की राशि का होगा भुगतान** : उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों को निरंतर धरातल पर उतारा जा रहा है। विकास की इस महत्वपूर्ण यात्रा में हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है, जहां 48 घण्टों के भीतर किसानों को उनकी फसल बेचने की राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसी तरह प्राकृतिक आपदा से फसलों को पहुंचे नुकसान की भरपाई भी एक महीने के भीतर की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसानों का समूह यदि 25 एकड़ पर किसी उद्योग स्थापित करना चाहता है तो सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार निरन्तर धरातल पर कार्य करते हुए प्रभावी कदम उठा रही है। सरकार ने पंचायतों में मातृशक्ति को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का देने का काम किया है। जिसके सुखद परिणाम अब सामने आ रहे हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हमारी महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूती के साथ काम रही हरियाणा सरकार ने इस दिशा में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेकर महिलाओं को भविष्य के सभी राशन डिपो का 33 प्रतिशत आवंटित करने का फैसला भी किया है। उप-मुख्यमंत्री ने गांव ढाणा में शहीद संदीप कुमार के स्मारक पर भी नमन किया।

## पंजीरी प्लांट को निगम की खाली जमीन पर शिफ्ट करने की करेंगे मांग: मंगतराम बागड़ी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### लक्ष्मण विहार के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ पूर्व पार्षद ने की बैठक

**भाजपा** नेता और पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी के कार्यालय में रविवार को वार्ड नंबर-10 (प्रस्तावित नया वार्ड नंबर-14) के प्रबुद्ध नागरिकों ने लक्ष्मण विहार में सामुदायिक भवन सहित बहुमंजिला फैसलिटी सेंटर की मांग को लेकर एक अहम बैठक की।

लगभग दो घंटे चली इस बैठक में पंजीरी प्लांट को गुरुग्राम नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर शिफ्ट करने की प्रदेश सरकार से मांग करने के लिए सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। हस्ताक्षर अभियान से इलाके के सभी परिवारों को जोड़ने के लिए 30 सदस्यीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में वार्ड के सभी ब्लॉक के 100 से अधिक मौजिज सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि वार्ड-10 के लक्ष्मण विहार के लोग पंजीरी प्लांट में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग वर्षों से करते रहे हैं। पिछली पंचवर्षीय योजना में ही प्रदेश के सीएम मनोहर लाल ने वर्ष 2014 के दौरान इस मांग को मानते हुए सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा की थी। 9 वर्ष बाद भी यह घोषणा सिरे नहीं चढ़ी और लोगों को छोटे छोटे आयोजनों के लिए भी दूसरे इलाके में जाना पड़ता है। विधायक सुधीर सिंगला ने भी विधानसभा में मार्च 2020 में इस मांग को प्रश्नकाल में मजबूती से उठाया। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जवाब में पंजीरी प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर भी विचार का आश्वासन दिया था। फिर भी कुछ नहीं हुआ।



गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार के प्रमुख नागरिकों के साथ बैठक करते पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### सब बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया गया है मेट्रो रूट



**गुरुग्राम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने मेट्रो निर्माण पर ओल्ड गुरुग्राम को जोड़ने की बात पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। ओल्ड गुरुग्राम को मेट्रो की मंजूरी मिलने के संदर्भ में पंकज डावर ने कहा कि यह मंजूरी ओल्ड गुरुग्राम वासियों के लिए नहीं मिली है। यह सिफ निजी संस्थानों और बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए आने वाले मेट्रो रूट को फाइनल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस रूट से सेक्टर-34 हीरो हौंडा चौक के आसपास सभी कंपनियों और सेक्टर-10 के आगे जितने बिल्डर वाले सेक्टर विकसित हुए हैं, उनको सबसे अधिक लाभ मिलेगा। ओल्ड गुरुग्राम का मेन रूट कापसहेड़ा बॉर्डर से बस स्टैंड और राजीव चौक से रेलवे स्टेशन का माना जाता है। इन दोनों रूटों पर वर्षों पुरानी विकसित सेंकड़ों कालोनियों को इस मेट्रो का कोई भी लाभ मिलने वाला नहीं है। यहां के लोगों के लिए मेट्रो में सफर करने के लिए उतनी ही दूरी इस मेट्रो निर्माण के बाद भी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी आज करनी पड़ती है। ऐसे में यह साफ है कि भाजपा सरकार ने ओल्ड गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ने का काम नहीं किया है। सरकार ने ओल्ड गुरुग्राम को मेट्रो से दूर करने का काम किया। इस निर्माण के बाद ओल्ड गुरुग्राम के सेंकड़ों कॉलोनी के लोग अपने क्षेत्र में मेट्रो से दूर हो जाएंगे,। क्योंकि इस रूट पर मेट्रो के निर्माण के बाद दूसरे रूट पर मेट्रो निर्माण कराना बाद में किसी भी सरकार के लिए मुश्किल हो जाएगा।

### भोंडसी के राजकीय स्कूल में मनेगा खंड स्तरीय योग दिवस

**सोहना।** विश्व योग दिवस 21 जून को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हजारों की संख्या में एक साथ सरकारी कर्मचारी-अधिकारी से लेकर स्कूली छात्र-छात्राएं, समाज सेवी और गणमान्य लोग योग करेंगे। जिसको लेकर जमकर तैयारियां की जा रही है। नागरिक अस्पताल सोहना में आयुष विभाग के प्रभारी डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि इस बार 21 जून को विश्व योग दिवस खंड स्तर पर भोंडसी के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी एसडीएम प्रदीप मलिक होंगे। सोहना विधायक संजय सिंह से लेकर सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, समाज सेवी, गणमान्य नागरिक एक साथ हजारों की संख्या में योग करेंगे। उन्होने बताया कि योग शिविर में भाग लेने वालों के लिए विशेष रुप से हर वर्ष की भांति प्रबंध किए जा रहे है। योग दिवस में भाग लेने के लिए सभी सरकारी विभागों को जानकारी दे दी गई है। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में रोग भगाने की नियम व योगाएं बताई जाएगी। जिससे वर्तमान समय में अनेक बीमारियों के चंगुल में आ रहा नागरिक बच सके। योग से केंसर जैसी जान लेवा बीमारी को मात दी जा सकती है। केंसर की बीमारी भारत वर्ष में बहुत ही तेजी से बढ़ रही है।

### मकान मालिक के पैसे और जेवरात लेकर फरार हुआ किराएदार

**सोहना।** शहर की वार्ड-3 की आर्दश नगर कॉलोनी में किरायादार मकान मालिक के पीछे से ताला तोड़ 20 हजार रुपये नकद व जेवरात चोरी कर ले गया। जिसकी मकान मालिक ने स्थानीय पुलिस थाना में मामला दर्ज करा दिया है। गांव रायसीना निवासी नवीन ने शहर थाना पुलिस को बताया कि उसने सोहना में भी अपना मकान आर्दश कॉलोनी में बनाया हुआ है। जिसमें नेपाल मूल का निवासी शिवा अपने परिवार के साथ करीब एक साल से किराए पर रह रहा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने मकान पर पहुंचा तो शिवा तथा उसके परिजन वहां से गायब थे। उसने अपने मकान में रखा सामान की जांच की तो 20 हजार रुपये नकद व सोना तथा चांदी के आभूषण गायब मिले। उसे पूरा शक है कि किराएदार शिवा ही उसकी नगदी तथा जेवरात लेकर भाग गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी व सोहना थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में गश्त के दौरान दो आरोपियों को सट्टे की खाई करते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तलाशी के दौरान 5360 रुपये बरामद किए है। आरोपियों के खिलाफ मामलें दर्ज किए गए। भोंडसी थाना में तैनात एसआई सतीश कुमार ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर गांव भोंडसी निवासी अमित को गांव में सट्टा खाई करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी के दौरान 3150 रुपये बरामद हुए। वहीं सोहना शहर थाना पुलिस ने वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी में गांव रायसीना निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। राजेश राहगिरों को दस का 900 रुपये मिलने की आवजें लगाकर सट्टा खाई कराने के लिए उत्साहित कर रहा था। जिसे एएसआई नरेश कुमार ने अपने साथियों की मदद से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान 2250 रुपये बरामद किए।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**तावडू।** कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दूसरे चरण की तैयारियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में रविवार की दोपहर नगर के रेवाड़ी रोड स्थित स्थानीय कांग्रेस कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता तावडू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सहरावत उर्फ रज्जू ने की। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज के निर्देश पर आगामी 22 जून से कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की जाएगी। बताया कि पूर्व में पार्टी के वरिष्ठ राहुल गांधी के नेतृत्व में चली भारत जोड़ो अभियान को अपार सफलता मिली थी। जिसका असर बीते दिनों कर्नाटक में हुए चुनावों में भी देखने को मिला जहां भारी बहुमत के साथ कांग्रेस ने विजय प्राप्त कर सरकार बनाई। इसके बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला हुए खंड स्तर पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत हुई थी। इसी अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत खंड के गांव बावला,मंडारका, नानूका, कांगरका, भोगीपुर,नाई नंगला, सेवका, भड़ंगपुर आदि से की जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीण खंड प्रधान हबीब बूराका, पंडित सुखीराम, पवन अग्रवाल, अनिल सूंधिया, लियाकत अली चेयरमैन खोरी कला, जय भगवान भारद्वाज, मास्टर महावीर, नीरज सोनी,हारून बूराका सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनाज मंडी में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नूंह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम अनाज मंडी, नूह में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 06:00 बजे 8:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। 19 जून को जिला स्तर पर मैराथन दौड़, प्रभात फेरी व योग की पायलेट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। 21 जून मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मैराथन दौड़ के लिए अनाज मंडी, नूह से लघु सचिवालय के मेन गेट तक का रूट निर्धारित किया गया है। जिसमें जिले के सभी युवा भाग लेगें। प्रभात फेरी के लिए अनाज मंडी से पुराने बस स्टैंड तक का रुट निर्धारित किया गया है, जिसमें लगभग 50 स्कूली बच्चे बैनर व तख्ती लेकर चलेगें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का यह कार्यक्रम रेनु सोगान, अतिरिक्त उपायुक्त महोदया, नूह की देख-रेख में आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी भाग लेगें। डॉ. मौ. कमर, जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम सभी ब्लॉक मुख्यालयों तावडु, नगीना, इंडरी, पिनंगवा, पुनहाना व फिरोजपुर झिरका में भी आयोजित किया, जिसमें प्रत्येक ब्लाक पर लगभग 1000 प्रतिभागी भाग लेगें। सभी आमजन से अनुरोध है कि योग दिवस के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

## भोंडसी थाना पुलिस की जबरदस्त छापामारी में अवैध स्विमिंग और अवैध शराब का ठेका सील



गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में चलता अवैध शराब का ठेका।

### स्विमिंग पूल में नहाने करने वालों से लेकर अवैध शराब बेचने वाली महिला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** व रायसीना से लगती अरावली पर्वत श्रंखला में फार्म हाउसों में अवैध रूप से स्विमिंग पूल बनाना और रातों को रंगीन बनाने के उद्देश्य से शराब परोसने का अवैध कारोबार खूब फलफूल रहा है। भोंडसी थाना पुलिस ने शनिवार की रात को अरावली में चल रहा अवैध रूप स शराब का ठेका व दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग के साथ फार्म हाउस में अवैध रुप से शराब पीने व अवैध रुप से बना स्विमिंग पुल में स्नान करने के आरोप में करीब 20 युवकों को गिरफ्तार किया है।

शनिवार की देर रात साऊथ गुरुग्राम एक्साइज इंस्पेक्टर अशोक कुमार के नेतृत्व में भोंडसी थाना पुलिस ने राष्ट्रीय मार्ग दिल्ली-वडोदरा के साथ बना प्लांट बी फार्म हाउस के अंदर 15 से 20 युवक शराब पी रहे थे। शराब के नशा में ही युवक फार्म हाउस के अंदर बना अवैध रुप से स्विमिंग पूल में नहा रहे थे। जिस समय भोंडसी थाना पुलिस ने फार्म हाउस में प्रवेश किया। उस समय 7-8 युवक स्विमिंग पूल के पास घूमते हुए शराब पी रहे थे। कुछ युवक स्विमिंग पुल में स्नान कर रहे थे। स्विमिंग पूल के किनारे पर कुछ बोतल व गिलासे रखी हुई थी। ये शराब की बोतल स्विमिंग पूल में स्नान करने वाले युवकों की थी। उक्त फार्म हाउस सोहना निवासी नरेश कुमार था। जिससे रविश व पीयूष ने किराए पर लेकर उसकी देखभाल करते है। पुलिस ने छापे के दौरान करीब 20 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा स्विमिंग पुल का लाइसेंस मांगने पर पेश नहीं किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रवि, सौरभ, प्रेम, रविश कुमार व पीयूष व 15-20 अज्ञात आरोपी शामिल थे।



#### अवैध शराब का ठेका सील

**भोंडसी** थाना पुलिस ने रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में पाथवेज स्कूल के पीछे वाले रास्ते के साथ में सोहना के वार्ड-5 निवासी धर्मदास द्वारा अवैध रुप से शराब का ठेका पर छापा मारा। आरोपी धर्मदास ने पुलिस की गाड़ी को देख भागने का प्रयास किया। लेकिन एसआई ने अन्य मुलाजिमों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अवैध शराब के ठेका में से अलग-अलग प्रकार की करीब 60 बोतल शराब व 25 बोतल बीयर की बरामद की।

#### किरयाना की दुकान में शराब बिक्री

**भोंडसी** थाना पुलिस ने शनिवार की शाम को ही मारुति कुंज में महिला को किरयाना की दुकान पर अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके पास से तलाशी के दौरान दुकान में 14 बोतल शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया है।

## भगवान पार्श्वनाथ मेडिकेयर सेंटर में सप्ताह में तीन दिन मुफ्त मिलेंगी दवाइयां

### रविंद्र जैन एडवोकेट ने रविवार से इस सेवा का किया शुभारंभ

### जनहित में मुफ्त दवाइयों के वितरण से गरीबों को होगा विशेष लाभ

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के भगवान पार्श्वनाथ मेडिकेयर सेंटर में मुफ्त दवा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते सदस्य।

**श्री** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर द्वारा संचालित भगवान पार्श्वनाथ मेडिकेयर सेंटर पर रोगियों को अब सप्ताह में तीन दिन नि:शुल्क दवाईयां दी जाएंगी। दवाइयों के वितरण कार्य का रविवार को प्रमुख समाजसेवी एवं सेक्टर-14 के जैन समाज के प्रधान व सलाहकार जीतो चैप्टर गुरुग्राम एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य एडवोकेट रविंद्र जैन ने किया।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एडवोकेट रविंद्र जैन का तिलक लगाकर पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। रवींद्र जैन ने आजीवन हर साल 51 हजार रुपए रोगियों की नि:शुल्क दवाईयां वितरण करने के लिए अपने निजी कोष से देने की घोषणा की। समाज के महासचिव श्रेयांस जैन ने मंच का संचालन किया। समाज के प्रधान संदीप जैन ने बताया कि अब मेडिकेयर सेंटर में मात्र 100 रुपये में ओपीडी के साथ अब तीन दिन की दवाईयां भी नि:शुल्क मिलेंगी।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि मेडिकेयर का संचालन पूर्व सीएमओ एवं डायरेक्टर डॉ. एनके जैन की देखरेख में विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में चल रहा है। यहां पर फिजिशियन, नेत्र, डेंटल, शिशु, त्वचा, फिजियोथैरेपी, एक्सरे, रक्त जांच की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां 30 से 50 प्रतिशत छूट के साथ एक्सरे, रक्त जांच की सुविधा दी जाती है। इस अवसर पर डॉ. एनके नागपाल प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक, डॉ. सुरभि आहुजा दंत चिकित्सक, डॉ. संतोष कुमार होम्योपैथी व डॉ. सीमा पन्नू फिजियोथैरेपिस्ट को बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी एके जैन, धर्मचंद जैन हौज खास दिल्ली, सुरेंद्र कुमार जैन, कपिल जैन, दीपक जैन प्रधान कासन जैन मंदिर, मनोज जैन, अतिन जैन, अमित जैन, जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन, मुकेश जैन, सुनील कोठारी, सतीश जैन, मनोज जैन डायगनोस्टिक सेंटर, जैन समाज के पूर्व प्रधान नरेश जैन, जैन डाइगनोस्टिक के राजेश जैन, प्रदीप जैन कोषाध्यक्ष, विजय जैन उपप्रधान, दीपक जैन आदि थे।

## रिठौज के ग्रामीणों ने युवाओं के लिए निजी कोष से खोला पुस्तकालय

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




**खंड** के गांव रिठौज के ग्रामीणों ने युवाओं को यूपीएससी, एचएचसी, एसएससी परीक्षा तैयारी कराने के लिए निजी कोष से वातानुकुलित पुस्तकाल तैयार किया है। जिसमें एक साथ 35 युवा बैठकर ज्ञान अर्जित कर सकेंगे।

खंड के गांव रिठौज के शिक्षित और रोजगार से जुड़े शिक्षित वर्ग के नौकरी पर कार्यरत ग्रामीणों ने सामुहिक रुप से चंदा इक्कठा करके वातानुकुलित पुस्तकाल तैयार किया है। जिसका रविवार को गांव के सबसे वृद्व व्यक्ति शैलेकी राम ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के पूर्व आईजी जोगिन्द्र सिंह भी मौजूद थे। इस वातानुकुलित पुस्कालय में युवाओं से ज्ञान अर्जित करने पर किसी प्रकार की फ्री नहीं ली जाएगी। इस पुस्तकाल में वर्तमान में कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए एनसीआरअी की पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अलावा राज्य व केन्द्रीय सरकार द्वारा निकाले जाने वाली नौकरियों की तैयारी युवा पढ़ाई कर सकेंगे। इस उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए सीआरपीएफ के पूर्व आईजी जोगिन्द्र सिंह ने ग्रामीणों की कार्य को युवाओं को सही मार्ग दिशा दिखाने की संज्ञा दी। उन्होने कहा कि इस पुस्कालय को चलाने के लिए नोएड़ा और गाजियाबाद में रहने वाले दिल्ली पुलिस में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रेरित किया था। भविष्य में प्रेरित करने वाले नागरिक आर्थिक की तंगी न आने देने का वायदा भी कर रहे है।

इस पुस्तकाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र से युवा यूपीएससी, आईएएस, एचएचसी, एसएससी एचपीएससी आदि परीक्षाओं में अपनी भागीदारी देते हुए परीक्षाओं को पास करे। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के युवा शिक्षा का महत्व गहराई से जान गया है।

## योग, ध्यान-साधना एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शिविर में करतब दिखाते बच्चे व स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ के दौरान सीएमओ को स्मृति चिन्ह देते बोधराज सीकरी।

**ओम** योग संस्थान ट्रस्ट गुरुग्राम, पंजाबी बिरादरी महासंगठन गुरुग्राम और जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क संगीतमय योग एवं ध्यान साधना शिविर के चौथे दिन रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

स्कूल के चेयरमैन प्रदीप कौशिक एवं पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी एवं उनके समस्त पदाधिकारी तथा ओम योग संस्थान ट्रस्ट गुरुग्राम के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। योगीराज ओमप्रकाश ने विशेष रूप से मधुमेह (डायबिटीज) रोग के निदान के लिए विभिन्न यौगिक क्रियाओं, प्राणायाम, योगासनों एवं ध्यान की प्रक्रिया को समझाया। उन्होंने कि मधुमेह रोग विशेष रुप से मन से जुड़ा रोग है तनाव ग्रस्त व्यक्ति जो चिंता अधिक करते हैं वहीं इस रोग से सबसे ज्यादा पीड़ित होते हैं। साथ ही यह एक अनुवांशिक रोग भी है। शिविर में ओम शिक्षा संस्कार स्कूल पाली फरीदाबाद से आए विद्यार्थियों ने सिल्की एरियल पर बेहतरीन योग का प्रदर्शन किया। योग स्तूप भी बनाए।

### सीएमओ ने किया जांच शिविर का शुभारंभ

योग शिविर के साथ ही दोनों संस्थानों ने मेदांता मेडिसिटी अस्पताल के साथ मिलकर एक विशाल स्वास्थ्य कैंप का आयोजन भी योग शिविर स्थल पर किया गया। प्रधान बोधराज सीकरी के नेतृत्व में सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग व अन्य अतिथियों ने जांच शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य जांच शिविर की सेवाओं का लगभग 150 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इस कार्य को सफल बनाने में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान की टीम के सदस्य राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, गजेन्द्र गोसाईं, रमेश कामरा, ज्योति वर्मा एवं ओम प्रकाश गाबा का सहयोग रहा।

# शिलान्यास के बाद भी शुरू नहीं हुआ एफओबी का निर्माण कार्य

## बल्लभगढ़ आरओबी, मेवला महाराजपुर आरओबी और मुजेसर अंडरपास के काम अधर में लटके

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** की लाइफलाइन में मुख्य भूमिका निभाने वाले मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक पर शिलान्यास के तीन माह बाद भी रेलवे लाइन पर फुट ओवर ब्रिज का काम शुरू नहीं हो सका है। ऐसा ही हाल मुजेसर अंडरपास और बल्लभगढ़ सोहना रेलवे ओवरब्रिज का है। इससे शहर वासियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में लोगों को भारी परेशानी से जूझना पड़ सकता है।

मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग काफी पुरानी है। मेवला महाराजपुर, सेक्टर-45 व सेक्टर-46 के निवासियों को हाईवे तक पहुंचने के लिए यह रेलवे फाटक पार करना पड़ता है। यहां आसपास के गांव और सेक्टरों में बड़ी आबादी निवास करती है। वहीं हाईवे पार फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिक भी यहां बड़ी संख्या में रहते हैं। हर रोज 10 से 15 हजार लोगों को आवागमन के लिए रेलवे फाटक पार करना पड़ता है। व्यस्त समय में फाटक पर काफी भीड़ हो जाती है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। मेवला महाराजपुर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का पैतृक गांव भी है। इसे लेकर गुर्जर ने मार्च 2023 में रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है, जबकि दावा था कि छह माह में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा होगा। इस योजना पर करीब 3.34 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह देश का पहला स्टेनलेस स्टील से बना ओवरब्रिज होगा। इसके बनने से रेल हादसों पर अंकुश लगेगा। स्थानीय लोगों ने इसे भाजपा सरकार की नारियल फोड़ नीति करार दिया है। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जहां सड़क खस्ताहाल और लोगों की समस्या दिखाई देती है, वहां मंत्री और विधायक नारियल फोड़ कर आ जाते हैं, लेकिन महीनों और सालों बाद भी उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है।


मूलचंद शर्मा।

> बल्लभगढ़ सोहना रेलवे ओवरब्रिज के लिए जमीन खरीद ली गई है। इसकी रेलवे से क्लीयरेंस मिलनी है। मुजेसर अंडरपास के लिए अभी जमीन निजी भू मालिकों से नहीं मिली है, अन्य योजना पर जल्द काम शुरू कराया जाएगा।
>
> **- मूलचंद शर्मा, केबिनेट मंत्री, हरियाणा**

सरकारी रवैये से आगे बढ़कर काम हो तो शहर के दो बड़े हिस्सों ईस्ट और वेस्ट फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बेहतर हो सकती है। रेलवे लाइन पर नए ओवरब्रिज व अंडरपास बनाए जाने हैं, लेकिन अफसोस काम हो नहीं पा रहा। प्लान है कि सोहना रोड पर बने रेलवे ओवरब्रिज को चार लेन किया जाएगा। मुजेसर रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे अंडरपास बनना है, तो गुरुकुल मेवला महाराजपुर में भी एक ओवरब्रिज बनाया जाना है। लोगों ने बताया कि फरीदाबाद से गुजर रही रेलवे लाइन शहर को दो हिस्से में बांटती है। एक तरफ पुराना बसा एनआईटी व बड़खल क्षेत्र है तो दूसरी तरफ नया शहर है, जिसमें सेक्टर बने हैं। दोनों इलाके को कनेक्ट करने के लिए फिलहाल रेलवे लाइन पर चार ओवरब्रिज व तीन अंडरपास हैं। ऐसे में हरियाणा स्टेट रोड एंड ब्रिज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने इन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को और बेहतर करने की दिशा में प्लान तैयार किया है। तीन परियोजनाओं पर काम करने की योजना बनाई, लेकिन सब कागजों तक सीमित हैं।

बल्लभगढ़ रोड पर फिलहाल दो लेन रेलवे ओवरब्रिज बना हुआ है। यह ओवरब्रिज एनआईटी के बड़े क्षेत्र को हाईवे से जोड़ता है। ट्रैफिक अधिक होने के चलते इस दो लेन रेलवे ओवरब्रिज पर जाम रहता है। सीएम मनोहर लाल ने वर्ष 2016 में इसे चार लेन करने की घोषणा की थी। इस साल जनवरी में जमीन खरीदने के प्रस्ताव को सीएम की अध्यक्षता वाली हाई पावर लैंड परचेज कमिटी से मंजूरी मिल चुकी है। रेलवे ओवरब्रिज के फॉरलेन होने से इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर-24, 25, सूरजपुर के साथ सेक्टर-23, 22, सेक्टर-25 व आसपास की दर्जनों कॉलोनियों की नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी।

मुजेसर में फिलहाल रेलवे क्रॉसिंग बनी हुई है। अंडरपास व ओवरब्रिज न होने के कारण मुजेसर, सेक्टर-24, 23, बाटा चौक, संजय कॉलोनी, सेक्टर-52 आदि की तरफ के लोगों को बाटा रेलवे ओवरब्रिज या सोहना रेलवे ओवरब्रिज से होकर नेशनल हाईवे पर आना पड़ता है। इससे लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। अंडरपास बनाने के प्रस्ताव को पिछले साल मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली बैठक में मंजूरी मिल चुकी है। जमीन खरीदने के लिए हाई पावर लैंड परचेज कमिटी की बैठक से मंजूरी मिलना बाकी है। उसके बाद निर्माण की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। इस जगह पर अंडरपास बनने से बड़े इंडस्ट्रियल एरिया को लाभ मिलेगा।

# शनिदेव दर्शन से लौटते वक्त ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, ऑटो सवार की मौत

## ऑटो में सवार तीन सवारियां हुईं घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**शनिदेव** के दर्शन कर लौटकर आ रहे लोगों के ऑटो में नेशनल हाइवे-19 पर भारत पैट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई व तीन घायल हो गए। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, फरीदाबाद के कनैरा गांव निवासी विजय ने दी शिकायत में कहा कि वह ड्राइवर का काम करता है। शनिवार को वह उसके पिता जनक, मामा कुलदीप, सोनू व श्याम ऑटो में सवार होकर फरीदाबाद से कोकिलावन शनिदेव के दर्शन करने गए थे। पीड़ित का कहना है कि वह ऑटो को चला रहा था और ऑटो में कुलदीप, सोनू, श्याम व जनक सिंह बैठे हुए थे।उनका ऑटो जब नेशनल हाइवे-19 पर श्रीनगर गांव के निकट स्थित भारत पैट्रोल पंप के पास पहुंचा। उसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाता हुआ आया और उनके ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो में सवार उसके पिता जनक सिंह, मामा कुलदीप व दोस्त सोनू व श्याम को काफी चोटें आईं।


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो

पीड़ित घायलों को संभालने लगा तो इसका फायदा उठाकर चालक ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद वह राहगीरों की मदद से गाड़ी का इंतजाम कर घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसके पिता जनक सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल में मुंडकटी थाना पुलिस पहुंच गई। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कीतलाश शुरू कर दी है।

## कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, जीजा की मौत, साला घायल

## पत्नी को लेने ससुराल जा रहा था मृतक

**पलवल।** होडल-खिरबी रोड पर कार की टक्कर से स्कूटी पर सवार जीजा-साले गंभीर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां जीजा को मृत घोषित कर दिया। होडल थाना पुलिस ने मृतक के साले की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार भिडूकी गांव निवासी मनोज ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका जीजा धतीर गांव निवासी 32 वर्षीय प्रवीण स्कूटी पर सवार होकर भिडूकी गांव जा रहे थे। पीड़ित का कहना है कि उसका जीजा उसकी बहन को लेने के लिए आया था। वह रतन कॉलेज में प्रैक्टिकल देकर आ रहा था।

दोनों जब स्कूटी पर सवार होकर भिडूकी गांव के लिए चले तो रास्ते में एक वैगनआर कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी को प्रवीण चला रहा था। स्कूटी में टक्कर लगने के बाद उनकी स्कूटी फुटपाथ के पास जा गिरी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए पलवल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। होडल थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी कार चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पैसे देने के बाद भी नहीं दी जमीन, 25 लाख की धोखाधड़ी

## रजिस्ट्री किसी और के नाम कराई, विरोध करने पर धमकी

## 23 अक्टूबर 2000 को सुंदर के नाम फुल एंड फाइनल इकरारनामा करा दिया, रामशरन व जवाहर ने बतौर गवाह हस्ताक्षर किए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जमीन** बेचने के नाम पर महिला से पूरी रकम लेने के बाद दूसरे के नाम रजिस्ट्री कराकर साढ़े 25 लाख हड़पने का मामला सामने आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर एक महिला सहित 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, बंचारी गांव निवासी सुनीता ने अदालत में इस्तगासा दायर किया। इसमें उसने बताया कि हसनपुर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गांव की महिला विशन रानी से चार सितंबर 2018 को 25 लाख 50 हजार रुपए में 31 कनाल 4 मरला जमीन का बैयनामा कराया था। इसकी एवज में सुनीता ने उसको 23 लाख 50 हजार रुपये अलग-अलग तारीखों के चैक द्वारा और 2 लाख नकद दिए थे। इसके बाद विशन रानी ने बयनामा पर अपना अंगूठा लगाया और हस्ताक्षर किए थे।

गवाहों ने भी हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद रजिस्ट्रार कार्यालय में क्रेता, विक्रेता व गवाहों के कंप्यूटर रूम में फोटो हुए थे और रजिस्ट्री फीड हुई थी, लेकिन गलती से रजिस्ट्री फीस 15 हजार रुपए जमा नहीं हुई, बाकी रजिस्ट्री में स्टाम्प एक लाख 75 हजार लगा दिए थे, लेकिन फीस जमा न होने के चलते बैयनामा रिफ्यूज कर दिया गया। सुनीता के अनुसार, विशन रानी ने पहले ही पावर ऑफ अटॉर्नी रामस्वरूप के नाम कराया हुआ था। रामस्वरूप ने मेरा हक मारने के लिए 23 अक्टूबर 2000 को सुंदर के नाम फुल एंड फाइनल इकरारनामा करा दिया। रामशरन व जवाहर ने बतौर गवाह हस्ताक्षर किए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विशन रानी, सुंदर सिंह, मूलचंद, रंजीत, धनीराम, सतपाल, सुल्तान, श्यामवती, रामशरन व जवाहर ने मिलीभगत कर उसके साथ धोखाधड़ी की। सुनीता के अनुसार, जब वह विशन रानी के पास अपनी जमीन और पैसा मांगने के लिए गई तो उसके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की इस्तगासा पर केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पलवल से फरीदाबाद के वाईएमसीए तक चलेगी सीधी बस : मूलचंद


गांव बघौला में लोगों की समस्याएं सुनते मूलचंद शर्मा।

## गांव बघौला में लोगों के बीच पहुंचकर जानी समस्याएं, मौके पर ही किया निदान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** सरकार में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव बघौला में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर समस्याओं को जाना। इस अवसर पर पृथला विधायक नयनपाल रावत, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम शशि वसुंधरा, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ सहित जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

मूलचंद शर्मा ने गांव बघौला में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके तुरंत निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा रोडवेज पलवल डिपो के महाप्रबंधक नवनीत को पलवल से फरीदाबाद की वाईएमसीए यूनिवर्सिटी तक रोडवेज बस चलाने के तुरंत प्रभाव से आदेश दिए। गांव में बिजली के लोड को डिवाइड करने के लिए ट्रांसफार्मर बदलवाने, नालियों की साफ-सफाई, बरसाती पानी की निकासी, फिरनी व सडकों का चौड़ीकरण, खेती के लिए नहरों में पानी छोड़ने जैसी जन समस्याओं का समाधान करने के लिए कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा प्रदेश में जनसंवाद कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की जन समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने गांव बघौला में पीने पानी की समस्या को एक सप्ताह में दूर करने के लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गांव बघौला के स्कूल को अपग्रेड कर 12वीं कक्षा तक कर दिया गया है तथा गांव बघौला में ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्हीकल अंडरपास बनाने की मांग को भी पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों को पूरा करने में गति प्रदान की जा रही है। हरियाणा सरकार में पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नौकरी प्रदान की जा रही है। सरकार की ओर से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों व गरीबों के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है, जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## 1.150 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम भोला है, वह मूल रूप से दिल्ली के अंबेडकर नगर का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की इस्माइलपुर में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने सूचना से इस्माइलपुर से काबू किया है। उसकी तलाशी लेने पर 1.150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध नशा तस्करी का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

# कॉलेज के बाहर बेच रहा था नशे का इंजेक्शन

## आरोपी को काबू कर नशे के 10 इंजेक्शन बरामद किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम संतोष है, जो राहुल कॉलोनी का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूचना से डीएवी कॉलेज के पास से नशे के इंजेक्शन सहित काबू किया है। आरोपी ऑटो चलाने का काम करता है। उसकी तलाशी लेने पर 10 नशे के इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास उमेश नाम के व्यक्ति से 2000 में 10 इंजेक्शन खरीद कर लाया है।



उमेश के नाम के अलावा उसके बारे में और कुछ नहीं जानता। आरोपी पूर्व में दो बार नशा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। दोनों नशा तस्करी के मामले थाना एसजीएम नगर में दर्ज हैं। वह नशा करने का आदी है। आरोपी भी नशे के इंजेक्शन लगाता है। नशे की पूर्ति के लिए इंजेक्शन बेचने का काम करता है। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जया शर्मा बनी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष



**फरीदाबाद।** कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री जया शर्मा को फरीदाबाद महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति हरियाणा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुधा भारद्वाज द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर जया शर्मा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता डिसूजा, हरियाणा प्रभारी ओनिका मल्होत्रा, प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपीं गई है, उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी और जिले में महिला संगठन को मजबूत करते हुए मेहनतकश कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की छह विधानसभा क्षेत्रों में वह जल्द ही दौरा करके नया महिला कांग्रेस संगठन खड़ा करेंगी, जिसमें मेहनतकश और कर्मठ महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। वहीं जल्द ही जिले की नई महिला कार्यकारिणी भी गठित की जाएगी। जया शर्मा की नियुक्ति से जिले की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है और कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष जया शर्मा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन देने का भरोसा दिलाया। महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जया शर्मा ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त आ चुकी है, खासकर महंगाई और भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। महिला कांग्रेस जल्द ही सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करके भाजपा सरकार का असली चेहरा जनता के समक्ष उजागर करने का काम करेगी।

### अव्वल आने पर पलक मदान को मूलचंद शर्मा ने किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद की बी फार्मा की छात्रा पलक मदान को उच्च शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार पंडित मूलचंद शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यक्रम में पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी व हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। मूलचंद शर्मा ने पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन व प्रिंसिपल रवि मल्होत्रा बधाई देते हुए कहा कि आपके फार्मेसी कॉलेज ने पलक मदान छात्रा को इस काबिल बनाया कि उसने आज हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त कर हमारे फरीदाबाद जिले का नाम रोशन किया है। शर्मा ने पलक मदान के साथ आए उनके माता-पिता व परिवार के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं और कहा कि मैं फरीदाबाद की बेटी पलक मदान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। भविष्य में और हर क्षेत्र में बिटिया पलक मदान इसी तरह फरीदाबाद जिले का नाम रोशन करती रहे। इस मौके पर छात्रा पलक मदान के परिवार से पिता दीपक मदान, माता ज्योति मदान, ताऊ राजकुमार मदान, रमेश मदान भाई एडवोकेट धीरज मदान, लवीश मदान, आईआईटी प्रोफेसर पियूष मदान, मामा संदीप, मामी साक्षी साथ रहे।

### सरपंचों ने जताया विधायक नयनपाल रावत का आभार



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पंचायतों के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है, इसलिए सरपंचों को 15 से 20 लाख रूपए की राशि सरकार द्वारा आबंटित की जाए। जिससे वह गांवों के छोटे मोटे विकास कार्य संपन्न करवा सके, जबकि इससे ऊपर की राशि के कार्य ई-ट्रेडिंग के माध्यम से करवाएं जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों को पांच लाख रूपए की राशि विकास कार्यो के लिए दी है, लेकिन इसे बढ़ाकर 15-20 लाख रूपए किया जाना चाहिए, ताकि गांवों में सरपंच अपने हिसाब से विकास कार्य करवा सकें। उन्होंने कहा कि पंचायतों के चुनाव ढाई साल लेट हुए है, ऐसे में विकास कार्य करवाने के लिए एक साल बचा है, रूके हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाना होगा। श्री रावत गांव चंदावली स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न गांवों से आए पंच-सरपंचों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पृथला क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पंच-सरपंचों ने विकास कार्यो की लिमिट बढ़वाने, फैमिली आईडी में करेक्शन करवाने, पेंशन आदि जनहित के मुद्दे विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव के समक्ष उठाने पर उनका आभार जताया। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि गांवों में कुछ ऐसे काम होते है जो केवल सरपंच ही करवा सकते हैं।

# जेईई एडवांस में एमवीएन अरावली हिल्स ने लहराया परचम



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एमवीएन** अरावली हिल्स फरीदाबाद ने अपने नाम की कीर्ति-पताका पूरे शिक्षाकाश में सफलतापूर्वक फहराकर अपनी गुणवत्ता को परिपुष्ट किया है। सिया जैन ने अखिल भारतीय स्तर पर 762वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। उत्कर्ष सिंह, अथर्व, नुपुर सिंघी, कृष्णा अग्रवाल, मिताक्षर दुहन, मंत्रा जैन, श्रेयांश सिंह तथा अभिनव सागर ने क्रमशः 1809वां, 2125वां, 3993वां, 4212वां, 4569वां, 6186वां, 6861वां तथा 9406वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कुल 29 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। एमवीएन अरावली हिल्स जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए अनुकूल वातावरण और शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रख्यात है। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, सुयोग्य शिक्षकों के कुशल शिक्षण एवं मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता अरोड़ा एवं उप-प्रधानाचार्या मोना दुआ के कुशल एवं सक्षम प्रबंधन को जाता है। विद्यालय की इस सफलता के लिए एमवीएन की प्रबंध निदेशिका कांता शर्मा, अध्यक्ष वरुण शर्मा, एमवीएन विश्वविद्यालय की चांसलर संतोष शर्मा, एमवीएन विद्यालय-समूह के निदेशक जेपी गौड़ तथा शैक्षिक निदेशक प्रेम सिंह ने विद्यार्थियों को साधुवाद एवं सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## एसएनडी के विवेक उपाध्याय ने आईआईटी एडवांस में रचा इतिहास

### ऑल इंडिया रैंक 60 प्राप्त कर किया नाम रोशन



**पलवल।** जिले के इतिहास में पहली बार आईआईटी एडवांस की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 60 प्राप्त कर विवेक उपाध्याय ने एक नया इतिहास रच दिया है। विवेक इस स्कूल में चौथी कक्षा से शिक्षा प्राप्त कर रहा है। विवेक उपाध्याय ने यह रैंक एसएनडी पब्लिक स्कूल के अध्यापकों के सहयोग से तथा अपनी मेहनत से प्राप्त की है। एसएनडी पब्लिक स्कूल अपने स्कूल के बच्चों को स्कूल के अंदर ही शिक्षा प्रदान करते थे, जिनकी मेहनत और लगन से विवेक उपाध्याय ने ऑल इंडिया रैंक 60 प्राप्त की। साथ ही महेश ने 1380, अंकित ने 6162, अमन ने 7000 व आयुष ने 7062 ऑल इंडिया रैंक ओबीसी कैटेगरी में प्राप्त की। आस्था ने 1380 व हिमांशी ने 2812 एससी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की। एसएनडी पब्लिक स्कूल लगातार खेलों के क्षेत्र में, मेडिकल के क्षेत्र मे, वाणिज्य के क्षेत्र में व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हर साल अनेक छात्रों को देश की सेवा के लिए तैयार कर रहा है तथा उनका भविष्य बना रहा है। उन्हें आगे बढ़ा रहा है तथा उनकी प्रतिभा को निखार रहा है। स्कूल के सचिव रघुराज डागर ने खुशी के इस मौके पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, स्कूल के अध्यापकों तथा स्टाफ के सभी सदस्यों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

### मॉडर्न डीपीएस के चार छात्रों ने जेजेई एडवांस में किया बेहतर प्रदर्शन


अरिंजय सिंघल। अवंश बंसल। अर्चित श्रीवास्तव। अक्षत गुप्ता।

**फरीदाबाद।** मॉडर्न डीपीएस के चार छात्रों ने जेईई एडवांस के ऑल इंडिया रैंक में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र अरिंजय सिंघल ने 95, अवंश बंसल ने 205, अर्चित श्रीवास्तव ने 488 व अक्षत गुप्ता ने 508वीं रैंक हासिल की है। स्कूल प्रबंधन ने सभी को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जेईई एडवांस में एमवीएन के नमन गोयल ने 33वीं रैंक प्राप्त की



**फरीदाबाद।** एमवीएन के छात्र नमन गोयल ने जेईई एडवांस के परिणाम में अखिल भारतीय स्तर पर 33वां स्थान प्राप्त किया है। सेक्टर सात में रहने वाले नमन गोयल की रुचि ब्लैक होल के रहस्यों के बारे में रहती है। फ्री समय में वह खेलने या टीवी देखने की बजाय ब्लैक होल से संबंधित पुस्तकों को पढ़ते हैं। स्कूल को छोड़कर गली-मोहल्ले में कोई मित्र नहीं है। इनके पिता नवीन गोयल ने बताया कि वह फिजिक्स में रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप-2 स्थान पर आ चुके हैं। कोटा स्थित एक इंस्टीट्यूट की ऑनलाइन कक्षाओं के जरिये इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इनकी मां दीप्ती गोयल एमएससी केमिस्ट्री और बीएड है। इनकी बेहतर तैयारी में वह भी काफी सहयोग करती हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 जून, 2023



# आग से सुरक्षा
## कठोर उपाय जरूरी

**संस्थानों** की आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर उपाय करना जरूरी है ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सके। समय आ गया है कि महानगरों में इमारतों की सुरक्षा की फौरन जांच की जाए ताकि बच्चों, युवाओं और वृद्ध लोगों को आग से स्कूलों, कोचिंग सेंटरों व अस्पतालों में बचाया जा सके। नवीनतम भयानक घटना में 15 जून को दिल्ली के मुखर्जी नगर में 15 मंजिला इमारत में आग लग गई जिसमें कम से कम 22 छात्र घायल हो गए। इस संस्थान में 500 से अधिक छात्र पढ़ते हैं। उन्होंने खिड़कियों के कांच तोड़ कर रस्सियों के सहारे इस ऊंची इमारत से उतरने का प्रयास किया तथा उसकी सीढ़ियों पर लटक गए। हालांकि आग लगने से भयभीत सभी छात्र अपना जीवन बचाने में सफल हुए, पर यह कोई खुशी की बात नहीं है क्योंकि स्थिति बहुत गंभीर हो सकती थी। स्पष्ट है कि इमारत में आग से सुरक्षा के समुचित उपाय नहीं किए गए थे। हालांकि, अधिकारी आग लगने के कारणों की रूटीन जांच करते हैं, पर उनको इससे सटी अन्य इमारतों में भी अग्नि-सुरक्षा की तैयारियों की जांच करनी चाहिए तथा भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि हमारे देश को कोरानावायरस की तरह आग लगने के कारण लोगों के हताहत होने की समस्या की गंभीरता का पता तत्काल चला हो। आग लगने की ऐसी अनेक घटनायें हो चुकी हैं जिसके पीछे लालच, भवन स्वामियों की लापरवाही तथा ठीक से ध्यान न देने या पूर्णत: अवैध निर्माण के कारण तमाम बच्चों की जान जा चुकी है।



इस शताब्दी की सबसे बड़ी त्रासदी तमिलनाडु के कुंभकोणम में जुलाई, 2004 में लगी आग थी। इसमें स्कूल की छप्पर वाली छत आग लगने के कारण ढह गई थी और प्राथमिक कक्षाओं के 94 बच्चे अपनी जान से हाथ धो बैठे थे। यह तमिलनाडु की सबसे भयानक आग लगने की घटना तथा हताहतों की संख्या के अनुसार भारत में दूसरी सबसे बड़ी घटना थी। दिसंबर, 1995 में हरियाणा के सिरसा की डबवाली अग्नि दुर्घटना में 442 लोगों की मौत हुई थी। संयोग से मुखर्जी नगर की भयानक घटना टल गई, नहीं तो यहां भी मई, 2019 में सूरत जैसी त्रासदी हो सकती थी जिसमें 22 छात्रों की जानें गई थीं। सूरत में एक बिजनेस सेंटर के ऊपर अवैध रूप से प्लास्टिक ढांचे पर बनी इमारत में आग लग गई थी। इसी प्रकार पूर्वी दिल्ली के तिलोकपुरी क्षेत्र के सरकारी स्कूल सर्वोदय कन्या बाल विद्यालय में अगस्त, 2022 को आग लग गई थी। अक्टूबर, 2009 में दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के एमसीडी स्कूल में लगी आग में छ: छात्र घायल हो गए थे। देश भर के लगभग सभी शहरों में अनेक कोचिंग सस्थान तथा भीड़ भरी इमारतें हैं। इन इमारतों में से बड़ी संख्या में किसी भवन निर्माण अथवा सुरक्षा या रखरखाव मानकों का पालन नहीं किया गया है। देश भर की स्थानीय सरकारों तथा सिविल अधिकारियों को अतीत के अनुभवों से सबक लेते हुए आग लगने की दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुछ सावधानी के उपाय अवश्य करने चाहिए। इनमें कठोर सुरक्षा नियम, अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण व ढांचा, उपयुक्त प्रशिक्षित कर्मचारी तथा आपातकालीन नियोजन, इमारत का उचित निर्माण व डिजाइन, नियमित जांच व आडिट, अग्निशमन संबंधी सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम, अग्निशमन सेवाओं से सहयोग, आपात प्रतिक्रिया ड्रिल, निगरानी व जवाबदेही तथा पब्लिक रिपोर्टिंग सिस्टम शामिल हैं। इन उपायों के क्रियान्वयन से सरकारें शिक्षा संस्थानों में आग लगने की त्रासदियों से सुरक्षा कर सकती हैं। इससे इन संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# राष्ट्रहित व जनहित याचिकायें

जनहित याचिकाओं के दुरुपयोग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।



**राजेश्वर सिंह**
(लेखक, प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व संयुक्त सचिव हैं।)



भारतीय न्यायशास्त्र में जनहित याचिकाओं-पीआईएल की अवधारणा 1970 के दशक में शामिल हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भगवती को पीआईएल का पितामह माना जाता है। उन्होंने इसकी कल्पना एक आदर्श विधिक अवधारणा के रूप में की थी ताकि गरीब व हाशियाकृत लोगों को न्याय मिल सके। तकनीकी रूप से अदालत द्वारा न्यायिक सक्रियता के माध्यम से जनता को दी जाने वाली शक्ति को पीआईएल कहते हैं। लेकिन पीआईएल पेश करने वाले पक्ष को इसके पीछे इरादा सिद्ध करना होता है। पक्ष को यह दिखाना होता है कि पीआईएल का असर व्यापक जनता पर पड़ेगा और कोई खास मामला व्यक्तिगत लाभ या व्यक्तिगत समस्या हल करने के लिए नहीं है। मूल रूप से पीआईएल अवधारणा का उद्देश्य व्यक्तियों या समूहों को 'सार्वजनिक हित' में विधि याचिका दायर करना है। इसके शुरू होने के बाद से अनेक मामलों में पीआईएल ने भारत में सामाजिक परिवर्तन में योगदान किया तथा अनेक मुद्दों का समाधान किया जिनमें पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार व भ्रष्टाचार शामिल हैं। लेकिन 'सार्वजनिक हित' की व्यापक प्रवृत्ति ने बाद में अनेक मामलों में 'निजी' व 'राजनीतिक' हितों का स्थान ले लिया। भारतीय न्याय व्यवस्था में पीआईएल से चाहे जितनी प्रगति हुई हो, हम इसके नकारात्मक पक्षों को अनदेखा नहीं कर सकते हैं क्योंकि आजकल पीआईएल का व्यापक दुरुपयोग हो रहा है। भारत में अनेक पीआईएल एक्टिविस्ट इसका दुरुपयोग न्याय व्यवस्था को परेशान करने के लिए कर रहे हैं।

पीआईएल का दुरुपयोग रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने 2010 में पीआईएल फाइल करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए। इनमें याचिकाकर्ता को अपनी पहचान, फंडिंग का स्रोत तथा पीआईएल फाइल करने का कारण उजागर करने की अनिवार्यता शामिल है। लेकिन इन उपायों के बावजूद पीआईएल याचिकाकर्ताओं ने इन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के रास्ते खोज लिए। इसके लिए फर्जी प्रतिनिधियों के माध्यम से फाइलिंग की जाती है तथा इसके लिए फर्जी कारण भी बताए जाते हैं। इन लक्षित पीआईएल के माध्यम से सरकारी अधिकारियों या अन्य शक्तिशाली लोगों पर निशाना लगा कर उनको परेशान किया जाता है और इस प्रकार महत्वपूर्ण सरकारी पहलों को पटरी से उतार दिया जाता है। 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने एक पीआईएल खारिज की जिसमें एक विशेष जांच टीम-एसआईटी द्वारा मुंबई में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की विशेष अदालत के प्रमुख बी.एच. लोया की मौत की जांच कराने का अनुरोध किया गया था। वे देश के एक हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई कर रहे थे जिसमें 2005 में सोहराबुद्दीन शेख की कथित फर्जी मुठभेड़ की जांच शामिल थी। इस मामले के विशिष्ट राजनीतिक निहितार्थ थे क्योंकि इस मामले में प्रमुख आरोपी देश के वर्तमान गृहमंत्री थे।

2016 में एक पीआईएल में भारत के नए प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। यह पीआईएल वकीलों के एक समूह ने दायर की थी जिसमें इस नियुक्ति को असंवैधानिक बताया गया था। 2022 में फाइल एक पीआईएल में ईधन के दाम बढ़ाने के सरकारी निर्णय को चुनौती दी गई थी। यह पीआईएल अर्थशास्त्रियों के एक समूह ने दायर की थी जिनका आरोप था कि यह वृद्धि असंवैधानिक है तथा इससे गरीबों को नुकसान होगा। अंतत: इसे भी इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि अदालतें नीतिगत मामलों या आर्थिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं। अभी हाल में एक पूर्व सांसद व गैंगस्टर अतीक अहमद की हत्या पर एक पीआईएल फाइल की गई जिसमें इस घटना की जांच के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई थी। इस प्रकार की पीआईए पुलिसिंग व नीति में हस्तक्षेप करती हैं, जबकि अदालतें अनिवार्य रूप से इन क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने में सक्षम नहीं हैं।

अब पीआईएल का प्रयोग विरले ही हाशियाकृत लोगों की सुरक्षा के लिए किया जाता है। इसके बजाय इसका प्रयोग एक अन्य औजार की तरह सत्ता व राजनीतिक गत्यात्मकताओं को प्रभावित करने के लिए होता है। इससे अदालतों तथा लक्षित लोगों व संगठनों की शक्ति घटती है। ये पीआईएल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाती हैं तथा सरकार का प्रभावी कामकाज कठिन बना देती हैं। इससे भी आश्चर्यजनक बात एक हालिया सर्वेक्षण की यह रिपोर्ट है कि पिछले तीन साल में ही पीआईएल की संख्या लगभग चार गुनी हो गई है। इससे स्पष्ट है कि फर्जी पीआईएल को नियंत्रित करने वाले दिशानिर्देशों पर पुन: गौर करने की जरूरत है। इस संबंध में कुछ सुझावों पर गौर किया जा सकता है। इन मुद्दों से निपटने का सरल तरीका पीआईएल फाइलिंग को और कठिन बना देना है। उदाहरणार्थ, उन पंजीकृत संगठनों द्वारा फाइल पीआईएल पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए जो बड़ी संख्या में लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके साथ ही व्यक्तियों द्वारा फाइल पीआईएल पर नियंत्रण की जरूरत है। इससे सुनिश्चित होगा कि केवल वैध मुद्दों में दिलचस्पी लेने वाले ही पीआईएल फाइल करेंगे। अदालतें याचिकाकर्ताओं के स्थान पर एक एमिकस क्यूरी नियुक्त कर सकती हैं जो मुद्दों पर अदालत की सहायता करे। प्रेस को निर्देशित किया जाना चाहिए कि वह किसी प्रकार याचिकाकर्ता के नाम का प्रचार न करे। पीआईएल को महंगा बनाने के लिए अदालतें पीआईएल फाइल करने पर फीस लगा सकती हैं। इससे फर्जी पीआईएल रोकने में सहायता मिलेगी। किसी याचिकाकर्ता द्वारा फाइल की जाने वाली पीआईएल की संख्या भी सीमित की जा सकती है। यह निर्देश भी दिया जाना चाहिए कि पीआईएल का समयबद्ध निस्तारण हो। इससे सरकारी पहलों या नीतियों को विलम्ब करने अथवा सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न करने वाली पीआईएल से निपटने में सहायता मिलेगी। हाल ही में एक सुझाव दिया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय सीधे पीआईएल की सुनवाई न करे तथा उसे अनिवार्य रूप से पहले उच्च न्यायालय में फाइल किया जाए। इससे सुनिश्चित होगा कि सर्वोच्च न्यायालय में मामला पहुंचने से पहले उच्च न्यायालय इस पर विचार कर चुका होगा। हाल ही में अदालतों ने पीआईएल के फर्जी पाए जाने पर भारी जुर्माना लगाना शुरू किया है। जून, 2022 में सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने याचिकाकर्ता पर 18 लाख रुपये का जुर्माना किया था जिसमें अदालत का 18 मिनट समय बरबाद करने के लिए प्रति मिनट एक लाख रुपये जुर्माना था। हालांकि, अदालत ने जुर्माना घटा कर अंतत: 2 लाख कर दिया, पर इससे अदालत का दृष्टिकोण तथा विधिक प्रक्रियाओं के दुरुपयोग पर उसकी कठोरता स्पष्ट होती है।

हालांकि, पीआईएल का जन्म एक आदर्श अवधारणा के अंतर्गत हुआ था कि समाज के सबसे गरीब, हाशियाकृत व संकटग्रस्त तबकों को न्याय मिले, पर इसका दुरुपयोग लगातार निहित स्वार्थी तत्व करने लगे हैं। इनमें से अनेक के राजनीतिक एजेंडे हैं और वे सत्तारूढ़ लोगों को परेशान करना चाहते हैं। स्पष्ट है कि पीआईएल के दुरुपयोग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर नकारात्मक असर पड़ता है तथा इससे न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। हालिया वर्षों में पीआईएल के दुरुपयोग और उनके माध्यम से लोगों के शोषण के अनेक मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं से सबक लेकर हमें भविष्य में उनको रोकने का प्रयास करना चाहिए। यदि सही तरीके से प्रयोग किया जाए तथा उचित लक्ष्यों के लिए इनका उपयोग हो तो पीआईएल आम जनता की संपत्ति सिद्ध हो सकती हैं।

फर्जी पीआईएल तलाशने की नई विधियां खोजी जानी चाहिए ताकि इनको अलग कर समयबद्ध तरीके से आम जनता को न्याय दिलाया जा सके। दुर्भाग्य से पीआईएल का दुरुपयोग रोकने के वर्तमान दिशानिर्देश विफल हो चुके हैं। ऐसे में सुरक्षा उपाय मजबूत करना जरूरी है। अब पहले के किसी समय की तुलना में यह सुनिश्चित करने के कठोर उपाय अपनाना जरूरी हो गया है कि पीआईएल केवल उचित कारणों से हों, राजनीतिक या निहित स्वार्थों के लिए नहीं। ऐसा कर हम यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि पीआईएल राजनीतिक लाभ के बजाय सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी औजार बनी रहेंगी।

# लोकतंत्र का काला अध्याय था आपातकाल

"यह इंदिरा गांधी का डर था कि अदालत के आदेश का पालन नहीं करने पर जनता तीखी प्रतिक्रिया देगी।"

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के राजनीतिक संपादक हैं)



जो पहले हो चुका है- क्या वह फिर हो सकता है? उत्तर है - निस्संदेह हां, लोकतंत्र में अंतिम शब्द सर्वोच्च न्यायालय के ख्याति प्राप्त वकील नानी पालकीवाला ने कहा। यह आपातकाल की 20वीं वर्षगांठ के दौरान दिग्गज वकील द्वारा दिए गए भाषण के दौरान था, देश के राजनीतिक इतिहास में 21 महीने का सबसे काला समय था जब तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ-साथ संविधान को उलट दिया और सभी को जेल में डाल दिया। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के असंतुष्ट नेता। इंदिरा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को पटरी से उतारना चाहती थीं जिसने उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया और उन्हें चुनाव आयोग के नियमों और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए प्रधानमंत्री पद से हटा दिया। 21 महीने तक भारत में मीडिया की आजादी नहीं थी। प्रकाशनों के लिए समाचारों की जांच करने और स्पष्ट करने के लिए सभी समाचार पत्रों के प्रतिष्ठानों में सेंसर अधिकारी। 1977 के आम चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंदिरा गांधी की हार के साथ आपातकाल समाप्त हो गया।

हालांकि इंदिरा गांधी और उनके फ़रमाबरदार ओम मेहता (तत्कालीन गृह मंत्री) जैसे व्यक्ति अभी भी लोगों के दिमाग में ताजा हैं, हममें से कितने लोग राजनारायण को याद करते हैं (विशालकाय नेता जिसने रायबरेली के अपने घरेलू मैदान में इंदिरा को हराया और साथ ही साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) या जय प्रकाश नारायण (जेपी), वह व्यक्ति जिसने भ्रष्टाचार, पक्षपात और भाई-भतीजावाद के खिलाफ सम्पूर्ण क्रांति की शुरुआत की। क्या नई पीढ़ी को लोकनायक जय प्रकाश नारायण के जीवन और समय के बारे में पढ़ाया जा रहा है? आपातकाल की 48वीं वर्षगांठ (11, जून 2023) से ठीक एक पखवाड़े पहले, शारीरिक शिक्षा शिक्षक से सीपीआई (एम) राज्य सचिव बने एम वी गोविंदन ने मीडिया को उनकी पार्टी और उसके फ्रंटल संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन के खिलाफ कुछ भी लिखने की चेतावनी दी थी। ऑफ इंडिया (एसएफआई)। एसएफआई के एक प्रमुख नेता द्वारा नियोजित बड़े पैमाने पर अनियमितताओं को प्रकाश में लाने में केरल मीडिया के एक वर्ग द्वारा गोविंदन को किस बात से नाराज किया गया था, जो पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री की परीक्षाएं बिना लिखे पास करने में सफल रहे, जबकि एक अन्य युवा नेता फर्जी प्रस्तुत करने में सफल रहा। सरकार द्वारा संचालित कॉलेज में व्याख्याता की नौकरी पाने के लिए डिग्री प्रमाण पत्र के साथ-साथ अनुभव प्रमाण पत्र।

रिपोर्ट दर्ज करने वाले पत्रकारों के साथ-साथ समाचार पढ़ने वाले समाचार पाठकों को केरल पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोपी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब पार्टी के अखिल भारतीय सचिव मोदी सरकार को उन मीडिया हस्तियों के खिलाफ प्रतिशोध लेने के लिए लताड़ रहे थे जो उनके विचारों का पालन नहीं करते हैं।

कुछ महीने पहले, पुलिस ने अपराध के कार्यालयों में तोड़फोड़ की, एक खोजी प्रकाशन जिसने राज्य में उच्च-स्तरीय भ्रष्टाचार के बारे में तोड़ दिया। प्रकाशन के संपादक और मालिक नंदकुमार को सर्वोच्च स्तर की शारीरिक यातना दी गई।

जिन कंप्यूटरों में उसने सूचनाओं का विवरण दर्ज किया था, उन्हें नष्ट कर दिया गया और उन पर हमला किया गया और उन्हें कैद कर लिया गया। उन्हें जेल से रिहा कराने के लिए केरल उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा था। एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक मोर्चे द्वारा शासित राज्य में यह स्थिति है जो सभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण के लिए खड़ा है।

देश में कहीं और, चीजें अलग नहीं हैं। खेल हस्तियों का जंतर मंदर जमावड़ा अलग नहीं है। जब लोगों को सरकार से उचित सौदा नहीं मिलता है और जब उन्हें न्याय नहीं मिलता है, तो उनका आक्रोश व्यक्त करने के लिए विरोध करना स्वाभाविक है। इस तरह के विरोध प्रदर्शनों को नजरअंदाज करना सरकार के लिए ही खतरा है।

इंदिरा गांधी को 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा नहीं करनी पड़ी थी। उन्हें कोर्ट के आदेश का पालन न करने और अपनी कुर्सी खाली करने के लिए जनता के गुस्से का डर था। इलाज बीमारी से भी बदतर निकला और यह लोकतांत्रिक भारत के चेहरे पर एक काला धब्बा बना हुआ है। कुलदीप नैय्यर द्वारा निर्णय, और जनार्दन ठाकुर द्वारा सभी प्रधान मंत्री पुरुष उनमें से कुछ हैं।

यह देखना दुखद है कि जिन नेताओं ने कुख्यात राष्ट्रीय आपातकाल के खिलाफ काम करने का दावा किया है, वे मेरे बाद प्रलय वाले रवैये के साथ व्यवहार करते हैं। अकेले केरल में, 200 से अधिक सत्तर वर्षीय कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ी और पुलिस की बर्बरता के शिकार बने। हालांकि उन्हें नागरिक समाज से बदले में कुछ भी नहीं मिलता है, फिर भी सैकड़ों लोगों को पुन्नपरा व्यालार आंदोलन में शामिल होने के लिए सरकारी पेंशन मिलती है जिसका लोकतंत्र या उदारवाद से कोई लेना-देना नहीं है।

ऐसे राजनीतिक गुंडों की कमी नहीं है, जिन्होंने पूरे काले दिनों में राष्ट्रीय आपातकाल के लिए जयजयकार की और चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद वे हर तरह से सीमाएं पार कर गए।

हम में से कितने लोगों को याद है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सी अच्युता मेनन काले दिनों के दौरान केरल के मुख्यमंत्री हुआ करते थे और उनके पास गृह मंत्री के रूप में कांग्रेस नेता के करुणाकरन की सेवाएं थीं? भाकपा के नेता दूसरी तरह से देखते हैं जब आपातकाल का विषय दूसरों द्वारा उठाया जाता है!

## आप की बात

### कर्नाटक में तुष्टीकरण

**कर्नाटक** की सिद्धारमैया सरकार ने धर्मान्तरण के खिलाफ कानून वापस ले लिया है। भाजपा सरकार ने जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ कर्नाटक में कठोर कानून बनाया था। यही नहीं पाठ्यक्रम से भी संघ से जुड़े राष्ट्रवादी महापुरुषों को हटाकर कांग्रेस के अपने पूर्वजों को शामिल किया जा रहा है। इस कदम से साबित होता है कि कर्नाटक सरकार को उनके हिन्दू मतदाताओं से कोई सरोकार नहीं है। गोहत्या व धर्मान्तरण जैसे मुद्दे सीधे हिन्दू आस्था से जुड़े हैं इसलिए शायद कर्नाटक सरकार के लिए ये मुद्दे महत्वहीन हैं और अन्य समुदायों को सीधा तुष्टिकरण का सन्देश भी इस फैसले से जायेगा। राज्य सरकारों को ध्यान रखना चाहिए कि देश की जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सोच समझकर कोई निर्णय या प्रतिक्रिया दें। भारतीय जनता पार्टी के विरोध की आड़ में बहुसंख्यक हिन्दू समाज की आस्था व विश्वास को हाशिये पर रखना उचित नहीं है। इन क़दमों से हिन्दू समाज और एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में खड़ा होगा। इससे भाजपा-विरोधी दलों को सीधा नुकसान होना निश्चित है। कर्नाटक सरकार के फैसलों से कांग्रेस का चुनावी हिंदुत्व तथा मंदिरों की दौड़ की असलियत भी उजागर होती है जिसका खामियाजा उसे चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

-**मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### समान नागरिक संहिता

**विधि आयोग** ने सभी धार्मिक समुदायों से समान नागरिक संहिता पर उनके विचार मांगे हैं। न्यायपालिका ने अतीत में भी केन्द्र सरकार को निर्देश दिया था। फिर भी कांग्रेस के नेता जयराम रमेश समान नागरिक संहिता के मुद्दे को भाजपा का ध्रुवीकरण एजेंडा कह रहे हैं। इसका सीधा सा अर्थ यह है कि कांग्रेस ने तो संविधान को मानती है और न ही संविधान निर्माताओं की भावना का आदर करती है। संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में स्पष्ट लिखा कि देश में सभी नागरिकों के लिए समान कानून लागू करना सरकार का दायित्व है। आश्चर्य है कि जब संविधान देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है तो फिर यह अधिकार बिना समान कानून के कैसे पूरा होगा? क्या जिन देशों में समान संहिता लागू है वहां नागरिकों के बीच कोई भेदभाव सुनने में आता है? अमेरिका सहित सभी यूरोपीय देश इसके उदाहरण हैं। जयराम रमेश के पास क्या इस प्रश्न का उत्तर है कि यदि समान नागरिक संहिता ध्रुवीकरण का एजेंडा है तो कर्नाटक सरकार द्वारा धर्मांतरण विरोधी कानून को समाप्त करना क्या है? यह कदम तुष्टीकरण व हिन्दू समुदाय के विरुद्ध है।

- **डा. नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### सूखे की आशंका

**दुनिया** भर में मानव जीवन के लिए, खाद्यान्न पैदा करने के लिए, उद्योगों के लिए व अनेकों जरूरतों के लिए पर्याप्त बारिश का होना अत्यधिक आवश्यक है। मगर मानव द्वारा प्रकृति के अत्यधिक दोहन और कई तरह से उसमें विसंगतियां पैदा करने के चलते पूरी पृथ्वी का ही ईको सिस्टम गड़बड़ा गया और अल नीनो प्रभाव जैसी विचित्र स्थितियां पैदा होने लगी। इनके चलते कभी गर्मी, सूखा तो कहीं बाढ़ अपना रौद्र रूप दिखाने लगे। कुल मिला कर कहें तो पर्यावरण का प्रभाव अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ राजनीति पर भी भरपूर पड़ता है। क्योंकि जनता के भोजन, पानी, स्वास्थ्य, आदि की व्यवस्था करना सरकारों का ही कर्तव्य है। और हमारे देश में तो प्याज व टमाटर जैसे मामूली चीजों के दामों ने सत्ता पलट कर दिया।ऐसे में यदि सूखा पड़ गया तो विभिन्न राज्य सरकारों व केन्द्र सरकार तथा वहां सत्तारूढ़ दलों की चिन्ता बढ़ जाएगी। जनता जलवायु परिवर्तन जैसी व्यापक समस्याओं को छोड़ कर अपनी परेशानियों के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराएगी और चुनाव में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### खालिस्तान समर्थक

**खालिस्तानी** आंदोलन को अपना अंदरूनी समर्थन देकर कनाडा की त्रूदो सरकार अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है। पंजाब में जब खालिस्तानी आंदोलन चरम पर था कनाडा ने उसे हवा देने का काम किया है। खालिस्तान आंदोलन की मातृ संस्था कनाडा में ही है, यह कहना गलत नहीं होगा। जब जब भी खालिस्तान को लेकर कोई घटना हुई है कनाडा से प्रतिक्रिया जरूर आई है। लेकिन शायद कनाडा आतंकवाद के दुष्परिणामों से ठीक से वाकिफ नहीं है। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए क्या-क्या जतन नहीं करता? उसके बजट की एक बड़ी राशि भारत-विरोधी गतिविधियों को संचालित करने में ही खर्च हो जाती है नतीजन पाकिस्तानी जनता बुनियादी सुविधाओं को तरसती है। आज उसकी हालत इसी वजह से पस्त है। कनाडा दूसरों के घर में आग लगाने का ख्वाब देखने से पहले पाकिस्तान की अंदरूनी हालत का जरूर आकलन कर ले। सिख समुदाय को कनाडा पर दबाव डालना चाहिए कि वह खतरनाक रास्ता न अपनाए क्योंकि इससे द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे।

-**अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 जून 2023



# दिसंबर 2024 तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेस वे

● चित्रकूट और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे निर्माण होगा शीघ्र ●गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी विकसित होगा औद्योगिक क्लस्टर ●सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर कराएं वृहद पौधारोपण के सीएम ने दिए निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि गंगा एक्सप्रेस वे प्रत्येक दशा में दिसंबर 2024 तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित कर लिया जाए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते साढ़े 05 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस.वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 05 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। बॉर्डर एरिया कनेक्टिविटी में आशातीत सुधार हुआ है। बेहतर कनेक्टिविटी विकास को रफ्तार देने का सबसे प्रमुख माध्यम है। नए भारत में नए उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। आज पूर्वांचल एक्सप्रेसए बुंदेलखंड एक्सप्रेस को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद वर्तमान में गंगा एक्सप्रेसवे और



गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को झांसी और चित्रकूट से जोड़ा जाना आवश्यक है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह दोनों नए एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड की तरक्की की तेज करने वाले होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे लगभग 20 किमी का होगा, जबकि झांसी लिंक एक्सप्रेसवे 125-135 किमी के लगभग होगा। दोनों नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए विधिवत अध्ययन करते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भूमि क्रय करने की प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रारंभ कर दी जाए। कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि इस वर्ष वन महोत्सव के अवसर पर सभी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पौधे लगाए जाएं। पौधों की उपलब्धता वन विभाग द्वारा कराई जाएगी। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस के दोनों ओर औद्योगिक क्लस्टर के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आईएमएलसी स्थान इंटरचेंज के अधिकतम 03 किमी के भीतर ही हो। क्लस्टर के लिए भूमि चिन्हित कर नियमानुसार तत्काल अधिग्रहीत की जाए। धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए।

# बूथ स्तर पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने राजधानी लखनऊ में मध्य विसमें मण्डल.एक के बूथ संख्या 266 में उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना जबकि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पश्चिमी विधानसभा के पश्चिम मंडल.3 के बूथ संख्या 51 सिटी कान्वेंट स्कूल पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा का एक.एक कार्यकर्ता हर समय जनता के बीच रहकर उनसे संवाद कर रहा है। भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से जनता खुश है। मोदी सरकार द्वारा उठाये जा रहे हर एक निर्णयों व योजनाओं पर जनता का पूर्ण समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है यही कारण है कि प्रधानमंत्री आज न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व भारत के प्रधानमंत्री की कार्यशैली और दूरदर्शिता से प्रभावित है। पीएम के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर देश के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

## पूर्व मुख्य सचिव अखंड प्रताप के निधन पर सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**संवाददाता।** लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के पिताजी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री अखंड प्रताप सिंह जी 79 वर्ष के निधन पर गहरा दु:ख जताते हुए दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अखंड प्रताप सिंह जी उत्तर प्रदेश आईएएस काडर 1967 बैच के अधिकारी थे। उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव के अतिरिक्त कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए जनहित में बहुत कार्य किया था और प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू कराया था।

# गीता प्रेस गोरखपुर को मिलेगा गांधी शांति पुरस्कार

● सीएम योगी ने जताया पीएम का आभार

● भारत सरकार ने की गांधी शांति पुरस्कार 2021 की घोषणा

**लखनऊ।** भारत सरकार ने गांधी शांति पुरस्कार 2021 की घोषणा कर दी है। धार्मिक पुस्तकों को प्रकाशित करने वाली दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी पीस प्राइज देने का फैसला लिया गया है। धर्मए संस्कृति और परंपरा को समेटे गीता प्रेस गोरखपुर को दिए जाने वाले इस सम्मान पर सीएम योगी ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए खुशी व्यक्त की है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सीएम योगी ने लिखा, भारत के सनातन धर्म के धार्मिक साहित्य का सबसे महत्वपूर्ण केंद्रए गोरखपुर स्थित गीता प्रेस को वर्ष 2021 का 'गांधी शांति पुरस्कार' प्राप्त होने पर हृदय से बधाई। स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मिला यह पुरस्कार गीता प्रेस के धार्मिक साहित्य को एक नई उड़ान देगा। इसके लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार।

उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने सर्वसम्मति से गीता प्रेसए गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार के रूप में चुनने का फैसला किया। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने वालों को हर साल यह पुरस्कार दिया जाता है। 1995 में भारत सरकार ने इसकी शुरूआत की थी। गांधी शांति पुरस्कार पाने वालों को एक करोड़ रुपयेए एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकलाए हथकरघा आइटम दिया जाता है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बना रही सरकार

● प्रयागराज में 20, आजमगढ़ में 23, सहारनपुर में 19 व गोरखपुर में 17 प्रेरणा कैंटीन चल रही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहोंए संकुल स्तरीय संगठनों व ग्राम स्तरीय संगठनों से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर निर्भर बनाने लिये प्रभावी व ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन खोली गयी हैं। इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ साथए आमदनी बढ़ने से अपने घर.परिवार का आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक विकास और अधिक बेहतर ढंग से कर सकेंगी। मरीजों सहित तीमारदारो को भी इन दीदी कैफे से ताजा भोजन और नास्ता मिल रहा है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति को संवारने वाला यह महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मन्शा जाहिर की है कि इन प्रेरणा कैंटीनों में मोटे अनाज के व्यंजन भी बनाए जाय तो और अधिक बेहतर होगा।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती सी0 इन्दुमती ने बताया कि समूहों की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिये विभाग द्वारा हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं और समूहों की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। मिशन निदेशक सी. इन्दुमती द्वारा मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि प्रेरणा कँटीन संचालन हेतु सामुदायिक निवेश निधि ग्राम संगठन आजीविका निधि अथवा सी सी एल का उपयोग करवाते हुए कैंटीन हेतु ऐसे स्थान का चुनाव किया जाए जहां पर आवागमन ज्यादा होए जिससे स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा आम जनमानस द्वारा भी कैंटीन का उपयोग किया जा सके तथा समूहों को भी नियमित व निश्चित लाभ प्राप्त होए और जारी दिशा निर्देशो का यह असर देखने को मिल रहा है कि सभी 832 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रेरणा कैंटीन समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित हो रही हैं।

स्वस्थ प्रदेश.खुशहाल प्रदेश की अवधारणा को साकार करते हुए सरकार महिलाओं के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उन्नयन के लिए पर विशेष रूप से फोकस कर रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य, स्वावलंबन और रोजगार से महिलाओं को जोड़ रही है। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना कारगर बन रही है। एक तरफ जहां प्रेरणा कैंटीन के जरिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैंए वहीं सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के तीमारदारों को पौष्टिक व कम दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

जननी सुरक्षा के तहत गर्भवती को भी पौष्टिक भोजन की व्यवस्था हो रही है। सीएचसी पर प्रेरणा कैंटीन खोलने का उद्देश्य है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत संचालित समूह की महिलाओं को रोजगार दिया जा सके। महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर सरकार फोकस कर रही है। ग्रामीण आजीविका मिशन की यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इससे महिलाओं के साथ ही स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से शुद्ध भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### महिलाओं ने संभाली कैंटीन, मरीजों को भी गरमागरम भोजन

अस्पताल में भर्ती रोगियों व तीमारदारों को कैंटीन का गरमागरम भोजन मुहैया कराने का उद्देश्य स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना भी है। महिलाओं के हाथों का बना खाना जहां मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य दिला रहा हैए वहीं स्वयं सहायता समूह की यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भरता से भी जोड़ रही है। मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सी. इन्दुमती के नेतृत्व में में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने देश में पहली बार प्रदेश के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर समूह द्वारा संचालित 832 प्रेरणा कैंटीन की स्थापना करते हुए समूह सदस्यों के जीवन में एक अभूतपूर्व परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है इस कार्य को मुकम्मल अन्जाम देने के लिए सी इन्दुमती ने प्रदेश के समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों व आजीविका मिशन से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व समूह सदस्यों की सराहना की है।

# यूपी में पूरी तरह से अराजकता है:अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पूरी तरह से अराजकता है। सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है और बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई हैं। भीषण गर्मी और लू से आम जनता बेहाल है लेकिन भाजपा सरकार जनता को न बिजली दे पा रही है न इलाज करा पा रही है और नहीं सुरक्षा मुहैया करा रही है। अखिलेश ने कहा कि गर्मी और हीटस्ट्रोक से बलिया जिला अस्पताल में 24 घंटे में 36 मौतें होना दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना है। बलिया में 8 दिनों में 121 मरीजों की मौत हो चुकी है। अस्पतालों में गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। अखिलेश ने कहा है कि पूरे प्रदेश में बिजली को लेकर हाहाकार है, लेकिन यह सरकार अपने घमंड में मदमस्त है। अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा सरकार ने बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार ने अपने 6 साल के कार्यकाल में एक भी बिजलीघर नहीं बनाया और नही एक यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ाया।

अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश की जनता को जो आज बिजली मिल रही है वह समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में बने पावर प्लांट के उत्पादन से ही मिल रही है। समाजवादी सरकार ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया था। पांच साल में बिजली उत्पादन दोगुना कर दिया थाए लेकिन भाजपा सरकार की अकर्मण्यता ने यूपी को फिर बिजली संकट के दल.दल में पहुंचा दिया है। अखिलेश ने कहा है कि भाजपा सरकार के सारे दावों की पोल आम जनता के सामने खुल चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री हर दिन बड़े.बड़े दावे करते हैं और झूठ बोलते हैं लेकिन सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक दवाएं ही नहीं हैं। अब जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू में तप रहा है तब बिजली संकट होना सरकार की विफलता है। मुख्यमंत्री और अधिकारी अपनी नाकामी छुपाने के लिए एक.दूसरे पर आरोप.प्रत्यारोप कर अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डाल रहे हैं।

# बसपा सरकार में मंत्री रहे कमलेश भारती कांग्रेस में शामिल

● भाजपा सरकार में आर्थिक असमानता बढ़ी है: बृजलाल खाबरी



**लखनऊ।** युद्धस्तर पर सदस्यता अभियान में जुटी प्रदेश कांग्रेस ने बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंत्री समेत आजाद समाज पार्टी के एक बड़े धड़े को तोड़कर कांग्रेस में शामिल किया। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने आजाद समाज पार्टी, के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं बसपा सरकार में राज्यमंत्री रहे कमलेश भारती एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य राजकुमार गौतम सहित उनके सैकड़ों समर्थकों को कांग्रेस पाटी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे भी मौजूद रहे। सदस्यता समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के बीते नौ वर्षों में अतिपिछडा, दलित विरोधी नीतियों के कारण घोर आर्थिक असमानता बढ़ी है। दलित पिछड़ो के वोट के दम पर सत्ता हासिल करने के बाद भी भाजपा शासन में उत्तर प्रदेश समेत समूचे देश में उनके अधिकारों का हनन बढ़ा है, मीडिया एवं सोशल मीडिया में उत्पीड़न की घटनाएं प्रतिदिन उजागर हो रही हैं। दलितों, पिछड़ों के नाम पर प्रदेश में 4 बार सरकार बना चुकी बहुजन समाज पार्टी आज बाबा साहब एवं कांशीराम के वैचारिक मिशन से भटक चुकी है, और आज भाजपा, आरएसएस की नफरत विद्यटन की फासिस्टवादी सोच के साथ मिलकर देश के संविधान को कमजोर और दलितों के संवैधानिक अधिकारों को छीन रही है।

खाबरी ने कहा कि दलित, पिछड़ा समाज आज आशा भरी निगाहों से राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त कर रहा है। उनके नेतृत्व में चली आपसी बन्धुत्व एवं प्रेम का संदेश देने वाली ष्भारत जोड़ो यात्राष् से आत्मीयता के साथ जुड़ चुका है। दलितए पिछड़ो, अल्पसंख्यकों के साथ ही आज देश प्रदेश का किसान, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी भी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से बुरी तरह त्रस्त हैं। इसी वजह से पूर्ण उम्मीद व विश्वास के साथ आज प्रदेश भर के सभी जनपदों एवं ब्लाकों में विभिन्न दलों और सोच के नेतागण व उनके समर्थक कांग्रेस पार्टी में अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए शामिल हो रहे हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी भारी तादाद में सपा, बसपा, भाजपा, आप, एमआईएम समेत विभिन्न दलों के शामिल हो रहे नेतागणों का कांग्रेस पार्टी स्वागत करती है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व पार्षद संजय हिरवानी, अजय रावत, पंकज वर्मा, सुरेन्द्र विटनी, विद्यासागर गौतम सीमा देवीए सत्या महिला एकता कल्याण समिति की अध्यक्ष रीतु सिंह ने भी कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रदेश महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, राजेश सिंह काली, अमित श्रीवास्तव त्यागी, राजेश जायसवाल सहित प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने परखी पार्टी की महिला सांगठनिक ताकत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव 2024 के मद्देनजर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय पर महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लिया। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर महिला कांग्रेस की संगाठनिक मजबूती पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष मध्य जोन ममता चौधरी ने किया। समीक्षा के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे भी मौजूद रहें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि बिना आधी आबादी के समुचित सम्मान, सहयोग के बगैर कोई भी समाज एकोई भी देश एकोई भी संगठन तरक्की नहीं कर सकता है। बीजेपी शासनकाल में महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार देश की आधी आबादी को पड़ी है। देश के स्वाभिमान सम्मान की रक्षा के लिए महिला कांग्रेस ने सदैव गौरवशाली कीर्तमान स्थापित किया है। खबरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की जांबाज महिला नेत्रियों को ग्राम पंचायत और बूथ स्तर तक अपनी मजबूत सांगाठनिक तैयारी करनी होगी। जिसके लिए शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में सघन जनसंपर्क करने के साथ महिला हितों के कार्यक्रम चलाने होंगे।इसके साथ ही महिलाओं के हितों की रक्षा के लिएए उनके आवश्यक मुद्दों पर सड़कों पर भी उतरकर व्यापक संघर्ष करना होगा। महिला कांग्रेस की इस महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनसूया शर्मा, उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, संजू शुक्ला, प्रीति गौतम, रितु राहुल सोनकर, अनिता तिवारी आदि महिला नेता गण मौजूद रही।

# निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए भूमि अधिग्रहण की बनीं रणनीति

● औद्योगिक विकास के लिए नोडल एजेंसी यूपीसीडा ने अपने भूमि बैंक के विस्तार की बनाई योजना'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट के बाद योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए कमर कस चुकी है। 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए बड़े पैमाने पर भूमि की आवश्यकता है, जिसको लेकर सरकार व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उप्र में अपने भूमि बैंक को दृढ़ता प्रदान करने और तीव्र औद्योगिक विकास की दिशा में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बड़े कदम उठाए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्य कर रही यूपीएसआईडीए ने विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ अपने भूमि बैंक का विस्तार किया है, बल्कि अनुपयोगी, विवादित, दीवालिया घोषित और बंद पड़े भूखंडों का अधिग्रहण करने के लिए 4 सूत्रीय रणनीति भी बनाई है।

**विभिन्न जिलों में ग्राम सभा भूमि का किया जा रहा अधिग्रहण**

यूपीएसआईडीए औद्योगिक विकास के संवर्धन के लिए उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फैली 871 एकड़ से अधिक ग्राम सभा भूमि का अधिग्रहण करने में सफल रहा है। इसके अतिरिक्त 1300 एकड़ ग्राम सभा भूमि की भी पहचान की गई है और यूपीएसआईडीए सक्रिय रूप से विभिन्न जिलों में औद्योगिक विकास के लिए भूमि का अधिग्रहण करने के लिए प्रयासरत है।

**भारत सरकार की अनुपयोगी भूमि का अधिग्रहण**

यूपीएसआईडीए सक्रिय रूप से भारत सरकार के साथ बड़े भूखंडों का अधिग्रहण करने के लिए काम कर रहा हैए जिसमें भारत सरकार के रुग्ण हो गए हैं या निष्क्रिय हो चुके हैं। प्रयागराज में बीपीसीएल की भूमि (लगभग 231 एकड़) और स्कूटर इंडिया की भूमि (लगभग 147 एकड़) यह दो उदाहरण हैं जिसमें यूपीएसआईडीए ने इस अभिनव पहल के अंतर्गत भारत सरकार के भूखंडों के अधिग्रहण का प्रयास किया है। यूपीएसआईडीए की यह रणनीति राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन की अवधारणा के अनुरूप है।

**दीवालियापन और विवादित भूमि का न्यायालय की मदद से अधिग्रहण**

यूपीएसआईडीए औद्योगिक विकास के लिए सक्रिय रूप से उन भूखंडों का अधिग्रहण करने के लिए प्रयासरत है जो दीवालियापन घोषित होने प्रक्रिया के या विधिक मुकदमेबाजी के परिणामस्वरूप फंसे हुए हों। कुशल विधिक पेशेवरों की सहायता और रणनीतिक योजना के माध्यम से यूपीएसआईडीए अपने उद्देश्यों के लिए महत्त्वपूर्ण भूखंडों को मुक्त करने में सक्षम रहा हैए जैसे प्रतापगढ़ में ऑटो ट्रैक्टर लिमिटेड की भूमि (97 एकड़) और हाथरस में सलेमपुर (580 एकड़)।

**खराब या बंद पड़े भूखंडों का अधिग्रहण**

उप्र सरकार के ऐसे उद्यमों के प्रमुख भूखंडों की पहचान करके ऐसे भूखंडों का अधिग्रहण करने का प्रयास करना जो या तो खराब स्थिति में हैंए या तो बंद हो चुके हैं या बंद होने वाले हैं। उप्र की वर्तमान में निष्क्रिय हो चुकी कताई मिलों, कपड़ा मिलों आदि जैसे उद्योगों के भूखंडों की पहचान की गई है।

**निवेशकों की आवश्यकताओं की हो रही पूर्ति**

यूपीएसआईडीए उद्योग भागीदारों और निवेशकों के साथ सक्रिय रूप से कार्यरत है ताकि मौजूदा भूखंडों का उपयोग करके राज्य भर में नव नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के लिए भूखंडों की व्यवस्था करना यूपीएसआईडीए की प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक है। ये समझौता ज्ञापन उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों, जिलों और यूपीएसआईडीए के क्षेत्रीय कार्यालयों को आच्छादित करते हैं। इन प्रतिबद्धताओं को नियोजित करकेए यूपीएसआईडीए का उद्देश्य इन समझौतों के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करते हुए तीव्र गति से पूरा भी करना है।

# काशी विश्वनाथ धाम में 1000 लोग एक साथ करेंगे योग

**लखनऊ/वाराणसी।** आदियोगी भगवान शिव और विश्व के प्रथम योगगुरू महर्षि पतंजलि की कर्मभूमि है काशी नगरी। इस वर्ष 21 जून को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक साथ 1000 लोग श्री काशी विश्वनाथ धाम से दुनिया को निरोग रहने का की कामना करेंगे। काशी से योगी का संदेश देने के लिए योगी सरकार ने बृहद् स्तर पर प्लान बनाया है। विश्वनाथ कॉरिडोर में योग दिवस के दिन एक साथ हजार लोग सूर्य नमस्कार भी करेंगे। विश्वनाथ धाम के अलावा काशी के प्रमुख 30 घाटों पर 21 जून को वृहद योग कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही है। इसके अलावा पर्यटन स्थलोंए शिक्षण संस्थानों सहित अन्य जगहों पर भी योग दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही है। सरकार 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह भी मना रही है। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने और भागीदारी के लिए ष्हर आंगन योगष् नारे के साथ सप्ताह भर से योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

# इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिलेंगी बेहतर खेल सुविधाएं: डॉ.नवनीत सहगल

● गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में साइकिल ट्रैक सहित विभिन्न खेलों के लिए सुविधाएं विकसित होंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उप्र ने हाल ही में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम का सफल आयोजन किया। खिलाड़ियों को दी गई सुविधाओं की प्रशंसा सभी ने मुक्त कंठ से की। आगे भी खिलाड़ियों को बेहतर माहौल तथा सुविधाएं दी जाएंगी एवम खेलों के बड़े आयोजन प्रदेश में किए जाएंगे, जिससे प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं दिए जाने के लिए लखनऊ में कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में फुल्ली कवर्ड स्टेडियम में विभिन्न खेलों के लिए इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि इंडोर स्टेडियम में एथलीट हेतु 200 मीटर सिंथेटिक रनिंग ट्रेकए कुश्ती हेतु दो अखाड़े बनाए जाएंगे। इसके साथ ही स्टेडियम में लंबी कूद, बॉक्सिंग, हैंडबॉलए बांस कूद खेल की सुविधा उपलब्ध होगी। स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी आदि प्रैक्टिस मैचों के लिए प्राविधान होगा। स्टेडियम फुल्ली कवर्ड होगा। रूफ पर पॉलीकार्बोनेट सीट के स्थान पर एल्यूमिनियम एंड टेंसाइल फैब्रिक का कार्य कराया जाएगा। सोलर पैनल 150 केडब्ल्यूपी तथा स्पोर्ट्स एरिया वेंटिलेशन एवं फ्रेश एयर का भी प्रावधान होगा।

डॉ. सहगल ने बताया कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम तथा महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग.अलग चेंजिंग रूम का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेलों से संबंधित एक प्रशासकीय कार्यालय भी स्टेडियम में मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में डीप ट्यूब वेलए अंडरग्राउंड संपए सब स्टेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पंप हाउस, फायर पंप रूमए फायर फाइटिंग, फायर अलार्म, आंतरिक विद्युतीकरण, पावर वायरिंग, हाईमास्ट, एचवी, एसी, जनरेटर, विद्युत सर्विस कनेक्शन, कंप्यूटर नेटवर्किंग, एलईडी डिस्प्ले, ईपीवी एक्स., सीसीटीवी इत्यादि स्टेडियम में लगाए जाएंगे। डॉक्टर सहगल ने बताया कि स्टेडियम में वीआईपी चेयर्स, प्लेयर्स चेयर्स, दर्शक दीघा चेयर, सामान्य टॉयलेट, एट्रियम, पाथवे एवं पार्किंग, पाइल पार्क, साइनेज एवं हार्टिकल्चर तथा 25 केएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट भी लगाया जाएगा।

# बिजली कटौती से सूखने लगीं फसलें

- विद्युत संचालित लघु और मध्यम उद्योग धंधे भी प्रभावित
- फसलों को नष्ट होता देख किसान कर रहे धरना प्रदर्शन
- लो वोल्टेज की समस्या जले पर छिड़क रही नमक
- नलकूप ही नहीं घरों में लगे समर सेबिल भी नहीं चल रहे

**संवाददाता।** सीतापुर।

**एक** तरफ आसमान से आग बरस रही है, सीतापुर में तापमान 39 डिग्री जा पहुंचा है। तो दूसरी तरफ बिजली की अघोषित कटौती जले पर नमक छिड़कने जैसा काम कर रही है। यानी की बाहर भीषण गर्मी पड़ रही है और घर से बिजली गायब है ऐसे में आम जनमानस जाए भी तो कहां। उपभोक्ता ऊपर वाले से गर्मी का सितम कम करने और प्रशासन से बिजली की बेहतर सप्लाई के लिए गुहार लगा रहे है, लेकिन उनकी न तो परमात्मा सुन रहा और न ही प्रशासन। कहीं कहीं आक्रोशित उपभोक्ता विरोध प्रदर्शन तक कर रहे है। बिजली न आने से फसलों की सिंचाई न कर पाने से परेशान मिश्रिख क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने शनिवार रात नैमिषारण्य में पावर हाउस परिसर में चारपाई में डालकर अनोखे ढंग से धरना देना शुरु कर दिया था। जिससे महकमे के अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए थे। हालांकि आश्वासन पर किसान मान गए लेकिन यदि आपूर्ति मे सुधार न हुआ तो हालात बिगड़ भी सकते है। बता दें बिजली विभाग हर साल गर्मी का सीजन आने से पहले व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करने के नाम पर कई–कई घंटे की कटौती करता है। हालांकि इस दौरान उपकरणों की मरम्मत भले ही की जाती हो लेकिन जैसे ही गर्मी प्रंचड रूप अख्तियार करती है वैसे ही बिजली की आवाजाही का खेल शुरु हो जाता है। पिछले कई सालों की तरह इस बार भी सूबे की राजधानी से सटे सीतापुर में बिजली की आंख मिचौली का खेल जारी है। बिजली की अघोषित कटौती नगरो, कस्बों के साथ ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर हो रही है। दावा कुछ भी किया जा रहा हो लेकिन सच्चाई यह है कि लो वोल्टेज और थोड़ी–थोड़ी देर पर बिजली की आवाजाही से न तो उद्योग धन्धे सुचारू रुप से चल पा रहे है, और ना ही किसान अपने फसलों की सिचांई कर पा रहा है। देहात क्षेत्र में मुश्किल से चार या पांच घंटे बिजली की सप्लाई हो रही है, बिजली कब आएगी इसका भी कोई समय निश्चित नहीं है। आई इंडिया आपको कस्बा कुतुबनगर, नेरी हेमपुर, केसरीगंज, थानगांव, सिधौली, सिधौली देहात और रेउसा क्षेत्र में बिजली की कैसी सप्लाई है इसके हालातों से रुबरु कराएगा।

# महिला अधिकारों के प्रति पुलिस ने किया जागरुक

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**महिला** सशक्तिकरण को लेकर रविवार को खैरीगढ़ प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पुलिस ने गांव की महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। एसआई राजेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि घरेलू हिसा से बचने का सही तरीका है जब भी आपके साथ कोई अप्रिय घटना घटे तो उसको छिपाने के बजाए अपने शुभचितकों को जरूर बताएं। जो महिला किसी बात को लेकर अपने स्वजन से न कह पाती हों वह महिला हेल्पडेस्क नंबर 1076 महिला कांस्टेबल से अपनी समस्या कहें। कही भी आते.जाते समय कोई छेड़ता हो या पीछा करता हो तो महिलाएं बेझिझक होकर 1090 व 112 हेल्पलपाइन नम्बर पर सूचना दें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी। महिला कांस्टेबल नीलम व बबिता यादव ने कहा कि महिलाएं बेफिक्र होकर कहीं भी आएं.जाएं बस उनके अंदर सतर्कता और जागरूकता होनी चाहिए। महिला सशक्तीकरण अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि उनके अंदर का भय समाप्त हो। इस दौरान गांव की कई महिलाएं उपस्थित रहीं।



# गेहूं पिसाने जा रहे व्यक्ति को सांड ने पटक कर मार डाला

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**थाना** कलान क्षेत्र के गांव कबरा सलेमपुर में गेहूं पिसाने जा रहे व्यक्ति को आवारा पशु ने पटक पटककर मार डाला। घटना के बाद आसपास ग्रामीण मौजूद नहीं थे। घर से करीब एक किलोमीटर दूर आवारा पशु ने हमला किया। व्यक्ति एक तांगे पर बैठकर आटा पिसाने के लिए जा रहा था। आवारा पशु ने तांगे को भी पलट दिया था। परिजनों का कहना है कि, आवारा पशु फसल तो बर्बाद कर ही रहे हैं। साथ ही लोगों की जान भी ले रहे हैं। सरकार और प्रशासन को इसकी व्यवस्था करना चाहिए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 45 वर्षीय नन्हेलाल तांगे पर बैठकर गेहूं पिसाने जा रहे थे। घर से करीब एक किमी दूर पहुंचने पर उनके ऊपर आवारा पशु ने हमला कर दिया। आवारा पशु ने तांगे को पलट दिया। तांगे से गिरने के बाद नन्हेलाल पर सांड ने हमला कर दिया। कई बार नन्हेलाल को जमीन पर पटक दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के समय मौके पर ग्रामीण मौजूद नहीं थे। कुछ देर बाद वहां से निकलने वाले लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि, इससे पहले भी आवारा पशु कई लोगों पर हमला कर घायल कर चुके हैं। कई लोगों की मौत तक हो गई है। फसल को भी बर्बाद कर देते हैं। आते–जाते लोगों पर कभी भी हमला कर देते हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन इस कोई ध्यान नही देता है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि, आवारा पशु ने व्यक्ति पर हमला कर दिया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लाइन लॉस को कम किया जाए: एमडी

- विद्युत आपूर्ति एवं कामर्शियल पैरामीटर की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर




**एमडी,** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन पंकज कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विद्युत आपूर्ति एवं कामर्शियल पैरामीटर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान एमडी द्वारा निर्देश दिए गए कि लाइन लास को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि टैगिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये। शासन की मंशा के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। विद्युत बिलों में कोई भी गड़बड़ी ना हो या भी सुनिश्चित करने के निर्देश देते एमडी महोदय ने कहा कि यदि किसी फ्रेंचाइजी के स्तर से कोई गड़बड़ी पाई जाये तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सभी सब डिवीजन में विद्युत बिल वसूली, लाइन लॉस आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार करें। अधिक लाइन लास वाले सब डिवीजन में सुधार हेतु भी उन्होंने निर्देश दिए। एमडी श्री पंकज कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्टोर द्वारा सामानों की आपूर्ति के विषय में भी समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि सामान आपूर्ति होने में कोई भी विलंब ना हो, इसके लिए समय से इंडेंट प्रेषित करना सुनिश्चित करें। वर्कशॉप स्तर पर भी समस्याओं के विषय में एमडी महोदय द्वारा जानकारी ली गई। उन्होंने कहा सघन चेकिंग अभियान चलाया जाये तथा चेकिंग अभियान में निर्धारित प्रोटोकाल का पूरा ध्यान रखा जाए। विद्युत विभाग की लंबित आर सी की अभियान चलाकर रिकवरी कराए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन, चीफ इंजीनियर राजीव कुमार शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीतापुर से होकर गुजरेगी वंदे भारत रेल

**सीतापुर।** मिशन 2024 फतह को लेकर जनता के बीच लगातार उपलब्धियां गिना रही भाजपा हर वर्ग को अपने साथ लाने में दिन रात एक किए हुए है। रविवार को खैराबाद ब्लाक में कार्यक्रम के जरिए मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों का बखान किया गया। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने मीडिया से कहा कि सीतापुर वासियों को जल्द ही वंदे भारत की सौगात मिलेगी। सांसद ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गिनाते हुए कहा कि हमारा संगठन देश के हर घर तक पहुंच चुका है। इस बार यूपी में सभी 80 सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि अब सीतापुर में ट्रिपल इंजन की सरकार है सब तरफ विकास होगा। कार्यक्रम में अचिन मेहरोत्रा, अजय विश्वकर्मा, नपाप खैराबाद चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, पवन सिंह शिल्पी, अपूर्व अग्रवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गौशाला में सुनी मोदी के मन की बात

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी

**अवध** क्षेत्र के उच्च क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहें। मन की बात कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश मोदीजी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा हैं जिसकी वैभव गाथा पूरा विश्व गा रहा है। मन की बात कार्यक्रम के बाद सम्पर्क से समर्थन तक महाअभियान के निमित्त सेवानिवृत्त सैनिक देव प्रकाश वर्मा एवं प्राइवेट डाक्टर एशोसिएशन के अध्यक्ष डाण् अनुपम बाला से सम्पर्क कर पार्टी के टोलफ्री नंबर 9090902024 पर मिस काल करवाया। कार्यक्रम आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरजन लाल वर्मा पूर्व भूमि विकास बैंक चेयरमैन, विजय माहेश्वरी जिला उपाध्यक्ष, ईश्वर दीन वर्मा, धर्मेंद्र सिंह जिला महामंत्री किसान मोर्चा, विनोद स्वर्णकार जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, धीरज वाजपेयी नगर मंत्री, विमलेश वर्मा नगर कोषाध्यक्ष, सुनील शर्मा नगर मंत्री, राजीव वर्मा, विनोद वर्मा, सुभम राठी, सीमा सक्सेना नगर उपाध्यक्ष, गीता विश्वकर्मा म. मोर्चा अध्यक्ष, रेखा मिश्रा नगर उपाध्यक्ष , युवा मोर्चा अध्यक्ष स्वप्निल शुक्ला आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## क्विक न्यूज

### एसडीएम द्वारा थाना कोतवाली का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** रविवार को उपजिलाधिकारी सतीशचन्द्र सदर ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजीआरएस व मिशन शक्ति अभियान के अलावा कई बिन्दु पर पुलिस कर्मियों को हिदायत दी। एसडीएम ने कार्यालय मे सीसीटीएनएस पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी शेष कुमारी व आईजीआरएस पर कार्यरत नीतू राघव के कार्य कुशलता व कार्य को देखकर उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर अभिलेखों के अतिरिक्त कोतवाली परिसर में साफ सफाई तथा पीड़ित की रिपोर्ट तत्काल दर्ज करने व अपराधियों की धरपकड़ की हिदायत दी। इस मौके पर महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही थाना कोतवाली पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को वर्तमान मे प्रचलित मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

### डॉ. पंकज सिंह गौर किए गए सम्मानित

**सीतापुर।** पत्रकारिता एंव साहित्य के क्षेत्र में जनपद को गौरवान्वित करने वाले विशिष्ट प्रतिभाशालियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन सेठ बृजकिशोर टंडन सम्पत्ति ट्रस्ट व श्री बृजेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया। शहर के माल गोदाम निकट स्थित संस्थान परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मस्त हफीज रहमानी रहे। सम्मान समारोह में अन्य कवियों साहित्यकारों के अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में डाक्टरेड की उपाधि से हाल ही में विभूषित किए गए आई इंडिया के एडिटर इन चीफडॉक्टर पंकज सिंह गौर को स्मृति चिन्ह,सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को बतौर विशिष्ट अतिथि सम्बोधित करते हुए। सम्मान समारोह में ट्रस्ट ने वरिष्ठ पत्रकार सहित 35 से अधिक कवियों, शायरों को सम्मानित किया। समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष शोभित टंडन और राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक व शायर मस्त हफीज रहमानी ने भी विचार रखे। शोभित टंडन ने कहा कि ट्रस्ट ऐसे कार्यों में ही विश्वास करता है जिससे सामाजिक समरसता का विकास हो आपसी भाईचारा परवान चढ़े और लोग एक दूसरे के मददगार बने। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य दीन मोहम्मद रिजवी, सामाजिक कार्यकर्ता अनूप बाजपेई को भी सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्तिकेय शुक्ल, आशुतोष यादव, सुशील कुमार पांडेय, खुश्तर रहमान, अब्दुल कय्यूम अंसारी, रामकृपाल तिवारी ने भी विचार रखे। सम्मान समारोह में डा0 देवी सहाय त्रिपाठी, सूरज सीतापुरी, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, विपिन बिहारी, आनन्द विश्वकर्मा, नितिन त्रिवेदी, रिजवान अली खान, इल्यास चिश्ती, मन्जर यासीन, महफूज रहमानी, डा0 अखलाक अहमद अखलाक, झन्कार नाथ शुक्ल, हरेन्द्र विक्रम सिंह, राहित विश्वकर्मा, देवेन्द्र निडर, राम कुपाल तिवारी, विनोद शर्मा, जीएल गाँधी, अनिल अनिकेत, विनोद वियोगी, शिव शंकर दयाल तिवारी, अर्जुन श्रीवास्तव, संजय अवस्थी, पलक शुक्ला, प्रभुकान्त तिवारी, चन्द्र शेखर तिवारी, भुवनेश कुमार, चौतन्य त्रिवेदी सहित 35 कवियों शायरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मिट्टी की ढांग में दबकर महिला की मौत, तीन गंभीर

**बरेली।** गांव की महिलाओं के साथ पास में ही स्थित तालाब से मिट्टी निकालने गई चार महिलाए मिट्टी की ढाग में दब गई जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई तीन अन्य महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है।शाही थाने के गांव कुल्छा निवासी श्याम सिंह की पत्नी गुड़िया की आज सुबह गांव के पास स्थित तालाब से मिट्टी निकालते समय मिट्टी की ढाग में दबने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि गुड़िया आज सुबह अपने पड़ोस में रहने वाली विद्यावती समेत दो अन्य महिलाओं के साथ गांव के बाहर स्थित एक तालाब से मिट्टी निकालने के लिए गई थी सभी महिलाएं तलाक से मिट्टी निकाल रही थी इसी दौरान मिट्टी की ढाग अचानक चारों महिलाओं पर गिर पड़ी वह सभी मिट्टी के नीचे दब गई पास में मौजूद अन्य महिलाओं ने उनको मिट्टी के नीचे दबे देखा और राहत व बचाव का काम शुरू करते हुए घटना की जानकारी गांव के लोगों तक पहुंचाई कुछ देर बाद बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और मिट्टी हटाने का काम शुरू कर दिया कुछ देर बाद चारों महिलाओं को बाहर निकाल लिया गया लेकिन गंभीर रूप से घायल तीन अन्य महिलाओं को उनके घरवाले इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने गुड़िया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### उषा फार्म में मिली युवक की मिली लाश

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कुकरा चौकी क्षेत्र मदराया गांव के उषा फार्म के पास गन्ने के खेत में एक 20 वर्षीय लड़के की लाश पाई गई जिसकी पहचान अजीत कुमार निवासी मदराया के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक 3 दिनों से थाना मैलानी क्षेत्र से गायब था उसकी तलाश की जा रही थी। सूचना पाकर मौके पर सीओ गोला ने बांकेगंज पुलिस के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पचनामे के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृत पाए जाने पर परिवारजनों में रोष व्याप्त है।

### महिला को नशा देकर किया दुराचार

**बरेली।** शाम के समय सड़क पर जा रही एक महिला को अपरिचित व्यक्ति ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाने के बाद दुराचार किया और फरार हो गया लोगों ने महिला को झाड़ियों में देखा और पुलिस को सूचना दे दी उसने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को इलाज के लिए आज सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके परिजनों ने बताया कि महिला कल शाम को अपने किसी काम से घर से बाहर निकली थी लेकिन जब वह सुभाष नगर नगर पुलिया के पास पहुंची तभी एक व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोक लिया और उससे बातचीत करने लगा कुछ देर बातचीत के बाद उस व्यक्ति ने महिला को कोल्ड ड्रिंक पीने को दी जिसमें नशीला पदार्थ मिलाया गया था उसको पीने के बाद महिला को नशा हो गया तब कोल्ड ड्रिंक चलाने वाला व्यक्ति उसे अपने साथ पास में स्थित झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुराचार करने के बाद उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया सुबह होने पर महिला को लोगों ने झाड़ियों में बेहोशी की हालत में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### ट्रेन से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**शाहजहांपुर।** ट्रेन से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक कोच में गेट के पास बैठा था। दूसरे कोच में युवक का भाई था। दोनो धान के सीजन में हर साल पंजाब में मजदूरी करने जाते हैं। पुलिस ने युवक के कपड़े से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। युवक की मौत के बाद परिवार का रो रोकर बुरा हाल है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखीमपुर जिले के थाना ईशानगर क्षेत्र के गांव मुखलिसपुर निवासी 35 साल का बुद्ध अपने बड़े भाई के साथ ट्रेन से पंजाब जा रहे थे। दोनो भाई ट्रेन के अलग अलग कोच में बैठे थे। बुद्ध ट्रेन में कोच के गेट के पास बैठा था। स्टेशन पर पहुंचते ही बुद्ध ट्रेन से नीचे गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने से बुद्ध की मौके पर मौत हो गई। युवक के गिरने के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। उसके बाद जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पटरी से हटाकर कपड़े की तलाशी ली। कपड़े से मिले आधार कार्ड के आधार पर शिनाख्त कर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

# स्वशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय ने योग जागरूकता रैली निकाली

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहांपुर में योग सप्ताह 15 से 21 जून के अन्तर्गत योग जागरूकता रैली निकाली। जिसमें एमबीबीएस, पेरामेडिकल एवं नर्सिंग के सभी छात्र–छात्राओं ने स्लोगन प्रतियोगिता में स्वत: बैनर बनाकर रैली में प्रतिभाग किया। पीआरओ डा. पूजा त्रिपाठी पाण्डेय ने बताया बरेली मोड़ स्थित खाटूश्यामजी मंदिर से मुमुक्षु आश्रम तक योगा जागरूकता रैली निकालकर योग संदेश दिया। छात्रों के हाथों में योग पर स्वत: लिखे स्लोगन थे।?जिसमें किसी में करो योग रहो निरोग, स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग, योग बनाए जीवन का आधार आदि संदेश शामिल रहे। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने बरेली मोड़ पर राहगीरों, वाहन चालकों को भी योग के बारे में जागरूक किया।योगा जागरूकता रैली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का संचालन डॉव देवेश कुमार, डॉ पूजा त्रिपाठी पांडेय एवम डॉ गौरव के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम के द्वारा 21 जून को घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार डॉ किरण, डॉ राणा, जूनियर रेजिडेंट्स एवम सभी स्टूडेंट्स उपस्थिति रहे।



# हर समस्या के निस्तारण के लिए ऊपर तक लड़ता हूं

- मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने की प्रेसवार्ता

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**दर्जा** राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने एक गेस्ट हाउस में की पत्रकार वार्ता। उन्होंने कहा कि मैं इसी मिट्टी में पला बढ़ा और शिक्षा ग्रहण की है एहर समस्या के लिए ऊपर तक आप लोगों के लिए लडता दगडता रहा हूं। जिससे हमारे विधानसभा में हर समस्या का हल निकल सकेए राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अपने विधानसभा में 6 वर्षों में कराए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बतायाए उन्होंने कहा भाजपा सरकार में देश की सीमाएं है सुरक्षित है एभारत एक लोकतांत्रिक देश हैए हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए एमेरे द्वारा किसी राजनीतिक दल या जाति के आधार पर कभी नहीं किया गया कोई कामए सभी को न्याय दिलाने करा प्रयास किया जाता हैए सड़कए बिजलीए पानी तथा आम समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर करायी। प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारी विधानसभा मे सरकारी विद्यालयों की स्थित बहुत बेहतर हुई है। विधानसभा में 51000 आशुमाश कार्ड बने हैं, वही मेरे माध्यम से लगभग 1.50 करोड रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से इलाज के लिए पीड़ित बच्चों को दिलाए गए हैं। 50,000 उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर, वही किसान कल्याण निधि योजना के अंतर्गत किसान भाई लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में बिजली की स्थित बहुत बेहतर हुई। गुलरिया, रामपुर और सिसौरा मे नए बिजली घर स्थापित करने की योजना चल रही है। इनके बन जाने के बाद विधानसभा में 13 पावर हाउस हो जाएंगे। वही जंगली नाथ मंदिर में 50 लाख की लागत से उसका सौंदर्यीकरण कराया गया है। विधानसभा में एक करोड़ की लागत से एक और मंदिर का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। क्षेत्र में लगभग 52 सौ नए विद्युत ट्यूबवेल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रेस वार्ता में चेयरमैन संदीप मल्होत्रा को चौथी बार निर्वाचित होने पर सभी की ओर से बधाई दी गई, और संदीप मल्होत्रा ने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जो समस्या या विचार आए हैं उस पर शीघ्र ही काम होगा तथा पानी की निकासी की समस्या का समाधान भी जल्द किया जाएगा। प्रेस वार्ता में युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने दर्जा राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह और चेयरमैन संदीप महरोत्रा को 2 सूत्री मांग पत्र दिया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों और दिल के डॉक्टर की जनहित मे तत्काल नियुक्ति और प्रेस भवन के लिए जमीन की व्यवस्था कराए जाने को दिया। जिस पर विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह और चेयरमैन संदीप मल्होत्रा ने शीघ्र समस्या का हल करने की बात की। इस प्रस्ताव पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवम राठौर सहित अन्य सभी मीडिया कर्मियों ने समर्थन किया एप्रेस वार्ता में नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता एपूर्व कोषाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिवेदी, अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों ने किया योगाभ्यास

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिलाधिकारी** महेन्द्र बहादुर सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह के संयोजन तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 हरबंश कुमार के मार्गदर्शन में हर आंगन योग की थीम पर योग सप्ताह कार्यक्रम जिले में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा एवं योग सहायक सीमा देवी द्वारा पुलिस लाइन में कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया गया। जिसमे पुलिस कर्मियों ने शामिल होकर सामूहिक योगाभ्यास किया । साथ ही पार्कों,धार्मिक स्थलों, सरकारी कार्यालयों में वाई ब्रेक योग भी कराया गया। कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, वज्रासन, उत्तानमंडूकासन, शशकासन, भुजंगासन, आदि योगासनों के साथ ही कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। साथ ही सभी को योग दिवस में शामिल होने हेतु भी प्रेरित किया गया। आहार विहार के बारे में भी परामर्श दिया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण एवं ओमवीर शर्मा सहित तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# सिंगाही चेयरमैन ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा, दिखा बदलाव



**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**क़स्बे** के नवनिर्वाचित चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम द्वारा लगातार वार्डों का निरीक्षण किए जाने से सफाई व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। सुबह की पाली में सफाई कर्मचारी अब समय से वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था को बेहतर तरीके से कर रहे हैं। वार्डों की जनता की सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नजर आने लगी है। रविवार को चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने सफाई नायक अमित कुमार व सभासदों के साथ वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया गया। उन्होंने वार्ड की जनता से कहा कि जल्द ही सफाई व्यवस्था में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। सफाई कार्य में लापारवाही वाले कर्मचारियों को हटाया भी जा सकता है। उन्होंने सफाई नायकों से दो टूक कहा कि उन्हें हर हाल में सफाई व्यवस्था बेहतर मिलनी चाहिए। जनता ने काम करने के लिए नगर पंचायत भेजा है। उनकी कसोटी पर खरा उतरने का समय आ गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत आप के द्वार अभियान चलाएगी। हर द्वार पहुंच कर वहां के लोगों से संवाद कर समस्याओं को दूर किया जायेगा।

# वर्मा क्रिकेट क्लब ने जीता खिताब

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ

**टिंकू** कुरैशी स्मृति कप डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला यंग क्रिकेट क्लब संसारपुर व वर्मा क्रिकेट क्लब पकरिया के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर यंग क्रिकेट क्लब ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वर्मा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 10 ओवरों में 179 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग क्रिकेट क्लब 131 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला वर्मा क्रिकेट क्लब ने 48 रन से मुकाबला जीत लिया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि वारिस अली अंसारी जिला पंचायत सदस्य तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान संसारपुर रामप्रसाद देवल और चौकी इंचार्ज संसार पुर प्रवीण कुमार, मुकर्रब अली, शकीलए इसरान अहमद सभासद, मुकेश राजपूत, लियाकत अली, शरीफुद्दीन, मौलाना आजाद आदि के साथ कई हजार दर्शक उपस्थित रहे। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार कार्तिक तथा मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दुष्यंत को दिया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए कमेटी के कमर आलम, जुबेर आलम, सरताज, फरहत, नसीम, नदीम, तनवीर आदि ने सभी दर्शकों, खिलाड़ियों, अतिथियों तथा ग्राउंड स्टाफका धन्यवाद किया तथा आभार जताया।



पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 जून, 2023



# महिला ने अपने दो बच्चों समेत खुद को किया आग के हवाले

## रूरा थाना क्षेत्र के गुटैहा घनश्यामपुर गांव में हुई हृदयविदारक घटना

- मां-बेटे की मौत, आग में झुलसी बेटी अस्पताल में भर्ती
- रविवार सुबह लोगों को हुई घटना की जानकारी

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**रूरा** थाना क्षेत्र के गुटैहा घनश्यामपुर गांव में रविवार को दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। एक महिला ने दो मासूम बच्चों को रजाई में लपेट कर आग के हवाले कर दिया इसके बाद खुद आग लगा ली। मां व मासूम बेटे की जलकर मौत हो गई जबकि छह साल की बेटी झुलस गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद वहां भीड़ एकत्र हो गई। गुटैहा घनश्यामपुर में सुनीता (30) ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया कि हर कोई हैरान रह गया। शायद ऐसा करते हुए मां की ममता मर गई। महिला अपने जिगर के टुकड़े चार साल के बेटे अर्पित व छह साल बेटी आयुषी को रजाई में लपेट कर आग के हवाले कर दिया।

दोनों बच्चे तड़पने लगे इस बीच खुद आग लगा ली। दिल को झकझोर देने वाली इस घटना में सुनीता और बेटे अर्पित की जलकर मौत हो गई जबकि बच्ची आयुषी गंभीर रूप से झुलस गई, उसका अकबरपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के पहुंचने के बाद पता चला कि सुनीता ने शनिवा रात में करीब एक बजे के बाद इस घटना को अंजाम दिया। रात होने की वजह से लोगों को जानकारी नहीं हो सकी।

रविवार सुबह लोगों को इस घटना की जानकारी हुई तो घर में भीड़ लग गई। अंदर जाकर जिसने भी वो मंजर देखा उसकी रूह कांप गई। मां और मासूम बेटे के शव जले पड़े थे। प्रभारी निरीक्षक रूरा समर बहादुर सिंह फॉरेंसिक टीम लेकर मौके पर पहुंचे। छानबीन में सामने आया कि घरेलू कलह की वजह से महिला ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया है। मां बेटे के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। घटना के बाद पति जसवंत फरार है। सुनीता की दस साल पहले गुटैहा घनश्यामपुर के रहने वाले जसवंत के साथ शादी हुई थी। जसवंत एक गैस एजेंसी में काम करता था। दोनों के दो बच्चे थे। घर में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। विवाद की मुख्य वजह क्या थी, ये अभी पूरी तरह से सामने नहीं आया है। घटना की वजह फिलहाल घरेलू कलह बताई जा रही है।

# वैश्य समाज की खुशहाली के वास्ते हर पल मदद के लिए तैयार: नंदी



संवाददाता। उरई, जालौन

**रविवार** को प्रदेश सरकार के उद्योग विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि वह वैश्य समाज की उन्नति और खुशहाली के लिए हर वक्त मदद करने को तैयार हैं। वैश्य समाज के लिए यदि धन की जरूरत होती है तो उसका प्रबंध भी वह उनके हितों की पूर्ति के लिए करने में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा वैश्य समाज की मदद करते रहे हैं यदि कोई भी वैश्य समाज का उत्पीड़न करता है तो वह हमेशा समाज के साथ खड़े हैं।

प्रदेश सरकार के उद्योग विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी आज रविवार को यहां नगर के राठ रोड स्थित शताब्दी महाविद्यालय में अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा के शताब्दी वर्ष पर आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज में अब ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के जो भी लोग व्यापार के क्षेत्र में आगे आना चाहते हैं वह ऐसे लोगों की मदद करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे लेकिन लोगों को अपना स्वयं का व्यापार जरूर प्रारंभ करना चाहिए।

# लाखों श्रद्धालुओं ने आषाढ़ी अमावस्या पर लगाई डुबकी

- भीषण गर्मी पर भारी पड़ी आस्था, जय श्री राम के जयकारों के साथ लगाई गई कामदगिरि की परिक्रमा



संवाददाता। चित्रकूट

**मर्यादा** पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली में आषाढ़ माह के अमावस्या मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे। मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगा भगवान कामदगिरि की पूजा अर्चना की। अमावस्या मेले में तकरीबन पांच लाख श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाने के बाद कामदगिरि की परिक्रमा की।

रविवार को धार्मिक ग्रन्थों में विदित है कि वनवास काल में भगवान श्रीराम हर अमावस्या पर मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करते थे। वनवास काल में भगवान राम पत्नी जानकी और भाई लक्ष्मण के साथ चित्रकूट में 11 साल 11 महीना 11 दिन रहे हैं। आषाढ़ माह में अमावस्या के दिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा कामदगिरि की पूजा अर्चना करते हैं।

वहीं अमावस्या मेले को लेकर चित्रकूट और सतना जिला प्रशासन द्वारा मंदाकिनी के रामघाट,राघव प्रयागघाट एवं कामदगिरि परिक्रमा परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। डीएम अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा मेला परिक्षेत्र में चाक चौबंद व्यवस्था के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**चित्रकूट।** भाजपा जिला इकाई द्वारा 850 बूथों पर पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, रक्तदाता दम्पति, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता की। मन की बात कार्यक्रमों में अलग-अलग स्थानों पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश मंत्री भाजपा बिहार शम्भू शरण पटेल , पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, जिला संयोजक मन की बात आलोक पाण्डेय रहे। राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने बालापुर में संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात के प्रेरणास्पद विचार हम सबको नवीन ऊर्जा देते हैं।

# ठगी पीड़ितों को पैसा न मिला तो मतदान का बहिष्कार: सूरजदीन



**फतेहपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार 42 करोड़ निवेशकों की लड़ाई काफी लंबे समय से लड़ता चला आ रहा है इसके बावजूद ठगी पीड़ितों का भुगतान आज तक नहीं कराया गया। जिससे पीड़ित अब आर्थिक तंगी का शिकार होकर भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं। इस स्थिति में कई पीड़ितों ने आत्महत्या तक कर ली है। इसके बावजूद सरकार नहीं चेत रही है। ठगी पीड़ितों को समय से भुगतान न मिला तो लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जायेगा। यह बात ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजदीन विश्वकर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मिशन भुगतान भारत यात्रा कार्यक्रम के तहत ठगी पीड़ितों के मध्य संगठन ने जनचेतना कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष में लाखों ठग कम्पनीज एवं क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटीज ने बारी बारी से योजना बनाकर देश के लगभग 42 करोड़ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाया। जमा पूंजी वापस न मिलने के कारण कई निवेशक आत्महत्या कर चुके हैं जो अत्यंत दुखद है। सरकार ने अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 बनाकर ठगी करने वाली लगभग दो लाख कम्पनीज एवं क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटीज पर प्रतिबंध लगाया और उनके के भुगतान की गारंटी प्रदान की है। जिसका पालन अधिकारी नहीं कर रहे हैं।

# सेलेब्रिटी मीटअप 2023 में प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस मे वाई जे के वी एस क्लब द्वारा सेलिब्रिटी मीट अप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलनएवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में यशश्वी दीक्षित ने कथक नृत्य प्रस्तुत कर एवं उन्नति गुप्ता ने की पैड पर देशभक्ति धुन बजाकर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात नगर के उन प्रतिभावान हस्तियों का एक दूसरे से परिचय कराया गया जिन्होंने अपनी कढ़ी मेहनत से शहर एवं समाज का नाम रोशन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सम्मान पाने वालों में शहर के नवोदित कलाकार जो कि कला, साहित्य, रंगमंच, सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, स्केच आर्ट, मॉडलिंग, नृत्य, खेलकूद, बॉक्सिंग, क्रिकेट, लेखन, काव्य, गीत संगीत आदि के द्वारा उत्कृष्ट योगदान दे रहे है, को सम्मानित किया गया।

# रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कराने को शुरू हुआ हस्ताक्षर अभियान

- कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत मदन गोपाल महाराज कर रहे अभियान का नेतृत्व
- गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पूजन के बाद रामघाट से हुआ आरंभ



संवाददाता। चित्रकूट

**श्रीरामचरितमानस** को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने का संकल्प लेते हुए आज आषाढ़ी अमावस्या की तिथि को जय बजरंग सेना द्वारा श्री कामदगिरि पीठम् श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार चित्रकूटधाम के पूज्य संत मदनगोपाल दास जी महाराज के द्वारा श्रीभगवान कामतानाथ जी के चरणों में हस्ताक्षर पुस्तिका को अर्पित करते हुए अभियान की शुरूआत की गई। जय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय संयोजक नितिन उपाध्याय को श्रीरामचरित मानस ग्रंथ भेटकर अभियान का शुभारंभ किया।

इसके बाद मंदाकिनी के रामघाट तट में बाबा तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास जी महाराज के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ पावन सलिला मंदाकिनी के तट पर किया गया।

इसके बाद रामचरितमानस के प्रणेता गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्म स्थली राजापुर पहुंचकर श्रीरामचरितमानस जी के मूल पाठ का पूजा-अर्चन कर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पावन अवसर पर श्री कामदगिरि पीठम के नागा नरसिंह दास जी महाराज, निर्मोही अखाड़ा के महंत ओंकार दास जी महाराज, संत शशिभूषण दास जी महाराज, नागा नंदकिशोर दास जी महाराज समेत अन्य कई विभूतियां एवं आमजन उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद ने संसदीय क्षेत्र का किया दौरा



**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने 2 दिन में संसदीय क्षेत्र का दौरा किया । 3 दिन पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद उनके बेटे उम्र खुर्शीद मौजूद भी रहे। आज विधानसभा अलीगंज के ग्राम विजाधतपुर के ग्राम जनों से भेंट की। उनके साथ समसामयिक मुद्दे पर चर्चा हुई। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला देवी ,दिनेश प्रधान मौजूद रहे। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ,पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद व उनके बेटे उम्र खुर्शीद आज रात दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### कल्प वृक्ष परिसर में योग कर सभी ने वृक्ष के किये दर्शन

**हमीरपुर।** आज राजकीय नलकूप प्रखंड द्वारा स्थानीय कल्प वृक्ष परिसर में योग सप्ताह के अन्तर्गत आज योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी शासकीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। योग शिक्षक डा.वृजेश कश्यप ने विभिन्न प्रकार के कई योग आसन कराये और लोगो को रोजाना योग करने के लिये प्रेरित किया। उन्होने कहा कि योग से न केवल शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है वल्कि दिमाग को पूरी तरह स्वस्थ रखा जा सकता है। योग से लोग निरोग रहते है इसलिये सभी को योगासन करना चाहिये। नलकूप विभाग के सभी अभियंता व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पानी बचाने को लेकर तुलसीराम ने चलाया अभियान

**बांदा।** जनपद के एक छोटे से गांव लुकतरा के रहने वाले तुलसीराम का देश के पीएम मोदी ने नाम इसलिए लिया कि उन्होंने बुंदेलखंड को पानीदार बनाने के लिए मुहिम छेड़ रखी है। उन्होंने पानी को बचाने के अभियान की शुरुआत अपने गांव से की है। तुलसीराम अपने गांव के प्रधान भी हैं। उन्होंने अपने गांव में लोगों के सहयोग से करीब 45 से ज्यादा तालाब खोदे हैं। उन्होंने बताया कि खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में अभियान को अपनाया, जिससे आज उनके गांव में जलस्तर बढ़ रहा है।

# तीन अन्तरराज्यीय तस्करों से 15 किलो गांजा बरामद

- रैपुरा में भी एक गांजा कारोबारी गिरफ्तार




संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस** अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम कसे जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 15 किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। रविवार को पहाड़ी थाने के वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने सिंघनिया तालाब असोह के पास से सुखचन्द्र भत्रा पुत्र रतन भत्रा निवासी कुमुली थाना रायधर जिला नवरंग उड़ीसा को छह किलो गांजा, कार्तिक बड़नायक पुत्र नरसिंह निवासी पिपलपुट थाना मांझाकुण्ड जिला कोरापुट उड़ीसा के कब्जे से पांच किलो गांजा व प्रिति गुन्था पत्नी भक्ता गुन्था निवासी आदिवासी कलौनी थाना रायधर जिला नवरंग उड़ीसा को चार किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा तस्करी करके लाते है। चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा एवं मप्र के सतना, रीवा में गांजा की आपूर्ति करते हैं। बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 15 लाख रुपये कीमत आंकी गई है। इसी क्रम में थानध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अजय बहादुर सिंह की टीम ने भारत सिंह पुत्र बुद्धिमान निवासी खजुरिहा कला के कब्जे से एक किलो 190 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**रसूलाबाद,** कानपुर देहात। मिशन शक्ति फेस 3 अभियान के तहत रसूलाबाद क्षेत्र के असालतगंज कस्बे में महिलाओं एवं बालिकाओं को पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। असालतगंज कस्बे के एक गेस्ट हाउस में चौपाल के माध्यम से महिला सुरक्षा दल व पुलिस क्षेत्राधिकारी आशा पाल सिंह द्वारा महिलाओं से सीधा संवाद किया गया। उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी ली गई। चौपाल में मौजूद महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा एवं बचाव संबंधी जानकारियां दी गई। शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 108 आदि की जानकारी दी गई।

# संस्कार भारती की कार्यशाला में रंगारंग प्रस्तुति, प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



**फर्रुखाबाद।** संस्कार भारती की कार्यशाला का रंगारंग प्रस्तुति व प्रतिभाओं को सम्मानित कर समापन संस्कार भारती की कला संस्कृति ग्रीष्मावकाश कार्यशाला का समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्राओं ने मंत्रमुग्ध किया। रविवार को नगर के सेनापति स्ट्रीट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 18 मई से आयोजित माह भर चलने वाली ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी व मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह चौहान, महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से भगवान नटराज व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया।

# झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई को किया याद



**जालौन**, उरई। बुंदेलखंड की पहचान एवं आजादी की पहली लड़ाई की नायिका महारानी लक्ष्मी का बलिदान दिवस नगर में जोश के साथ मनाया गया। 165वें बलिदान दिवस पर महारानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंचकर समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके देश के प्रति समर्पण पर चर्चा की। समाजसेवी व भाजपा नेता वाचस्पति मिश्रा ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई की नायिका झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई ने 31 वर्ष की आयु में ही देश के लिए बलिदान दे दिया था। यह उनकी सच्ची देश भक्ति का उदाहरण है। उनके देश प्रेम व समर्पण से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। भूपेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने 18 जून वर्ष 1858 में ग्वालियर में अंग्रेजों से युद्ध करते हुए बलिदान दे दिया था। उनके बलिदान को याद करने से ही काम नहीं चलेगा। उनका बलिदान हमें देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता और देश भक्ति की भावना जगाता है।

# पेज एक का शेष

## यूपी, बिहार...

लू चलने का अनुमान जताया है। भीषण गर्मी के कारण कई राज्यों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। इस बीच, ओडिशा ने भी लू के कारण मौतों की पुष्टि की है। राज्य सरकार ने मृतकों के आश्रितों के लिए 50 हजार रुपये बतौर मुआवजा देने का ऐलान किया है। बालासोर जिले में भीषण गर्मी से एक अधेड़ की मौत हो गई। विशेष राहत आयुक्त के दफ्तर को लू संबंधी 20 मौतों की रिपोर्ट मिली हैं। इसकी जिला कलेक्टरों द्वारा जांच की जा रही है। विभिन्न भागों में भीषण गर्मी के हालात के चलते विशेष राहत आयुक्त सत्यब्रत साहू ने आईएमडी के अनुमानों के मद्देनजर 17 जून को स्थिति की समीक्षा की थी।

## दो महिलाओं...

और घायल महिलाओं को सफदरजंग अस्पताल लेकर गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृत महिलाओं की पहचान पिंकी (30) और ज्योति (29) के रूप में हुई है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा कि शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि हमलावर महिलाओं के भाई ललित को ढूंढ़ रहे थे और ऐसा लगता है कि पैसे को लेकर विवाद हो रहा था। पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में मुख्य आरोपी और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अरुण, माइकल और देव के रूप में हुई है। इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है। ललित के छोटे भाई लाल ने कहा कि मेरे बड़े भाई ललित ने किसी को कर्ज के रूप में पैसे दिए थे। शनिवार को जब मेरे भाई ने उनसे पैसे वापस करने के लिए कहा तो उनकी आरोपी और कुछ अन्य लोगों के साथ तीखी बहस हुई। लाल ने कहा कि रविवार को तड़के लगभग दो बजे जब वे सो रहे थे, कुछ लोगों ने कथित तौर पर शोर मचाना शुरू कर दिया और उनके आवास का दरवाजा खटखटाया। लाल ने कहा कि डरकर उसने एक ही गली में रहने वाली अपनी दो बहनों सहित उनके रिश्तेदारों को बुलाया, लेकिन तब तक लोग जा चुके थे। लाल ने कहा कि वे लोग बाद में पिस्तौल लेकर लौटे और मेरे भाई पर हमला करने की कोशिश की। उसे बचाने के लिए दौड़ी मेरी दो बहनों को आरोपियों ने गोली मार दी और फरार हो गए। हत्याकांड को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था यदि उपराज्यपाल के बजाय आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के अधीन होती, तो राष्ट्रीय राजधानी सबसे सुरक्षित होती। केजरीवाल की टिप्पणियों पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दावा किया कि केजरीवाल कानून को नहीं समझते हैं। केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि आर के पुरम की घटना व्यक्तिगत दुश्मनी का नतीजा है और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

## फिल्म आदिपुरुष...

लेकर सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना हो रही है। फिल्म में लंका दहन के एक दृश्य में भगवान हनुमान के संवादों को लेकर भी सोशल मीडिया यूजर्स शुक्ला की आलोचना कर रहे हैं। अभिनेता देवदत्त नाग ने फिल्म में बजरंगबली (हनुमान) का किरदार निभाया है। शुक्ला ने ट्विटर पर जारी बयान में लिखा, हो सकता है, तीन घंटे की फिल्म में मैंने तीन मिनट के लिए आपकी कल्पना से कुछ अलग लिख दिया हो, लेकिन आपने मेरे मस्तक पर सनातन-द्रोही लिखने में इतनी जल्दबाजी क्यों की। उन्होंने कहा कि रामकथा से पहला पाठ जो कोई सीख सकता है, वो है हर भावना का सम्मान करना। उन्होंने कहा कि सही या गलत, समय के अनुसार बदल जाता है, भावना रह जाती है। शुक्ला ने कहा कि आदिपुरुष में 4000 से भी ज्यादा पंक्तियों के संवाद उन्होंने लिखे जिनमें से पांच पंक्तियों पर कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुईं। उन्होंने कहा कि उन सैकड़ों पंक्तियों में जहां श्री राम का यशगान किया और मां सीता के सतीत्व का वर्णन किया, उनके लिए प्रशंसा भी मिलनी थी, जो पता नहीं क्यों मिली नहीं। फिल्म साइना में सर्वश्रेष्ठ गीत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता शुक्ला ने कहा कि उन्हें दर्शकों से कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हम एक दूसरे के विरुद्ध खड़े हो गए तो सनातन हार जाएगा। हमने आदिपुरुष सनातन सेवा के लिए बनाई है जिसे आप लोग भारी संख्या में देख रहे हैं और मुझे विश्वास है कि आगे भी इसे देखेंगे। शुक्ला के बयान के बाद फिल्म निर्माता कंपनी टी-सीरीज ने कहा कि टीम ने लोगों की भावनाओं को देखते हुए आदिपुरुष के संवादों में बदलाव करने का फैसला किया है। कंपनी ने एक अलग बयान में कहा कि आदिपुरुष को दुनिया भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म सभी उम्र के दर्शकों का दिल जीत रही है। फिल्म के दृश्य को यादगार बनाने के लिए टीम ने फिल्म के संवादों में बदलाव करने का फैसला किया। लोगों की भावनाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। टी-सीरीज ने कहा कि निर्माता उक्त संवादों पर फिर से विचार कर रहे हैं, जो फिल्म के मूल सार के साथ प्रतिध्वनित होगा। नए संवाद अगले कुछ दिनों में सिनेमाघरों में सुनाई देंगे। कंपनी ने आगे कहाकि यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि अच्छी कमाई के बावजूद फिल्म की टीम के लिए दर्शकों की भावनाओं और बड़े पैमाने पर सद्भाव से परे कुछ भी नहीं है।

## जेईई-एडवांस्ड...

हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी मुंबई जोन हैं। शीर्ष 500 उम्मीदवारों में 174 आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं, इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन से 120 और आईआईटी मुंबई जोन से 103 हैं। कुल 13 विदेशी उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है जबकि 155 अप्रवासी भारतीय नागरिकों (ओसीआई) ने भी परीक्षा उत्तीर्ण की। रैंक सूची में शामिल करने के मानदंड की व्याख्या करते हुए आईआईटी गुवाहाटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुल अंकों की गणना गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान में प्राप्त अंकों के योग के रूप में होगी। उम्मीदवारों के विषयवार अंक और कुल अंकों की गणना के आधार पर उन्हें रैंक सूची में शामिल किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इस साल, निगेटिव मार्किंग (गलत जवाब पर अंक काटने की व्यवस्था) का प्रतिशत कम है, इसके अलावा पेनल्टी के बिना अधिक प्रश्न थे, जिसने छात्रों को प्रयास करने का आत्मविश्वास दिया, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष उच्च कट-ऑफ रहा।

## आपातकाल भारतीय...

योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य इसके कई लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाना है। इसकी सार्वभौमिक अपील को स्वीकार करते हुए, दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की थी। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज को भी याद किया और कहा कि वीरता के साथ ही उनके शासन और प्रबंध कौशल से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, जल-प्रबंधन और नौसेना को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज ने जो कार्य किए, वह आज भी भारतीय इतिहास का गौरव बढ़ाते हैं। उनके बनाए जलदुर्ग, इतनी शताब्दियों बाद भी समंदर के बीच में आज भी शान से खड़े हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में आयोजित कार्यक्रमों का उल्लेख किया और कहा कि देशवासियों को उनके प्रबंध कौशल को जानना चाहिए और उससे सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, इससे हमारे भीतर, हमारी विरासत पर गर्व का बोध भी जगेगा और भविष्य के लिए कर्तव्यों की प्रेरणा भी मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने रामायण की उस नन्हीं गिलहरी का जिक्र किया, जिसके बारे में मान्यता है कि वह राम सेतु बनाने में मदद करने के लिए आगे आई थी और कहा कि जब नीयत साफ हो, प्रयासों में ईमानदारी हो तो फिर कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। उन्होंने कहा कि 2025 तक भारत को क्षय रोग से मुक्त करने के संकल्प का जिक्र किया और इस दिशा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। चक्रवात बिपारजॉय से गुजरात के कच्छ जिले में हुई तबाही का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां के लोगों ने जिस मजबूती से उसका मुकाबला किया, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कच्छ के लोग जल्द ही इस तबाही से उबर जाएंगे। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण को प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका बताया। उन्होंने कहा, चक्रवात बिपारजॉय ने कच्छ में कितना कुछ तहस-नहस कर दिया, लेकिन कच्छ के लोगों ने जिस हिम्मत और तैयारी के साथ इतने खतरनाक चक्रवात का मुकाबला किया, वह भी उतना ही अभूतपूर्व है। आत्मविश्वास से भरे कच्छ के लोग चक्रवात बिपारजॉय से हुई तबाही से जल्द उबर जाएंगे। मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का जोर नहीं होता, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वह आज एक उदाहरण बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बड़े से बड़ा लक्ष्य हो, कठिन से कठिन चुनौती हो, भारत के लोगों का सामूहिक बल हर चुनौती का हल निकाल देता है। उन्होंने कहा, आजकल मॉनसून के समय में इस दिशा में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इसीलिए आज देश कैच द रेन जैसे अभियानों के जरिए सामूहिक प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री हर महीने के आखिरी रविवार को मन की बात के जरिए अपने विचार साझा करते हैं। वह 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इसलिए इस बार मन की बात का प्रसारण एक सप्ताह पहले किया गया। इसका उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, आप सब जानते ही हैं, अगले हफ्ते मैं अमेरिका में रहूंगा और वहां बहुत भागदौड़ भी रहेगी। इसलिए मैंने सोचा वहां जाने से पहले आपसे बात कर लूं।


## आरएसएस ने...

ने कहा, संघ स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सेना और केंद्रीय एजेंसियों सहित सरकार से अपील करता है कि वे इस दर्दनाक हिंसा को तुरंत रोकने के लिए हर-संभव कदम उठाएं, तथा शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्वाई के साथ-साथ विस्थापितों के बीच राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरएसएस भयानक दुख की इस घड़ी में मणिपुर संकट के विस्थापितों और अन्य पीड़ितों के साथ खड़ा है, जिनकी संख्या 50,000 से अधिक है। होसबाले ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह सुविचारित मत है कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में हिंसा और घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है और वह यह भी मानता है कि किसी भी समस्या का समाधान आपसी संवाद और शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे की अभिव्यक्ति से ही संभव है।

# अमेरिका-चीन तनाव कम करने को बीजिंग पहुंचे ब्लिंकन

भाषा। बीजिंग

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रविवार को बीजिंग में उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ताओं का दौर शुरू किया जिनका मकसद अमेरिका-चीन के बीच काफी बढ़ चुके तनाव को कम करने की कोशिश करना है। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री छिन कांग के साथ बैठक कर अपनी यात्रा की आधिकारिक शुरुआत की। दोनों के रात्रिभोज पर भी चर्चा करने की संभावना है। वह सोमवार को कांग से दोबारा बातचीत करने के अलावा चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई और संभवत: राष्ट्रपति शी चिनफिंग से भी चर्चा करेंगे। दियोयुताई स्टेट गेस्टहाउस में बैठक शुरू होने पर न तो ब्लिंकन और न ही छांग ने पत्रकारों से कोई ठोस बातचीत की। चीन की राजधानी में ब्लिंकन की उपस्थिति के बावजूद दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच मौजूद जटिल मुद्दों पर कोई भी महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद कम ही है, क्योंकि हाल के वर्षों में अमेरिका



और चीन के रिश्तों में तल्खी और बढ़ी है। वैश्विक सुरक्षा और स्थायित्व पर प्रभाव डालने वाले कई मुद्दों पर असहमति को लेकर दोनों देशों के बीच शत्रुता और आरोप-प्रत्यारोप तेजी से बढ़े हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार ग्रहण करने के बाद से ब्लिंकन चीन की यात्रा करने वाले सर्वोच्च स्तर के पहले अमेरिकी अधिकारी हैं। वह पिछले पांच वर्षों में बीजिंग की यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी विदेश मंत्री हैं। बाइडन और शी पिछले साल बाली में एक बैठक में ब्लिंकन के दौरे पर सहमत हुए थे। हालांकि, अमेरिका के हवाई क्षेत्र में चीन का कथित जासूसी गुब्बारा नजर आने के बाद फरवरी में

### उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ताओं का दौर शुरू किया

ब्लिंकन ने अपनी चीन की यात्रा रद्द कर दी थी। दोनों देशों के बीच असहमति और संभावित टकराव के बिंदुओं की फेहरिस्त लंबी है जिसमें ताइवान के साथ व्यापार, चीन तथा हांगकांग में मानवाधिकार की स्थिति से लेकर दक्षिण चीन सागर में चीन की सैन्य मौजूदगी और यूक्रेन-रूस युद्ध जैसे मुद्दे शामिल हैं। ब्लिंकन हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने और अमेरिका में मादक द्रव्य संकट को बढ़ावा देने वाले फेंटानिल (एक प्रकार का मादक द्रव्य) अवयवों के उत्पादन और निर्यात को रोकने के वास्ते कदम उठाने के लिए भी चीन पर दबाव डालेंगे। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि ब्लिंकन इनमें से प्रत्एक बिंदु को उठाएंगे, हालांकि किसी भी पक्ष ने अपने मौजूदा रुख से हटने का संकेत नहीं दिया है।

## अमेरिका-ईरान के बीच किसी अंतरिम समझौते का विरोध करता है इजराइलः नेतन्याहु

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम संबंधी उस किसी भी अंतरिम समझौते का विरोध करते हैं, जिस पर अमेरिका और ईरान के बीच कथित तौर पर बातचीत की जा रही है। नेतन्याहू ने यह बात तब कही, जब इजराइली मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका उद्देश्य कुछ प्रतिबंधों से राहत के बदले ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कुछ हद तक रोक लगाना है। इन खबरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी और अमेरिका ने ऐसे समझौते की सार्वजनिक रूप से इनकार किया है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने अमेरिका को सूचित किया है कि सबसे सीमित सहमति, जिसे छोटा-समझौता कहा जाता है- हमारे विचार में - लक्ष्यों की पूर्ति नहीं करते हैं और हम उनका विरोध करते हैं। इजराइल के अधिकारियों का मानना है कि संवर्धन को सीमित करने के लिए कुछ सहमति पहले ही हासिल कर ली गई है और कुछ राशि के लेनदेन पर रोक पहले ही हटाई जा चुकी है। अधिकारियों ने यह जानकारी नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे एक गोपनीय राजनयिक आकलन पर चर्चा कर रहे थे। इजराइली समाचार साइट वल्ला ने पिछले हफ्ते खबर दी थी कि उभरती सहमति के तहत ईरान प्रतिबंधों से राहत के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन को 60 प्रतिशत तक सीमित कर देगा।

## क्विक न्यूज

### ब्रिटेन : दुष्कर्म के मामले में मसाज पार्लर चलाने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति को 18 साल की जेल

**लंदन।** लंदन में अपने मसाज पार्लर में नौकरी का झांसा देकर युवतियों से दुष्कर्म करने के मामले में भारतीय मूल के 50 वर्षीय व्यक्ति को स्कॉटलैंड यार्ड की जांच के बाद 18 साल कैद की सजा सुनाई गई है। ज्यूरी ने आरोपी रघु सिंगमनेनी को सर्वसम्मति से चार महिलाओं से जुड़े दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाया और शुक्रवार को वुड ग्रीन क्राउन कोर्ट में उसे सजा सुनाई। सुनवाई के दौरान पता चला कि सिंगमनेनी उत्तरी लंदन में होलोवे रोड, इस्लिंगटन और हाई रोड, वुड ग्रीन पर दो मसाज पार्लर चलाता था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि वह महिलाओं को पार्लर में काम देने के वास्ते जॉब एप पर विज्ञापन देता था और उनसे मिलने के लिए समय निर्धारित करता था और फिर उसका यौन उत्पीड़न करता था। जांच का नेतृत्व करने वाले जासूस कॉन्स्टेबल हुसैन सईम ने कहा, इस व्यक्ति ने युवा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के लिए अपने रसूख का इस्तेमाल किया। इनमें से कई महिलाओं को रोजगार का लालच दिया गया और फिर उन्हें सबसे घातक यौन हमलों का शिकार होना पड़ा। पुलिस ने कहा कि जासूसों ने महिलाओं से पर्याप्त सबूत ले लिए हैं और सिंगमनेनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को दुष्कर्म के तीन मामलों में दोषी ठहराया गया।

### पाकिस्तान में लैय्या भूमि घोटालाः पंजाब की भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने इमरान को 19 जून को तलब किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 5,000 कनाल (625 एकड़) भूमि फर्जी तरीके से औने-पौने दाम पर खरीदने से जुड़े एक मामले में सोमवार को भ्रष्टाचार रोधी संस्था (एसीई) के समक्ष पेश होने को कहा गया है। एसीई के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लैय्या जिले में भ्रष्टाचार के एक मामले में खान, उनकी बहन उज्मा खान और उनके पति अहद मजीद को समन जारी किया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान (70) को 19 जून को एसीई मुख्यालय में, जबकि उज्मा और उनके पति को एसीई महानिदेशक के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है। प्रवक्ता ने दावा किया कि एसीई के पास, लैय्या भ्रष्टाचार मामले में खान की संलिप्तता के स्पष्ट साक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बानी गाला के राजस्व अधिकारियों पर अवैध भूमि हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला गया। इस्लामाबाद में इसी स्थान पर खान का आवास है।

### नेतन्याहू ने विवादित न्यायिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार की मंशा न्यायिक सुधार के लिए तैयार विवादित योजना पर आगे बढ़ने की है। उन्होंने यह बयान इस मुद्दे पर विरोधियों के साथ जारी वार्ता विफल होते दिखने के बाद दिया है। सरकार की न्यायिक व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव की योजना से इजराइल इस साल के शुरुआत से ही अबतक के सबसे बड़े घरेलू संकट से घिर गया है। सरकार और विपक्षी पार्टियों के बीच प्रस्तावित न्यायिक बदलाव को लेकर हो रही वार्ता से संकट कुछ समय के लिए टल गया था ताकि इसका कोई स्वीकार्य हल निकाला जा सके। दोनों पक्षों के बीच हो रही वार्ता को देश के न्यायाधीशो की नियुक्ति करने के लिए जिम्मेदार शक्तिशाली नियमित समिति संबंधी विवाद की वजह से झटका लगा था। विपक्षी नेताओं ने कहा कि समिति बनाए जाने तक वार्ता नही होगी। नेतन्याहू ने रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक में कहा कि विपक्षी दल गंभीरता से बात नही कर रहे है इसलिए उनकी सरकार आमूल-चूल बदलाव के लिए सतर्कता के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हम इसकी शुरुआत करेंगे, इस सप्ताह व्यावहारिक रूप से आगे बढ़ेंगे। हम न्यायिक प्रणाली में बदलाव के लिए मिले जनादेश के तहत जिम्मेदारी के साथ यह करेंगे। गौरतलब है कि नेतन्याहू ने देश में पड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद इस साल मार्च में न्यायिक सुधार के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। सरकार के इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के फैसले से देश में तनाव बढ़ने और विरोध प्रदर्शन तेज होने की आशंका है। प्रदर्शनकारी योजना के ठंडे बस्ते में जाने के बाद भी हर शनिवार को प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी नेताओं ने कहा कि वे प्रदर्शन के अगले दौर के लिए तैयार है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि इजराइल की लोकतांत्रिक न्याय प्रणाली को नुकसान पहुंचाने की हर कोशिश नाकाम हो। विपक्षी नेता एर लापिद ने कहा कि एकतरफा तरीके से आगे बढ़ने से अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा, यह सुरक्षा को खतरे में डालेगा और इजरायली जनता को विभाजित करेगा।

### पाकिस्तानः भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने इमरान खान, उनकी बहन को लय्याह भूमि घोटाला मामले में तलब किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को देश के पंजाब प्रांत में धोखाधड़ी के जरिए बहुत कम कीमत पर पांच हजार कनाल (625 एकड़) से अधिक जमीन खरीदने से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में तलब किया गया है। एंटी करप्शन एस्टैबलिशमेंट (एसीई) के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पंजाब मे एसीई ने लय्याह भूमि भ्रष्टाचार मामले मे खान, उनकी बहन उज्मा खान और उनके पति अहद मजीद को समन भेजा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र ने खबर दी कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 70 वर्षीय प्रमुख खान को 19 जून को एसीई मुख्यालय मे पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि उज्मा और उनके पति को एसीई डीजी खान में पेश होने को कहा गया है। समाचार पत्र के अनुसार, इससे पहले खान को एसीई ने 16 जून के लिए समन भेजा था, लेकिन वह उसके सामने पेश नही हुए। समन लाहौर में खान के जमान पार्क स्थित आवास पर चिपकाए गए थे। प्रवक्ता ने कहा कि एसीई के पास लय्याह भ्रष्टाचार घोटाले में खान की संलिप्तता के स्पष्ट सबूत है।

### फिलीपीन में नौका में लगी आग, 120 को बचाया गया

**मनीला।** फिलीपीन में एक नौका मे रविवार तड़के आग लग गई, जिस पर कुल 120 लोग सवार थे। इन सभी को सुरक्षित बचा लिया गया और आग को भी बुझा दिया गया। तटरक्षक बल के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। नौका पर सवार लोगो मे 65 यात्री और चालक दल के 55 सदस्य थे। तटरक्षक बल ने कहा कि सिक्विजोर प्रांत से मध्य फिलीपीन के बोहोल प्रांत जा रही नौका एमावी एसपेरैंजा स्टार मे रविवार तड़के आग लग गई। इसने बताया कि बचाव कार्य और आग बुझाने के लिए दो जहाज तैनात किए गए। बल द्वारा जारी तस्वीरें और वीडियो मे नौका के पिछले हिस्से से आग की लपटें और काला धुआं उठता दिखाई देता है, जबकि अन्य जहाज पर मौजूद तटरक्षक कर्मी आग बुझाने के लिए पानी की बौछार करते नजर आते है। इसमें मछली पकड़ने वाली एक नौका और एक अन्य जहाज भी दिखता है। तटरक्षक बल की प्रवक्ता जॉय गुमाते ने एक बयान मे कहा, नौका पर सवार सभी लोग सुरक्षित है। हालांकि गुमाते ने आगे कोई विस्तृत जानकारी नही दी। उन्होंने कहा कि बचाए गए लोगों को बोहोल प्रांत मे बंदरगाह शहर टैगबिलारन लाया गया और जांच जारी है। लगातार आंधी, जहाजो के खराब रखरखाव, क्षमता से ज्यादा सवारियों को ढोने और सुरक्षा नियमो की अनदेखी के कारण फिलीपीन मे खासकर सुदूरवर्ती प्रांतों मे नौका हादसे बेहद आम है।

### पीएमएल-एन आगामी चुनाव प्रचंड बहुमत से जीतेगीः मरयम

**लाहौर।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरयम नवाज ने दावा किया है कि पार्टी आगामी आम चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी और एक प्रभावी संसदीय ताकत के रूप मे उभरेगी। मरयम का यह बयान ऐसे समय मे आया है, जब यह बात सामने आई कि उनके पिता और पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ लंदन से लौट सकते है और पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर सकते है।समाचार पत्र द न्यूज ने शनिवार को मरयम के हवाले से अपनी खबर मे कहा, पीएमएल-एन आगामी चुनाव प्रचंड बहुमत से जीतेगी और पार्टी एक प्रभावी संसदीय ताकत के रूप में उभरेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जन संपर्क अभियान शुरू करने का आह्वान किया। खबर के मुताबिक, पीएमएल-एन नेतृत्व के शीर्ष नेता जल्द ही लंदन मे शरीफ से मुलाकात करने वाले है। खबर के अनुसार, बैठक में अगले चुनाव की संभावित तारीख, पाकिस्तान मे राजनीतिक स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच, पाकिस्तान की सीनेट ने यह सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को एक विधेयक पारित किया कि कोई भी सांसद जीवनभर के लिए अयोग्य नही होगा। इस कदम को विपक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ की देश में वापसी और चुनावों में उनकी भागीदारी का रास्ता साफ करने का प्रयास बताया है।

### पाकिस्तान की सीनेट ने अयोग्यता अवधि सीमित करने के लिए विधेयक पारित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट ने एक विधेयक पारित किया है जिसमे सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी सांसद की अयोग्यता ताउम्र न हो। वही, विपक्ष ने इसे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की स्वदेश वापसी और आगामी चुनाव मे हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से उठाया गया कदम करार दिया है। नवाज शरीफ को वर्ष 2017 मे उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यों की पीठ ने अयोग्य करार दिया था। अदालत के फैसले के बाद नवाज शरीफ के कोई भी सार्वजनिक पद धारण करने पर जीवनपर्यंत रोक लग गई थी। शरीफ (73) नवंबर 2019 से ही चिकित्सा इलाज के लिए लंदन मे रह रहे है। हालांकि, पाकिस्तान की अदालत ने उन्हे चार सप्ताह के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। डॉन अखबार के मुताबिक, सीनेट ने शुक्रवार को उक्त विधेयक पारित किया जिसमे पीछे की तारीख से अयोग्य रहने की अवधि को पांच साल तक सीमित किया गया है। सीनेट ने यह विधेयक ऐसे समय पारित किया है जब एक दिन पहले ही मौजूदा प्रधानमंत्री और नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने पूर्व प्रधानमंत्री से लंदन से स्वदेश लौटने और आगामी चुनाव मे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रचार अभियान का नेतृत्व करने की अपील की थी।

## बांग्लादेश में जल्लाद भुइयां जेल से रिहा

**ढाका।** बांग्लादेश में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के हत्यारों सहित 26 दोषियों और युद्ध अपराधियों को फांसी देने के चलते जल्लाद कहे जाने वाले व्यक्ति को डकैती और हत्या के लिए तीन दशक से अधिक की सजा काटने के बाद रविवार को यहां की एक जेल से रिहा कर दिया गया। ढाका केंद्रीय कारागार के परिसर से बाहर निकलते ही 74 वर्षीय शाहजहां भुइयां को पत्रकारों ने घेर लिया। उसने मीडिया को बताया, (जेल से निकलने पर) मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। भुइयां को 1991 मे हत्या और डकैती के आरोप मे 42 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। उसे 2001 में जेल अधिकारियों द्वारा एक जल्लाद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बांग्लादेश की सरकार ने उसके द्वारा दी जाने वाली हर एक फांसी पर उसकी सजा दो महीने कम कर दी और उसकी सजा मे इस तरह चार साल चार महीने कम हो गए। जेल में अपने अच्छे आचरण के कारण भुइयां की करीब 10 साल की सजा माफ कर दी गई। एक जल्लाद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, भुइयां ने बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के हत्यारों सहित अपने परिवार के अधिकांश सदस्यों के साथ

## नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से दो लोगों की मौत, 26 लापता

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में मॉनसून की बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन से दो लोगो की मौत हो गई और 26 अन्य लापता हो गए। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार पत्र काठमांडू पोस्ट ने पुलिस अधिकारियो के हवाले से एक खबर मे बताया कि चैनपुर नगर पालिका-4 में निर्माणाधीन सुपर हेवा जलविद्युत परियोजना क्षेत्र मे कार्यरत एक व्यक्ति की मौत हो गई और 21 अन्य लापता हो गए।खबर के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक बीरेंद्र गोदर ने कहा कि यह पता लगाना अभी बाकी है कि मजदूर बाढ़ के बाद सुरक्षित स्थान पर चले गए या हेवा नदी मे बह गए। पड़ोसी पंचथर जिले में भूस्खलन मे एक मकान के बह जाने से नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई।

# भव्य समारोह आयोजित न कर पाने से निराश भारतीय-अमेरिकी

### मोदी के व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा संभव नहीं

भाषा। न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह शुरू हो रही अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय-अमेरिकी समुदाय को भी संबोधित करेंगे, लेकिन इस दौरान लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम रखे जाने से समुदाय के वे नेता निराश हैं, जिन्हें एक बड़ा समारोह आयोजित किए जाने की उम्मीद थी। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में 2014 में मैडिसन स्क्वायर गार्डन और 2019 में ह्यूस्टन में भव्य समारोह आयोजित किया गया था। इस बार भी शिकागो में उसी तरह का महा-आयोजन करने की शुरुआत में योजना बनाने वाले इंडियन अमेरिकन कम्युनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष भारत बरई ने कहा, नरेन्द्र मोदी वैश्विक भारतीय समुदाय के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। अब वह सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता हैं।



मैडिसन और ह्यूस्टन के अलावा हाल में ऑस्ट्रेलिया में भी हजारों भारतीय प्रवासियों की भीड़ ने मोदी का स्वागत किया था। बरई ने पीटीआई से कहा, प्रधानमंत्री ने (वाशिंगटन) डीसी से अपने प्रस्थान के समय में कुछ घंटों की देरी करके समुदाय के साथ मुलाकात का समय दिया। उन्होंने कहा, इसकी पुष्टि 29 मई को की गई। हमें तीन सप्ताह में समारोह के आयोजन के लिए एक उचित स्थान देखना था। हमने (वाशिंगटन में) इस कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकी समुदाय के साथ मिलकर बड़े उत्साह से योजना बनाई। बहरहाल, इस समारोह में करीब 1,000 लोगों की चुनिंदा सभा ही शामिल हो पाएगी। रुधिर रोग विशेषज्ञ बरई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल नवंबर में अपनी भावी यात्रा के दौरान शिकागो में एक बड़ी सभा में भाग लेने का समुदाय का निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। बरई ने कहा कि शुरुआती संकेत मिले थे कि मोदी 15 से 20 जून के बीच यात्रा कर सकते हैं और समुदाय ने शिकागो में 22,000 की क्षमता वाले यूनाइटेड सेंटर में 17 जून के लिए बुकिंग कर रखी थी। उन्होंने कहा, कुछ सप्ताह बाद संकेत मिला कि यह यात्रा 21 से 25 जून के बीच होगी। हमने शिकागो में 40,000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले सोल्जर फील्ड स्टेडियम को 25 जून के लिए और इलिनोइस विश्वविद्यालय को 24 जून के लिए आरक्षित किया था। अमेरिका में करीब 45 लाख भारतीय अमेरिकी हैं। बरई ने कहा कि राजकीय यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों और एक निश्चित तिथि पर फैसला व्हाइट हाउस करता है, इसलिए भारतीय आयोजकों को काफी समय तक यह स्पष्ट नहीं था कि राजकीय यात्रा कितनी लंबी होगी। मई के मध्य में अमेरिकी प्रशासन ने मोदी की यात्रा संबंधी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया, जिसके कारण आयोजकों के पास एक बड़ा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बहुत कम समय बचा। इसके अलावा प्रधानमंत्री को 23 जून को राजकीय यात्रा समाप्त होने के बाद 24 जून को मिस्र भी जाना है। बरई ने कहा कि इसलिए मोदी के पास शिकागो की यात्रा का समय नहीं है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि मोदी के लिए जब 22 जून को आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा, तो बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी इसमें शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचेंगे।

# भारतीय मूल के व्यक्ति की ब्रिटेन में चाकू मारकर हत्या

भषा। लंदन

**भारतीय मूल** के 38 वर्षीय एक व्यक्ति की दक्षिण लंदन के बाहर एक अपार्टमेंट ब्लॉक के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई और इस मामले में आरोपी एक 25 वर्षीय व्यक्ति है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। स्कॉटलैंड यार्ड (महानगर पुलिस) ने कहा कि उसकी विशेषज्ञ अपराध कमान जांच का नेतृत्व कर रही है। शुक्रवार को साउथवार्क के साउथम्पटन वे में एक आवासीय संपत्ति के बाहर चाकू से किए गए हमले में अरविंद शशिकुमार की मौत हो गई। महानगर पुलिस ने हत्या की जांच शुरू कर दी है और सलमान सलीम (25) नाम के व्यक्ति पर शनिवार को हत्या का आरोप दर्ज किया, जब वह हिरासत में भेजे जाने के लिए क्रोयडोन मजिस्ट्रेट कोर्ट में उपस्थित हुआ था। सलीम को मंगलवार को लंदन स्थित ओल्ड बेली अदालत में पेश किया जाना है। केम्बरवेल से लेबर पार्टी के सांसद हैरियट हर्मन ने शुक्रवार को हुई घटना के शीघ्र बाद ट्वीट किया, साउथम्पटन वे में वीभत्स घटना हुई। शोकसंतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति है। महानगर पुलिस ने बताया कि शशिकुमार का परिवार मूल रूप से कथित तौर पर केरल से है, जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है।

# रूस पर यूक्रेन के पलटवार से दोनों पक्षों के काफी संख्या में सैनिक हताहत हो रहे हैं

भाषा। कीव

**रूस और यूक्रेन** के काफी संख्या में सैनिक हताहत हो रहे हैं क्योंकि रूसी सेना को उसके कब्जे वाले इलाकों से खदेड़ने के लिए कीव ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। ब्रिटिश अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों ने अपने नियमित आकलन में कहा कि मार्च में बाखमत के लिए लड़ाई के चरम पर रहने के समय से रूस को हुआ नुकसान संभवत: अपने उच्चतम स्तर पर है। ब्रिटिश खुफिया विभाग के मुताबिक, सर्वाधिक भीषण लड़ाई बाखमत और यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत के दक्षिणपूर्वी जपोरिज्जिया प्रांत में केंद्रित है। हालांकि, अद्यतन सूचना में यह बताया गया है कि यूक्रेन इन इलाकों में आक्रामक है तथा कुछ



आगे भी बढ़ा है। इसने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से में तुलनात्मक रूप से प्रभावकारी रक्षा अभियान चला रही है। यूक्रेनी सेना ने रविवार सुबह कहा कि पिछले 24 घंटे में रूस ने 43 हवाई हमले किए हैं, चार मिसाइलें दागी हैं और रॉकेट लॉंचर से 51 हमले किए हैं। जनरल स्टाफ द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यूक्रेन के औद्योगिक पूर्वी हिस्से में आक्रामक अभियान की रूस की कोशिशें जारी हैं। इसमें दोनेत्स्क प्रांत के बाखमत, अवदिवका, मरिनका और लेयमन को लक्षित किया जा रहा है। कुल 26 झड़पें हुई हैं। दोनेत्स्क के क्षेत्रीय गवर्नर पावलो केरीलेंको ने कहा कि दो नागरिक मारे गए हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Munna Lal S/o Ram Chandra Gaur R/o, Flat-202, Tower-F, Samridhi Luxuriya Avenue, Sports City, Plot-SC-02/D, Sector-150, Noida, Gautam Budh Nagar-201301, Uttar Pradesh, have changed my name from Munna Lal to Munna Lal Goud for all future purposes.

PD(067)A

I, Munna Lal S/o Ram Chandra Gaur R/o, Flat-202, Tower-F, Samridhi Luxuriya Avenue, Sports City, Plot-SC-02/D, Sector-150, Noida, Gautam Budh Nagar-201301, Uttar Pradesh, have changed my Spouse name from Saitha Goud to Saritha Goud for all future purposes.

PD(068)A

I,ShashiBala Chauhan, W/o Anil Kumar Chauhan, R/o Flat No. 122, DPS Apartments, Plot No. 16, Sector-4 Dwarka, Delhi-110078, that shashiBala Chauhan will be known as Shashi Chauhan for all the future purposes.

PD(069)A

# जीन और आहार देते हैं स्वाद को आकार

भाषा। एन ऑर्बर (अमेरिका)

**कभी आप ने** गौर किया है कि क्यों हमिंग बर्ड ही फूलों का रस चूसती है? गौरैया, फिंचस और अधिकतर अन्य पक्षियों से अलग हमिंगबर्ड ही मधुरता का स्वाद ले सकती है क्योंकि उनकी आनुवांशिकी शर्करा अणुओं की पहचान करने के लिए जरूरी निर्देश देती है। हमिंगबर्ड की तरह हम मानव भी शर्करा को महसूस कर सकते हैं क्योंकि हमारे डीएनए में अणुओं का पता लगाने का जीन अनुक्रमण कूट है जिसकी मदद से हम मिठास की पहचान कर पाते हैं। लेकिन यह उससे कहीं जटिल है। हमारी मिठास को महसूस करने की क्षमता के साथ-साथ अन्य स्वादों की पहचान करने में आनुवांशिकी बनावट और गर्भ में रहने से लेकर खाने की मेज पर रात्रि भोजन में मौजूद खाद्य पदार्थों की अहम भूमिका होती है। मेरे जैसे तंत्रिकातंत्र वैज्ञानिक (न्यूरोसाइंटिस्ट) यह समझने के लिए काम कर रहे हैं कि जीन और आहार के स्वाद के बीच यह जटिल परस्पर क्रिया कैसे होती है।



मिशिगन विश्वविद्यालय में मेरी प्रयोगशाला में, हम एक विशिष्ट पहलू में गहराई से अनुसंधान कर रहे हैं कि कैसे बहुत अधिक शक्कर का सेवन करने से मिठास की भावना कम हो जाती है। स्वाद हमारे खाने की आदतों के केंद्र में है ऐसे में यह समझना कि जीन और पर्यावरण कैसे आकार लेते हैं, पोषण, खाद्य विज्ञान और रोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्इसके विपरीत, स्वाद जो हमें संभावित हानिकारक पदार्थों के प्रति सचेत करते हैं, जैसे कि कुछ विषाक्त पदार्थों की कड़वाहट, उस हिस्से से जुड़े होते हैं जो हमें असुविधा या दर्द महसूस कराते हैं। जबकि हमारे डीएनए में कार्यात्मक स्वाद रिसेप्टर्स के लिए जीन कूट संदेश की उपस्थिति हमें खाद्य अणुओं का पता लगाने में सक्षम बनाती है, हम इन पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह हमारे द्वारा ले जाने वाले स्वाद जीन के विशेष संयोजन पर भी निर्भर करता है। आइसक्रीम की तरह, स्वाद रिसेप्टर्स सहित जीन, विभिन्न स्वादों में आते हैं। उदाहरण के लिए कड़वाहट अनुभव करने के लिए जिम्मेदार स्वाद रिसेप्टर्स को टीएएस2आर38 कहते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि अलग-अलग लोगों में टीएएस2आर38 जीन के आनुवांशिकी कोड में मामूली अंतर होता है। यह आनुवांशिकी अंतर निर्धारित करता है कि व्यक्ति सब्जियों, बेरी और शराब की कड़वाहट को कैसे अनुभव करता है। फॉलोअप अध्ययनों ने आनुवांशिकी कोड में अंतर और भोजन की पसंद में संबंध का संकेत दिया है खासतौर पर सब्जी और शराब के सेवन के संबंध में।

### वाद का अनुभव करने में जीन की भूमिका

हमिंगबर्ड्स की तरह, भोजन के स्वाद को अनुभव करने की मानव की क्षमता स्वाद रिसेप्टर्स की उपस्थिति पर निर्भर करती है। ए अणुओ की पहचान करने वाले तत्व संवेदी कोशिकाओं पर पाए जाते है, जो जीभ की सतह पर संवेदी अंगो, स्वाद कलियो (टेस्ट बड) के अंदर स्थित होते है। स्वाद रिसेप्टर्स और भोजन अणुओं के बीच संवाद पांच मूल स्वाद गुणो को जन्म देता हैः मिठास, तीखापन, कड़वाहट, नमकीन और खट्टापन, जो विशिष्ट तंत्रिकाओं के माध्यम से मुंह से मस्तिष्क तक प्रेषित होते है। उदाहरण के लिए, जब चीनी शर्करा रिसेप्टर से जुड़ती है, तो यह मिठास का संकेत देती है। दूसरो के ऊपर कुछ खाद्य पदार्थों के स्वाद के लिए हमारी सहज प्राथमिकता इस बात में निहित है कि हमारे विकासवादी इतिहास के दौरान जीभ और मस्तिष्क के संपर्क कैसे जुड़े। नमक और चीनी जैसे आवश्यक पोषक तत्वो और ऊर्जा की उपस्थिति का संकेत देने वाले स्वाद गुण, मस्तिष्क के उस हिस्से को सूचना भेजते है जो आनंद की अनुभूति करने के लिए जिम्मेदार है।

## युगांडा : कांगो सीमा के पास स्कूल पर विद्रोहियों के हमले में 42 लोगों की मौत

**कंपाला ( युगांडा ),** । युगांडा के सीमावर्ती शहर में एक स्कूल पर संदिग्ध चरमपंथी विद्रोहियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए लोगों को दफनाने के लिए रविवार को तैयारियां शुरू की गईं। इस हमले में 42 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर स्कूली छात्र थे। युगांडा-कांगो सीमा के पास एक माध्यमिक विद्यालय पर संदिग्ध विद्रोहियों के हमले के बाद अधिकारियों ने 38 छात्रों सहित कुल 41 लोगों के शव बरामद किए थे। इन सभी की जलाकर, गोली मारकर या चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। स्थानीय महापौर ने शनिवार को यह जानकारी दी। मपोंडवे-लुबिरिहा के महापौर सेलेवेस्ट मापोज ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस हमले में घायल हुए आठ लोगों में से एक और व्यक्ति की मौत हुई है। युगांडा की सेना के अनुसार, शुक्रवार रात विद्रोहियों ने हमला कर कम से कम छह लोगों को अगवा किया और बाद में झरझरा सीमा पार कर कांगो भाग गए।

# पंजाब की कानून-व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है: शाह

भाषा। गुरदासपुर (पंजाब)



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पंजाब की कानून-व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान के पास इसके लिए समय नहीं है और उनका एकमात्र काम अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रव्यापी दौर के लिए सरकारी विमान उपलब्ध कराना है। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि मान मुख्यमंत्री हैं या पायलट.. केजरीवाल के देशव्यापी दौरे का संचालन पंजाब के मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की सरकार को पंजाब की समस्याओं को लेकर कोई चिंता नहीं है। नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के जनसंपर्क अभियान के तहत यहां एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में आप के नेतृत्व वाली ऐसी सरकार नहीं देखी, जो खोखले वादे करती हो। मान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री का एक ही काम है। केजरीवाल को यदि चेन्नई जाना है, तो वह उन्हें चेन्नई ले जाने के लिए विमान से दिल्ली जाते हैं। यदि उन्हें (केजरीवाल को) कोलकाता जाना है, तो फिर वह (मान) विमान लेते हैं और उन्हें उसमें बिठाकर कोलकाता ले जाते हैं। उन्होंने कहा, उनका पूरा समय केजरीवाल के दौरों में बीत जाता है और इसके कारण पंजाब की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। शाह ने कहा कि यहां लोग सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जहां नशीले पदार्थों का कारोबार बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री के पास इसके लिए या किसानों की परेशानी के लिए समय नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल देश के विभिन्न हिस्सों के दौरे के दौरान मान को अपने साथ ले जाते हैं, ताकि वह मान के सरकारी विमान में उड़ान भर सकें।

आप पर उसके चुनावी वादों को लेकर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, मैं भगवंत मान और केजरीवाल से पूछने आया हूं कि आपने राज्य की हर महिला को 1,000 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन वे अभी भी उसका इंतजार कर रही हैं। उन्होंने नौ वर्षों में केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि भारत अब एक विकास इंजन के रूप में जाना जाता है।

पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने दावा किया कि यहां दलितों का उत्पीड़न बढ़ा है। उन्होंने मंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि एक मंत्री दलित का यौन शोषण कर रहा है, लेकिन कोई कार्वाई नहीं की गई है। मादक पदार्थों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश से इस बुराई को बाहर निकालने का फैसला किया है और बहुत जल्द ही पंजाब में नशे का कारोबार बंद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर अमृतसर में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) का एक कार्यालय खोला जाएगा।

## बुरी नजर डालने वाले को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है भारत : नड्डा



**शिवसागर (असम)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को कहा कि देश पर बुरी नजर डालने वाले को भारत मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। नड्डा ने यहां पार्टी की एक रैली में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, चाहे डोकलाम गतिरोध हो या सर्जिकल स्ट्राइक, भारत ने दिखाया है कि कोई भी हम पर बुरी नजर नहीं डाल सकता। नड्डा ने यह भी कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के नौ साल के दौरान कड़े निर्णय लिए गए, जिन्होंने देश को आगे बढ़ाया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नड्डा ने कहा, वर्ष 2014 से पहले, भारत भ्रष्टाचार, नीतिगत पंगुता और घोटालों के लिए जाना जाता था। अब, हम एक निर्णायक, मजबूत और आगे बढ़ने वाली सरकार के लिए जाने जाते हैं। नड्डा ने कहा कि वर्तमान शासन के तहत देश की छवि में, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मंच पर, भारी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, चाहे वह सेवा हो, सुशासन हो, गरीब-कल्याण हो, केंद्र सरकार ने सभी मोर्चों पर काम किया है।

# पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अपने आप में अद्भुत : मोदी

भाषा। भुवनेश्वर



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अपने आप में अद्भुत है क्योंकि यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि देश भर के विभिन्न राज्यों में बड़ी धूमधाम से यह यात्रा निकाली जाती है।

मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 102वीं कड़ी में कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, 20 जून को अयोजित होने वाली ऐतिहासिक रथ यात्रा की पूरे विश्व में एक अलग पहचान है।

गुजरात में अपने दिनों को याद करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अहमदाबाद में यात्रा में शामिल होने का अवसर मिलता था।

उन्होंने कहा, इन रथ यात्राओं में जिस तरह देश भर से हर समाज, हर वर्ग के लोग आते हैं, वह अपने आप में अनुकरणीय है। आस्था के साथ-साथ यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का भी प्रतिबिंब है।

इस अवसर पर लोगों को अग्रिम बधाई देते हुए मोदी ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान जगन्नाथ सभी देशवासियों को अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

# कर्नाटक में चावल को लेकर राजनीति गरमाई

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा केंद्र सरकार पर अन्न भाग्य योजना के जरिए बीपीएल परिवार के प्रत्एक सदस्य को 10 किलोग्राम चावल देने के इसके (कांग्रेस पार्टी) के चुनावी वादे को पूरा करने में बाधा डालने का आरोप लगाए जाने से राज्य में राजनीति गरमा गई है। वहीं, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की नवगठित सरकार पर चुनावी वादे से मुकरने और भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया है।

सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक मुफ्त में चावल की मांग नहीं कर रहा है और राज्य इसे खरीदने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार इस पर राजनीति कर रही है। हमने उसे (भारतीय खाद्य निगम को) नौ जून को पत्र लिखा था कि वे हमें 2.28 लाख मीट्रिक टन चावल दें। उसने 12 जून को जवाब दिया कि वह इसकी आपूर्ति करेगा। हालांकि, 14 जून को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अध्यक्ष ने हमें पत्र लिखकर कहा कि वे हमें चावल नहीं दे सकते हैं। सिद्धरमैया ने सवाल किया, यदि वे 12 जून को सहमत हुए थे कि उनके पास सात लाख मीट्रिक टन चावल है और बाद में इससे इनकार करते हैं कि उनके पास चावल नहीं है, तो हमें क्या निष्कर्ष निकालना चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि उन्हें केंद्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल से बात क्यों नहीं करनी चाहिए, सिद्धरमैया ने कहा कि अगर एफसीआई के अधिकारियों ने उन्हें मंत्री से बात करने के लिए कहा होता तो वह ऐसा करते। यह पूछे जाने पर कि क्या वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे, सिद्धरमैया ने कहा कि वह 21 जून को दिल्ली की यात्रा पर होंगे, जब मोदी शहर में नहीं होंगे और इसलिए मुलाकात नहीं होगी। हालांकि, उन्होंने प्रधानमंत्री के विदेश यात्रा से लौटने के बाद उनसे मिलने की इच्छा जताई।

दूसरे राज्यों से सीधे चावल की खरीद के संबंध में, सिद्धरमैया ने कहा कि आंध्र प्रदेश ने कर्नाटक को चावल प्रदान करने को लेकर अब तक जवाब नहीं दिया है। इस संबंध में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से बात करने पर भी कोई नतीजा नहीं निकला।सिद्धरमैया ने कहा, हालांकि, छत्तीसगढ़ सरकार ने कहा है कि वह 1.5 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति करेगी। उसने कहा कि वह 2.28 लाख मीट्रिक टन चावल की आपूर्ति नहीं कर सकती। वह जिस कीमत पर चावल दे रही है, वह भी थोड़ी अधिक है।

## बिपारजॉय: तटरक्षक ने गुजरात तटरेखा के पास पोत, विमान तैनात किए

**अहमदाबाद।** भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने चक्रवात बिपारजॉय के कारण गुजरात तट को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए अपने पोत और विमानों को तैनात किया है। यह जानकारी आईसीजी ने रविवार को दी।

आईसीजी ने बताया कि अभी तक किसी भी नावावस्तु के बह जाने की कोई सूचना नहीं है। चक्रवात बृहस्पतिवार शाम को गुजरात के कच्छ तट पर जखौ के निकट पहुंचा था, जिसके कारण कई पेड़ एवं खंभे गिर गए थे और मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे।

आईसीजी ने एक बयान में कहा, भारतीय तटरक्षक के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के मुख्यालय के तहत आने वाली सभी इकाइयां बिपारजॉय चक्रवात के बाद समुद्र में प्रतिक्रिया कार्रवाई में जुट गई हैं। उसने बताया कि समुद्र में बही किसी नाव या वस्तु का पता लगाने के लिए तट के पास के इलाके में नौकाओं और विमानों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आईसीजी ने बताया कि आईसीजी ने पोतों के अलावा तीन डोर्नियर विमान और एएलएच एमके3 हेलीकाप्टर तैनात किए हैं।

# मणिपुर हिंसा पर एन बीरेन सिंह ने मेघालय के मुख्यमंत्री जोरामथंगा से फोन पर बातचीत की

भाषा। आइजोल



**मिजोरम** के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने रविवार को कहा कि उनके मणिपुर के समकक्ष एन बीरेन सिंह ने उनसे फोन पर बातचीत की और पड़ोसी राज्य में शांति बहाल करने के लिए उनकी मदद मांगी। जोरामथंगा ने कहा कि टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान, सिंह ने उनसे मिजोरम में रह रहे मेइती समुदाय के लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। मिजोरम के मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मणिपुर में जारी हिंसा के सिलसिले में मुझसे (शनिवार को) रात साढ़े बारह बजे फोन पर बात की। उन्होंने मुद्दे के समाधान के लिए मेरी मदद मांगी। उन्होंने सिंह से यह भी कहा कि मिजोरम के लोग मेइती के प्रति सहानुभूति रखते हैं और इसलिए सरकार और नागरिक संस्थाओं ने शांति व सुरक्षा के लिए उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, मैंने मणिपुर के मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है कि मिजोरम सरकार ने जारी हिंसा पर दुख जताया है। मैंने यह भी कहा कि हम मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन करते हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में 100 से अधिक लोग जातीय हिंसा में अपनी जान गंवा चुके हैं, जो एक महीने से अधिक समय से जारी है। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की इसकी मांग के विरोध में मणिपुर के पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद पहली बार तीन मई को झड़प हुई थी। इस बीच, पिछले दो दिनों में कम से कम 196 लोग हिंसा प्रभावित मणिपुर से मिजोरम भाग गए हैं। इसके साथ ही, मिजोरम में शरण लेने वाले विस्थापितों की संख्या बढ़कर 11,699 पहुंच गई है।

## क्विक न्यूज

### नीतीश कुमार तमिलनाडु के तिरुवरूर में क्लैगनार कोट्टम का उद्घाटन करेंगे : स्टालिन



**चेन्नई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 20 जून को तिरुवरूर में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के दिवंगत नेता एम. करुणानिधि की स्मृति में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। करुणानिधि के बेटे एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को यह जानकारी दी। स्टालिन ने कहा कि करुणानिधि के पैतृक जिले तिरुवरूर में स्थापित क्लैगनार कोट्टम परिसर का उद्घाटन कुमार करेंगे, जबकि यादव मुथुवेलार पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। तमिल में कोट्टम का अर्थ किसी बहुत ही सम्मानित व्यक्ति की स्मृति में निर्मित संरचना से है। पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में द्रमुक प्रमुख ने उनसे 20 जून के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। स्टालिन ने कहा कि कार्यक्रम में वह अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

### अब विदेश भेजी जा रही हैं विषय आधारित दुर्गा मूर्तियां



**कोलकाता।** हर साल मां दुर्गा की कई मूर्तियां कोलकाता से विदेश भेजी जाती है लेकिन इस साल विदेश भेजने के लिए तैयार कम से कम दो मूर्तियां पारंपरिक नही बल्कि विषय आधारित है। पश्चिम बंगाल मे कई पूजा आयोजक एक विषय चुनते है जो आम तौर पर समकालीन होता है और उनके पंडाल, मूर्तियां और प्रकाश व्यवस्था इस विषय को उभारते है। इस साल त्योहारी मौसम के लिए फाइबरग्लास की मूर्ति अमेरिका ले जाए जाने के लिए तैयार है, हालांकि दुबई भेजी जाने वाली मूर्ति मे कुछ समय लगेगा क्योंकि इसे पूरा किया जाना बाकी है। बाकी, लगभग 100 की संख्या मे मूर्तियां पूर्वी महानगर से यूरोपीय देशों, अमेरिका और जापान सहित दुनिया भर के विभिन्न स्थानो पर भेजी जाएंगी और इनकी शैली पारंपरिक है। मूर्तिकारो ने कहा कि मूर्तियों को तैयार करते समय वे पारंपरिक शैली से विचलित नही हुए है क्योंकि बंगाली प्रवासी समुदाय से जुड़े आयोजक पारंपरिक रूप को तरजीह देते है। न्यूजर्सी मे बेहाला इलाके मे पूजा आयोजक उत्सव इंक. के लिए वसुंधरा (धरती माता) विषय को निष्पादित करने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार भावतोष सुतार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वह फाइबरग्लास से पिछले छह महीने से एक ऐसी मूर्ति तैयार कर रहे है, जो बैठी हुई स्थिति मे है। सुतार ने कहा, मेरी जानकारी मे यह पहली बार है जब किसी विषय पर आधारित मूर्ति को देश के बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने दावा किया, मैंने पारंपरिक मूर्तियो को बनाने मे कभी दिलचस्पी नही दिखाई, जो कि बंगाल के बाहर रहने वाले लोगो द्वारा आयोजित पूजा मे आदर्श पसंद है और वे प्रयोग नही करना चाहते थे। उत्तरी कोलकाता के कुमारटुली मे मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया मे लगे कलाकार कौशिक घोष ने कहा कि उन्हें विदेशो से 37 सामुदायिक दुर्गा पूजा के लिए ऑर्डर मिले है, जिनमे एक दुबई से भी शामिल है, जो विश्व शांति को दर्शाने वाले विषय पर आधारित है। घोष ने कहा कि 12 फुट की मूर्ति बैठी हुई स्थिति मे है और कमल पर आसीन है, जिसे पूरा होने मे कुछ और दिन लगेंगे।

### असम में बाढ़ की गंभीर स्थिति बरकरार, नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं



**गुवाहाटी।** असम मे बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी रही और राज्य के विभिन्न इलाको मे नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के सुबह के बुलेटिन मे कहा गया है कि जोरहाट जिले के निमतिघाट मे ब्रह्मपुत्र खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वही, कामपुर (नागांव) मे कोपिली और कामरूप जिले के पुथिमारी मे भी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। सीडब्ल्यूसी के बुलेटिन मे कहा गया है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रो मे ब्रह्मपुत्र सहित कई अन्य नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। पिछले कुछ दिनो से समूचे राज्य मे लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण बाढ़ की पहली लहर आई है और बड़ी संख्या मे लोग प्रभावित हुए है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार तक राज्य के 10 जिलो मे 37,535 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। गुवाहाटी मे भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि, बाढ़ के कारण राज्य मे अब तक किसी की जान जाने की कोई सूचना नही है। अधिकारियो के मुताबिक, राज्यभर से तटबंधो के क्षतिग्रस्त होने या टूटने की जानकारी मिली है। साथ ही विभिन्न हिस्सो मे बड़े पैमाने पर भूमि कटाव भी हुआ है। अधिकारियो ने बताया कि बाढ़ की पहली लहर मे राज्य मे कई सड़कें, पुल और स्कूल जैसे अन्य बुनियादी ढांचे या तो डूब गए है या क्षतिग्रस्त हो गए है।

# मंत्रिमंडल में सेंथिल बालाजी को बनाए रखना एक गलत उदाहरण : पलानीस्वामी

भाषा। सलेम (तमिलनाडु)

**गिरफ्तारी** के बाद भी तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी को राज्य मंत्रिपरिषद में बनाए रखने पर विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के महासचिव एडापड्डी के. पलानीस्वामी ने रविवार को कहा कि इससे एक गलत उदाहरण स्थापित हो रहा है। अतीत में, तत्कालीन द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और अन्नाद्रमुक मंत्रियों के किसी मामले का सामना करने पर उन्हें क्रमश: दिवंगत मुख्यमंत्री एम करुणानिधि और जे जयललिता नीत मंत्रिमंडलों से हटा दिया गया था। जिले के अत्तुर में संवाददाता सम्मेलन में, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर भी सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा कि इसे कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के दौरान अधिसूचित किया गया था, जिसमें द्रमुक एक मुख्य घटक दल था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी केंद्रीय अर्हता परीक्षा का निरंतर विरोध करती रही है। बालाजी को मंत्रिमंडल में बनाए रखने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में पलानीस्वामी ने कहा कि यह हास्यास्पद है।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति को मंत्रिमंडल में बनाए रखना गलत है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में एक राजनीतिक शिष्टता है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए। एक मंत्री को (ईडी द्वारा) गिरफ्तार किया गया है और वह हिरासत में है...हम इसे एक गलत उदाहरण के रूप में देखते हैं। लोग द्रमुक प्रमुख और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से सेंथिल बालाजी को मंत्रिमंडल से बाहर करने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि राजनीतिक शिष्टता कायम रखी जा सके। जयललिता नीत अन्नाद्रमुक मंत्रिमंडल में 2011-15 के बीच बालाजी के परिवहन मंत्री रहने के दौरान पैसे लेकर नौकरी देने से जुड़े घोटाले के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 14 जून को गिरफ्तार किया था। अन्नाद्रमुक बालाजी को मंत्रिमंडल से हटाए जाने की मांग कर रही है। वह अभी बगैर विभाग के मंत्री हैं। पलानीस्वामी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तमिलनाडु में सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अन्नाद्रमुक की संभावना अच्छी है।

# द्रमुक नेता ने भाजपा नेता खुशबू पर की भद्दी टिप्पणी, बर्खास्त

भाषा। चेन्नई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) नेता और अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के एक पदाधिकारी को उनके खिलाफ की गई कथित भद्दी टिप्पणियों के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग इस मामले को खुद उठाएगी। वह स्वयं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य हैं।

खुशबू ने ट्विटर पर इस मुद्दे को उठाया और बाद में भावुक को होकर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं, राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक ने घोषणा की कि वह अपने पदाधिकारी (प्लेफॉर्म स्पीकर) शिवाजी कृष्णमूर्ति को दल का अनुशासन तोड़ने और बदनाम करने पर पार्टी से बर्खास्त किया जा रहा है। इस मुद्दे पर ट्वीट करने के कुछ घंटों बाद एक संवाददाता सम्मेलन में खुशबू निराश और पूरे समय भावुक नजर आईं। खुशबू ने कहा कि वह पहले ही इस मामले को तमिलनाडु राज्य महिला आयोग के समक्ष उठा चुकी हैं। इससे पहले, उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर कृष्णमूर्ति का एक वीडियो साझा किया और कहा, इस आदतन अपराधी की भद्दी टिप्पणियां द्रमुक में प्रचलित राजनीतिक संस्कृति को दर्शाती हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को टैग करते हुए कहा, उस दल में उनके जैसे कई हैं जिन्हें महिलाओं को गालियां देने, उन पर भद्दी टिप्पणी करने से नहीं रोका जाता और संभवत: उन्हें अधिक अवसर देकर पुरस्कृत किया जाता है। खुशबू ने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को टैग करते हुए कहा, आपको इस बात का एहसास नहीं है कि वह न केवल मेरा अपमान कर रहे हैं, बल्कि आपका और आपके पिता (दिवंगत एम करुणानिधि) जैसे महान नेता का अपमान भी कर रहे हैं। जितना अधिक स्थान उन्हें प्रदान करेंगे, उतना अधिक राजनीतिक स्थान आप खो देंगे। आपकी पार्टी गुंडों की शरणस्थली बनती जा रही है। ए शर्म की बात है। बाद में, मीडिया को संबोधित करते हुए खुशबू ने आमतौर पर महिलाओं को लेकर राजनीतिक दलों के खराब नजरिए पर सवाल उठाया और कहा कि वह सभी महिलाओं के लिए बात कर रही हैं।

उन्होंने कहा, डरो मत। मैं हूं, हम (एनसीडब्ल्यू) हैं। मैं तुम्हारे लिए खड़ी रहूंगी। उन्होंने कहा, यह नया द्रविड़ मॉडल है। ऐसे लोगों का पोषण द्रमुक में किया जा रहा है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि राज्यपाल और



खुशबू के बारे में कृष्णमूर्ति की टिप्पणी अति निंदनीय है और हम बार-बार अपराध करने वाले इस व्यक्ति पर तत्काल कार्वाई की मांग करते हैं। अन्नामलाई ने ट्विटर पर एक वीडियो क्लिप भी साझा की, जिसमें कृष्णमूर्ति ने मंत्री वी सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी के बाद तमिलनाडु मंत्रिमंडल में विभागों के पुन:आवंटन के मद्देनजर राज्यपाल के बारे में कथित रूप से कुछ टिप्पणी की थी। इससे पहले कृष्णमूर्ति द्वारा राज्यपाल आर एन रवि के बारे में दिए गए बयानों पर विवाद खड़ा हो गया था और उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, उनके द्वारा माफी मांगे जाने के बाद पार्टी ने उनका निलंबन रद्द कर दिया था। द्रमुक के एक बयान में आज पार्टी महासचिव दुरईमुरुगन ने कृष्णमूर्ति के निलंबन की घोषणा की। उन्होंने कहा, शिवाजी कृष्णमूर्ति को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने और इसे बदनाम करने के लिए प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से बर्खास्त किया जा रहा है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 जून तक 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3.80 लाक करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 17 जून तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.18 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3.80 लाख करोड़ रुपए हो गया है। अग्रिम कर संग्रह के कारण यह वृद्धि हुई। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अग्रिम कर संग्रह 17 जून तक 1,16,776 लाख करोड़ रुपए रहा। यह पिछले साल की समान अवधि से 13.70 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 जून तक 3,79,760 करोड़ रहा, जिसमें कॉरपोरेट कर (सीआईटी) के 1,56,949 करोड़ रुपए शामिल हैं। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) सहित व्यक्तिगत आयकर के रूप में 2,22,196 करोड़ रुपए जमा हुए।

# कश्मीर में अलगाववाद मर चुका है: पूर्व खुफिया अधिकारी एएस दुलत

भाषा। श्रीनगर

**गुप्तचर** ब्यूरो के पूर्व विशेष निदेशक ए एस दुलत ने कहा है कि कश्मीर में अलगाववाद मर चुका है, लेकिन उन्हें लगता है कि घाटी में मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के साथ वार्ता शुरू करने की आवश्यकता है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार के सलाहकार रहे दुलत ने पाकिस्तान के साथ वार्ता शुरू करने की आवश्यकता की भी वकालत की। दुलत ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार के दौरान यहां शनिवार को कहा, मेरा मानना है कि अलगाववाद अब मर चुका है। यह अनावश्यक बन गया है। अनुच्छेद 370 की तरह अलगाववाद भी समाप्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि चार अगस्त, 2019 से नजरबंद हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक की कश्मीर की राजनीति में भूमिका है। दुलत ने कहा, मुझे लगता है कि एक ऐसा नेता है, जिसकी भूमिका है और वह नेता मीरवाइज हैं, लेकिन उन्हें उनके घर में रखा गया है। इसलिए, हमें उनके बाहर आने पर ही पता चलेगा। वह मुख्यधारा में रहे हैं और उन्हें जब भी बाहर आने की अनुमति दी जाती है, तब हम देखेंगे कि वह किस ओर जाते हैं। मुझे लगता है कि यह (उन्हें बाहर निकलने की अनुमति देना) जल्द से जल्द होना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से कश्मीर मुद्दा हल हो गया है, दुलत ने कहा, यह कभी कोई बड़ा मुद्दा नहीं था और यह हमेशा एक मुद्दा रहेगा। जितनी जल्दी हमारे पास एक चुनी हुई सरकार होगी, उतना अच्छा होगा। उन्होंने कहा, संवाद, बातचीत आगे बढ़ने का तरीका है। यदि अलगाववादियों से वार्ता नहीं करनी, तो मुख्यधारा से बातचीत करें, चुनाव कराएं। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान की स्थिति का कश्मीर पर कोई प्रभाव है, दुलत ने न में जवाब दिया, लेकिन साथ ही कहा कि युवाओं में कट्टरता चिंता का एक कारण है। दुलत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा, पुंछ-राजौरी में कुछ बुरी घटनाएं हुईं। हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। दुलत ने कहा, मैं आपको कुछ बताना चाहता हूं ... कश्मीरी व्यक्ति शांति के लिए तरस रहा है। वह तंग आ चुका है। यह एक ऐसा प्रयोग था जिससे कश्मीर को गुजरना पड़ा और यह एक ऐसा प्रयोग है जो विफल हो गया है। मुझे लगता है कि कोई नहीं चाहता कि यह जारी रहे। उन्होंने कहा कि 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने पीडीपी (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में बरकरार नहीं रखकर बड़ी गलती की थी। दुलत ने कहा, 2002 में, मुफ्ती साहब मुख्यमंत्री बने।

मुझे लगता है कि उनके तीन साल बहुत अच्छे थे। मुझे लगता है कि मुफ्ती साहब को हटाकर कांग्रेस ने बहुत बड़ी गलती की। ए चीजें होती हैं। यह राजनीति है। फैसला सत्ता में मौजूद पार्टी करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर में परदे के पीछे से कोई बातचीत चल रही है, दुलत ने कहा, मैं नहीं जानता और मुझे जानना भी नहीं चाहिए क्योंकि मैं लंबे समय से सरकार से बाहर हूं। दुलत ने कहा कि भारत को पाकिस्तान की पहलों का सकारात्मक जवाब देना चाहिए क्योंकि इस्लामाबाद नई दिल्ली के साथ संबंध सुधारने का रास्ता तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम का क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत आना अच्छी बात होगा।

# दार्जिलिंग के चाय बागानों तथा श्रमिकों पर दिख रहा है जलवायु परिवर्तन का असर

भाषा। दार्जिलिंगासिलीगुड़ी

**जलवायु** परिवर्तन का असर अब दार्जिलिंग के प्रसिद्ध चाय बागानों के उत्पादन, चाय के स्वाद और सैकड़ों श्रमिकों के स्वास्थ्य पर पड़ता दिख रहा है।

क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं तथा विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तक इन तथ्यों को साबित करने के लिए कोई आंकड़े मौजूद नहीं हैं। हालांकि इसे हर दिन महसूस किया जा रहा है। समस्या का मुख्य कारण कीटनाशकों का इस्तेमाल और इसका हाइड्रा प्रभाव है। मौसम के लगातार अत्यधिक बदलने और अप्रत्याशित होने के कारण, चाय बागान मालिक अपनी पैदावार को बचाने के लिए काफी मशक्कत कर रहे हैं। बागान में काम करने वाली वर्षा (34) ने बताया कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ होती है, हाथों तथा पैरों में खुजली होती रहती है और छाती में लगातार भारीपन रहता है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, पिछले कुछ वर्षों में कई चाय बागान मालिकों ने चाय के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल किया है क्योंकि सूखा, अनियमित बारिश और कीटों के हमलों के कारण उत्पादन घट रहा है। हम बिना दस्ताने या मास्क के इन रसायनों का छिड़काव करने को मजबूर हैं। रासायनिक कीटनाशक से उनकी सहयोगी ममता की सेहत पर भी असर पड़ा है। ममता भी उसी बागान में पत्तियां तोड़ने, उन्हें सुखाने और उन पर कीटनाशकों का छिड़काव करने का काम करती हैं। उन्हें पिछले कुछ महीनों से सांस लेने में तकलीफ (दमा की समस्या) हो रही है। उन्होंने कहा, चिकित्सकों का कहना है कि सांस लेने के दौरान रसायनों के शरीर में जाने के कारण ऐसा हो सकता है। कीटनाशकों के छिड़काव के समय हमें विशेष मास्क की आवश्यकता होती है जो महंगे हैं और आसानी से उपलब्ध भी नहीं होते। हमने इस मुद्दे को कई बार प्रबंधकों के सामने उठाया है लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिल पाई है। एक्टिविस्ट हेल्थकेयर संस्था के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अमित देशपांडे ने बताया कि लंबे समय तक रसायनों के संपर्क में रहने से कैंसर सहित अन्य रोग हो सकते हैं, जिससे शरीर के अंगों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। प्रतिक्रिया के लिए बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा ने टी बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रमुख से ईमेल के जरिए संपर्क किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने रचा इतिहास

● इंडोनेशिया ओपन अपने नाम किया

भाषा। जकार्ता



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21–17, 21–18 से हराकर सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता और एशियाई चैम्पियन भारतीय जोड़ी को इस कड़े मुकाबले को जीतने में 43 मिनट का समय लगा। सात्विक ने मैच के बाद कहा, हमने इस स्पर्धा के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी। हम जानते थे कि दर्शक हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने पूरे सप्ताह हमारा साथ दिया। यह हमारे लिए अद्भुत सप्ताह रहा है। हमने आज कमाल का बैडमिंटन खेला। उनके खिलाफ आपसी मुकाबलों में हमारा रिकॉर्ड अच्छा नहीं था, इसलिए हम एक समय में एक अंक जीतने पर ध्यान दे रहे थे। दोनों जोड़ियों के बीच यह नौवां मुकाबला था और भारतीय जोड़ी की यह पहली जीत है। मैच के शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ। सात्विक और चिराग ने गेम में 11–9 की बढ़त लेने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और 21–17 से पहला गेम जीता। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में थी चिया और सोह की जोड़ी को आसानी से अंक जुटाने का मौका नहीं दिया। एक समय स्कोर 6–6 की बराबरी पर था लेकिन भारतीय जोड़ी ने इसके बाद शानदार खेल दिखाते हुए 18–11 की बढ़त हासिल की। मलेशिया की जोड़ी ने हार नहीं मानी और इस नौ अंक के अंतर को कम कर दो अंक (18–20) का कर दिया। चिराग और सात्विक ने इसके बाद मैच प्वाइंट भुनाकर इस जोड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग इस खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी है। साइना नेहवाल (2010, 2012) और किदांबी श्रीकांत (2017) ने इससे पहले जकार्ता में एकल खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इसके साथ ही देश की पहली जोड़ी बन गई है जिसने सुपर 100, सुपर 300, सुपर 500, सुपर 750 और सुपर 1000 स्तर की किसी ना किसी प्रतियोगिता को जीता है। इन दोनों ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ थॉमस कप में स्वर्ण और विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किए हैं। उन्होंने सैयद मोदी (सुपर 300), थाईलैंड ओपन (सुपर 500) और फ्रेंच ओपन (सुपर 750) का भी खिताब अपने नाम किया है। बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) के विश्व टूर को छह स्तरों में विभाजित किया गया है। जिसमें विश्व टूर फाइनल, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 के अलावा बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 100 स्तर के टूर्नामेंट हैं जिनसे खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक मिलते हैं। इनमें से प्रत्एक स्तर के टूर्नामेंट से अलग-अलग रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि दी जाती है। सुपर 1000 स्तर में सबसे अधिक रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि दी जाती है।

## दोनों के लिए मलेशियाई जोड़ी को हराना विशेष उपलब्धि

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को हराकर इतिहास रच दिया। सात्विक और चिराग सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई।। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। इस भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ नौ मैचों में पहली बार सफलता हासिल की है। सात्विक ने मैच के बाद कहा, टूर्नामेंट जीतने से ज्यादा उन्हें हराना बड़ी उपलब्धि है। अगली बार जब हम उनके खिलाफ खेलेंगे तो नई शुरुआत करेंगे। चिराग ने अपने जोड़ीदार की बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा, टूर्नामेंट जीतने से ज्यादा खुशी आरोन और सोह की जोड़ी को हराने की है। हम काफी समय से उन्हें हराने की कोशिश कर रहे थे लेकिन करीब आकर फिसल जा रहे थे। इस बार हमने खुद का समर्थन किया। उन्होंने कहा, इस बार हम अपनी योजनाओं पर बने रहे और उसका फायदा भी मिला। जैसा कि सात्विक ने कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है, हमें और बड़े मुकाबले जीतने है। उन्होंने स्टेडियम में कोच पुलेला गोपीचंद की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह यहां सिर्फ उनके फाइनल मुकाबले के लिए नही थे, बल्कि भारतीय टीम के लिए यहां थे। सात्विक ने कहा कि गोपीचंद की मौजूदगी से उनके खेल पर काफी असर पड़ा। दो महीने तक खराब खेल के बाद हम इस प्रदर्शन से खुश है। हम चीजों के नियंत्रण में होने के बारे में सोच कर आलसी हो रहे थे लेकिन पिछले दो टूर्नामेंटों में यह समझने में सफल रहे कि अगर हमारे खेल का स्तर ऊंचा नही हुआ तो हम शुरुआती दौर मे ही बाहर हो जाएंगे। हमने कोच, फिजियो और ट्रेनर के साथ काफी कड़ा अभ्यास किया। मेरा शरीर ऐसा है जिसके चोटिल होने की संभावना बनी रहती है लेकिन मै टीम के पीछे किए गए प्रयासों को श्रेय देना चाहूंगा। यहां तक कि गोपी सर भी हमारे मैचो के लिए लंबे समय बाद आए, मुझे ऐसा लगा कि कोर्ट पर कोई जादूगर मौजूद है। जब वह वहां होते हैं तो मैं बहुत सकारात्मक महसूस करता हूं। चिराग ने कहा उन्हें शानदार तरीके से मैच जीतने की खुशी है। मै यह नही कहूंगा कि यह सबसे अच्छा मैच था, लेकिन हम काफी आत्मविश्वास के साथ खेले। इस मैच में हम अपनी योजना पर टिके रहे। उनके खिलाफ इससे पहले के आठ मैचों में हम हावी होकर नही खेल पा रहे थे लेकिन इस मुकाबले में अपनी योजना पर डटे रहे। हमें पता है कि वे भी इंसान हैं, वे खिलाड़ी हैं, वे भी गलतियाँ करेंगे। हमने उन्हें वापसी करने का मौका नही दिया।

## खबरें स्टेडियम से

### वनडे विश्व कप क्वालीफायर में जिम्बाब्वे व वेस्टइंडीज जीते

**हरारे।** कप्तान क्रेग एर्विन की नाबाद 121 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में अपना अभियान नेपाल पर आठ विकेट की आसान जीत से शुरू किया। वेस्टइंडीज ने चार खिलाड़ियों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर अमेरिका को 39 रन से शिकस्त दी। जॉनसन चार्ल्स (66), शाई होप (54), रोस्टन चेज (55) और जेसन होल्डर (56) के अर्धशतकों से 49.3 ओवर में 297 रन बनाने के बाद गजानंद सिंह (नाबाद 101) की नाबाद शतकीय पारी के बाद भी अमेरिका को सात विकेट पर 258 रन पर रोक दिया। नेपाल ने सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल के 99 रन के दम पर आठ विकेट पर 290 रन बनाए लेकिन जिम्बाब्वे ने एर्विन और सॉन विलियम्स (नाबाद 102) के बीच तीसरे विकेट के लिए 164 रन की अटूट साझेदारी से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### अभिषेक को तीरंदाजी विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण

**मेडेलिन (कोलंबिया)।** अभिषेक वर्मा ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंचियोन 2014 एशियाई खेलों की कंपाउंड टीम स्पर्धा के स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा के रजत पदक विजेता 33 साल के वर्मा ने शनिवार को फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया। विश्व कप के कई बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा शुरुआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले रोमांचक व्यक्तिगत फाइनल मे दुनिया के नंबर एक तीरंदाज और शीर्ष वरीय नीदरलैंड के माइक क्लोसेर को हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। आठवें वरीय वर्मा ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले मे ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है।

### मणिपुर ने बंगाल को 3-2 से हराया

**अमृतसर।** गत चैंपियन मणिपुर ने रविवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप मे ग्रुप बी के अपने आखिरी मैच मे बंगाल को 3-2 से हराया। मणिपुर की कप्तान एन. बाला देवी ने 17वें मिनट मे बढ़त दिलाई और सर्टो लिंडा कोम ने 40वें मिनट मे इस बढ़त को दोगुना कर दिया। मध्यांतर से पहले मौसमी मुर्मू के गोल से बंगाल ने मैच में वापसी की। लगभग एक घंटे के खेल के बाद लिंडा कोम ने एक और गोल दागा जिससे मणिपुर की बढ़त 3-1 हो गई। बंगाल की कप्तान संगीता बसफोर ने गोलकर मैच के रोमांच को बढ़ाया लेकिन मणिपुर ने आखिरी मिनटों मे कोई गलती नही की। अन्य मैचों मे भारतीय रेलवे ने हिमाचल को 7-1 और हरियाणा ने महाराष्ट्र को 4-0 से शिकस्त दी।

### शैली ने कहा, इस साल अपनी मार्गदर्शन अंजू बॉबी जॉर्ज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ सकती हूं

**भुवनेश्वर।** शैली सिंह सिर्फ 19 साल ही है और उन्होंने सीनियर सर्किट मे सिर्फ दो साल बिताए है लेकिन भारत की लंबी कूद की इस नंबर एक महिला खिलाड़ी की नजरें इस साल अपनी मार्गदर्शक अंजू बॉबी जॉर्ज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने पर टिकी है। शैली ने अप्रैल मे 6.76 मीटर का प्रयास किया था जो किसी भारतीय महिला खिलाड़ी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड अंजू का 6.83 मीटर का प्रयास है जो पिछले 19 साल से बरकरार है।अंजू का भी मानना है कि उनकी शिष्या उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ सकती है।शैली ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के महिला लंबी कूद के क्वालीफाइंग दौर के बाद कहा, अंजू ने कहा है कि मै उनका रिकॉर्ड तोड़ सकती हूं क्योंकि मै उसके काफी करीब (सात सेंटीमीटर पीछे) थी। उनका कहना है कि मै इसके करीब हूं और इसलिए मुझे लगता है कि मै ऐसा कर सकती हूं। शैली ने 6.27 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल मे जगह बनाई।ऐसी सोजन 6.49 मीटर के प्रयास से शीर्ष पर रही और उन्होंने 6.45 मीटर का एशियाई खेलो का क्वालीफाइंग स्तर भी हासिल किया। सोजन ने कहा, इस साल चोट से उबरते हुए मेरा एक महीना खराब हो गया। मै फिट हो रही हूं। मुझे लगता है कि मै 6.70 से 6.80 का प्रयास कर सकती हूं।

### भारतीय कोच को एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में उज्बेकिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

**पाथुम थानी (थाईलैंड)।** वियतनाम के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से उत्साहित भारत मंगलवार को यहां उज्बेकिस्तान के खिलाफ एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच मे जीत के इरादे से उतरेगा। भारत ने शनिवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वियतनाम को 1-1 से बराबरी पर रोका। उज्बेकिस्तान ने भी जापान के खिलाफ अपने पहले मैच मे 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा कि उनकी टीम वियतनाम के खिलाफ ड्रॉ रहे ग्रुप डी के मैच से काफी आत्मविश्वास हासिल करेगी। फर्नांडिज ने कहा, अगर हम तीन अंक हासिल करते तो कहानी अलग होगी लेकिन हम अपने प्रदर्शन से आत्मविश्वास ले सकते है और अगले दो मुकाबलो मे मजबूत वापसी कर सकते है। अंत मे यह (ड्रॉ) हमारे लिए अच्छा नतीजा रहा। हमारे खिलाड़ी काफी अच्छा खेले और वियतनाम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हम इस मैच से एक अंक लेकर अगले मैच की ओर बढ़ेंगे। वियतनाम ने 59 प्रतिशत समय के साथ गेंद को अधिक समय अपने कब्जे मे रखा लेकिन भारत ने गोल करने के चार मौके बनाए जो विरोधी टीम ने अधिक है।

### टिम ने ओकांपो को हराकर डब्ल्यूबीओ इंटरिम सुपर वेल्टरवेट खिताब जीता

**गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)।** टिम सेयू ने रविवार को यहां मैक्सिको के कार्लोस ओकांपो को पहले ही दौर मे नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीओ इंटरिम सुपर वेल्टरवेट मुक्केबाजी खिताब बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया के टिम ने सिर्फ 77 सेकेंड मे ओकांपो को नॉकआउट कर दिया और अपना खिताब बरकरार रखा जिसे उन्होंने मार्च मे सिडनी मे अमेरिका के टोनी हैरिसन को हराकर जीता था। टिम के अगले प्रतिद्वंद्वी विश्व चैंपियन जर्मेन कार्लो होंगे।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में

**बेलमोंट (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां एलपीजीए क्लासिक मे लय हासिल करने के लिए जूझती दिखी लेकिन इसके बावजूद पार 72 के स्कोर के साथ एक बार फिर शीर्ष 10 मे जगह बनाने की दौड़ मे बनी हुई है। अदिति ने तीसरे दौर मे दो बर्डी और दो बोगी की और वह संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर चल रही है। अदिति ने तीन दौर मे 68, 67 और 72 का स्कोर बनाया और उनका कुल स्कोर नौ अंडर 207 है।

### मोईन अली पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगा

**बर्मिंघम।** इंग्लैड के हरफनमौला मोईन अली पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपने गेंदबाजी वाले हाथ पर स्प्रे का इस्तेमाल करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां जारी बयान मे कहा, अली को खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी कर्मियो के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.20 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। यह खेल भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। इसके अलावा, अली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड मे एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है।

### सैफ फुटबॉलः वीजा कारणों से पाकिस्तान टीम के भारत दौरे में विलंब

**बेंगलुरु** पाकिस्तान की फुटबॉल टीम के वीजा मुद्दे के कारण सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत आगमन मे विलंब हो रहा है लेकिन उम्मीद है कि टीम 21 जून को भारत के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के लिए समय पर पहुंच जाएगी। मॉरीशस मे चार देशो के टूर्नामेंट के बाद पाकिस्तान टीम को बेंगलुरु आना था। वीजा कारणो से हालांकि रविवार सुबह भारत के लिए उनकी निर्धारित उड़ान छूट गई है। टीम अब भी मॉरीशस मे ही है। पाकिस्तान को 21 जून को श्री कंतीरवा स्टेडियम मे शाम 7.30 बजे भारत का सामना करना है, लेकिन केएसएफए के एक अधिकारी ने कहा कि पड़ोसी देश की टीम के आगमन को लेकर कोई चिंता नही है। भारत का गृह मंत्रालय सप्ताहांत पर बंद रहता है और उनका आवेदन मॉरीशस मे भारतीय दूतावास मे है। हम अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संपर्क मे है। एआईएफएफ भारतीय दूतावास और पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) के संपर्क मे है। केएसएफए के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, हमे जो सूचना मिली है उसके मुताबिक पाकिस्तान के खिलाड़ियो के वीजा आवेदनो पर सोमवार को कार्रवाई की जाएगी और वे सोमवार रात या मंगलवार की सुबह मैच के लिए समय पर बेंगलुरु पहुंच सकेंगे।

# लेबनान को हराकर भारत बना इंटरकांटिनेंटल कप चैम्पियन

भाषा। भुवनेश्वर



**कप्तान सुनील** छेत्री और लल्लिंजुआला छांगते के गोल के दम पर भारत ने इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में रविवार को यहां लेबनान को 2–0 से शिकस्त दी। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अपने करियर के अंतिम दौर से गुजर रहे 38 वर्षीय छेत्री ने 46वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। यह उनका 87वां अंतरराष्ट्रीय गोल है और सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतराष्ट्रीय गोल करने के मामले में वह तीसरे स्थान पर है। इस गोल में मददगार की भूमिका निभाने वाले छांगते ने 66वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर मैदान में भरे दर्शकों को झूमने का मौका दिया तो वहीं विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज टीम को सन्न कर दिया। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। टीम ने 2018 में इसके शुरुआती सत्र के फाइनल में कीनिया को हराकर चैम्पियन बनीं थी जबकि 2019 उत्तर कोरिया ने खिताब जीता था और भारत चौथे और आखिरी स्थान पर रहा था। उमस भरी गर्मी में दोनों टीमों के पास शुरुआती हाफ में बढ़त बनाने का मौका था लेकिन वे इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। यह हाफ उसी तरह था जैसा की दोनों टीमों ने दो दिन पहले राउंड रोबिन चरण के आखिरी मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला था। इस दौरान भारत ने गेंद को अधिक समय तक अपने पास रखने पर ध्यान दिया तो वही लेबनान का जोर आक्रमण करने पर था।

# विंडीज दौरे के बाद लीसेस्टरशर के लिए खेलेंगे रहाणे

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के अनुभवी** बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी सरजमीं पर दो टेस्ट की श्रृंखला के बाद इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर की ओर से डिविजन दो में खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान रहाणे ने इसी महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ भारतीय टीम में सफल वापसी की थी।रहाणे ने जनवरी में लीसेस्टशर के साथ करार किया था और आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद उन्हें जून से सितंबर के बीच टीम के लिए आठ प्रथम श्रेणी मैच के अलावा पूरा रॉयल लंदन कप (50 ओवर का घरेलू टूर्नामेंट) खेलना था। हालांकि भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के कारण वह इस काउंटी टीम से नहीं जुड़ पाए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, अजिंक्य वेस्टइंडीज में दो टेस्ट (जिसके 24 जुलाई को खत्म होने की संभावना है) के बाद सीधे इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे और बाकी सत्र के लिए लीसेस्टरशर से जुड़ेंगे। वह अगस्त में रॉयल लंदन कप में खेलेंगे और सितंबर में संभवतः चार काउंटी मैच खेलेंगे।

# इंग्लैंड ने हासिल की बढ़त

● ऑस्ट्रेलिया को ऑल आउट किया , पहली पारी को 386 रन पर समेट



भाषा। बर्मिंघम

**इंग्लैंड** ने एशेज श्रृंखला के शुरुआती मैच के तीसरे दिन रविवार को लंच से पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 386 रन पर समेट कर सात रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 311 रन से की लेकिन स्टुअर्ट ब्रॉड (68 रन पर तीन विकेट) और ओली रोबिनसन (55 रन पर तीन विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा देर रुकने नहीं दिया। ऑस्ट्रेलिया एक समय पांच विकेट पर 338 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था और ऐसा लग रहा था कि टीम पहली पारी में इंग्लैंड के स्कोर को पार कर जाएगी। इसी स्कोर पर हालांकि अनुभवी जेम्स एंडरसन (53 रन पर एक विकेट) ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को बोल्ड कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। कैरी ने 99 गेंद की पारी में 10 चौके और एक छक्के की मदद के साथ 66 रन बनाए और शतकीय पारी खेलने वाले उस्मान ख्वाजा (141) के साथ छठे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। शानदार बल्लेबाजी कर रहे ख्वाजा को इसके बाद कप्तान पैट कमिंस का अच्छा साथ मिला। कमिंस ने मोईन अली के ओवर में दो छक्के जड़े। ख्वाजा के साथ की सातवें विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी में 27 रन कमिंस के बल्ले से आए। रोबिनसन ने ख्वाजा को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा।

## सेना के 11 मुक्केबाज पुरुष युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी के फाइनल में पहुंचे

**गंगटोक।** सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के 11 मुक्केबाज रविवार को यहां छठी युवा पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल मे पहुंचने मे सफल रहे। एसएससीबी के अरमान (80 किग्रा) ने रिंग मे शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसले से मध्य प्रदेश के प्रशांत खटाना को हराया। वह फाइनल मे हरियाणा के इशान कटारिया का सामना करेंगे।एसएससीबी के ऋषि ने भी सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और हरियाणा के विशेष को 3-0 से हराकर फाइनल मे पहुंचे।अरमान और ऋषि के अलावा सेना से जुड़े आर्यन (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), एम हनथोई (60 किग्रा), अंकुश (67 किग्रा), प्रीत मलिक (71 किग्रा), योगेश (75 किग्रा), आर्यन (86 किग्रा)) और हर्ष (92 किग्रा) भी फाइनल मे पहुंच गए है।हरियाणा के मुक्केबाजों ने भी सेमीफाइनल मे अपने दमखम से प्रभावित किया।

# श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

भाषा। भुवनेश्वर



लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने रविवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालीफाइग दौर में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।चौबीस साल के श्रीशंकर हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। श्रीशंकर का यह प्रयास उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। केरल का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीशंकर ने स्पर्धा के बाद कहा, हवा मापदंड के अनुसार थी, यह 1.5 मीटर प्रति सेकेंड थी। मामूली अंतर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने यह दूरी हासिल की। एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 12 खिलाड़ियों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई।पुरुष लंबी कूद में एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग स्तर 7.95 मीटर है। हंगरी के बुडापेस्ट में अगस्त में हेने वाली विश्व चैंपियनशिप की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा का क्वालीफाइंग स्तर 8.25 मीटर है।

### प्रदर्शन पर कोई सवाल न उठे इसलिए स्वयं ही डोप जांच के लिए नमूना दिया

**भुवनेश्वर।** लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.41 मीटर के प्रयास के साथ आगामी विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) अधिकारियो को स्वेच्छा से डोप नमूना दिया ताकि कोई उन पर संदेह ना करे। श्रीशंकर के पिता और कोच एस मुरली ने पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। चौबीस साल के श्रीशंकर ने यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियशिप में अपने पहले ही प्रयास मे 8.41 मीटर की छलांग लगाई। वह हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

# आरडीएसओ, स्पोर्ट्स वेल्फेयर, एएफएस व जैदी क्लब सेमीफाइनल में



**लखनऊ।** के डी सिंह बाबू स्टेडियम मे चल रहे बास्केटबॉल फ उंडेशन कप का उद्घाटन राष्ट्रीय खिलाड़ी जोसेफ जॉर्ज ने किया। स्पोर्ट्स वेलफेयर फ उंडेशन सुपर अवस्थी एकेडमी के बालकों ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को एकतरफा मुकाबले में हराकर अपना लोहा मनवाया। एएफएस एकडेमी ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ मेल को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में एएफएस अकादमी ने पांडवास क्लब को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया। सीनियर बालक वर्ग में आर डी एस ओ ने टीम केजर्स को एक तरफा मुकाबले में 40–12 के अंको से पराजित कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। जरीन जैदी क्लब के कप्तान शारजील कादरी एवं मनी सिंह रितेश राय के उम्दा प्रदर्शन से चिर प्रतिद्वंद्वी ओमी बास्केटबाल अकादमी को 54–44 से पराजित कर सेमी फ इनल में प्रवेश किया। अंडर–17 बालक वर्ग में स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन ने राइजिंग स्टार्स को एकतरफा मुकाबले मे पराजित कर सेमीफ़ाइनल मे प्रवेश किया। बालिका वर्ग मे एएफएस एकेडमी ने मनिपाल चैलेंजर्स को रोमांचक मुकाबले मे 21–19 अंको के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

# लखनऊ को ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी

● यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप : सर्वाधिक 41 स्वर्ण जीता




**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ ने यूपी स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप–2023 में शानदार प्रदर्शन के साथ ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम कर ली। चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 41 स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाते हुए अपना परचम लहरा दिया। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में संपन्न 39वीं सब जूनियरए, 7वीं कैडेट,41वीं जूनियर, सीनियर क्योरगी एवं 7वीं पूमसे चैंपियनशिप में मेरठ की टीम 11 स्वर्ण के साथ उपविजेता बनकर उभरी। आगरा की टीम को तीसरा स्थान मिला। लखनऊ के खिलाड़ियों ने अंतिम दिन 32 स्वर्ण जीते और चैंपियनशिप में 41 स्वर्ण, 32 रजत व 77 कांस्य सहित कुल 150 पदक जीते। उपविजेता मेरठ के खिलाड़ियो ने 11 स्वर्ण, 11 रजत व 7 कांस्य सहित कुल 29 पदक झटके। चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रही आगरा को 7 स्वर्ण 6 रजत व 15 कांस्य सहित कुल 28 पदक मिले। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने की। अंत में एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने प्रतिभागी खिलाड़ियों व उपस्थित अतिथिगण का आभार जताया।

## यूरो क्वालीफायरः हैलेंड के गोल के बावजूद स्कॉटलैंड से हारा नॉर्वे, पुर्तगाल जीता

**लिस्बन।** एर्लिंग हैलेंड ने नॉर्वे की टीम में वापसी करते हुए गोल दागा लेकिन इसके बावजूद स्कॉटलैंड ने अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो) की क्वालीफाइंग स्पर्धा मे पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत दर्ज की। पुर्तगाल ने महान खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 199वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले मे ब्रूनो फर्नांडिज के दो गोल की मदद से बोस्निया-हर्जेगोविना को 3-0 से शिकस्त दी। बेल्जियम की टीम ने चोटिल केविन डि ब्रून के बिना खेलते हुए ऑस्ट्रिया को 1-1 से बराबरी पर रोका। ग्रुप ए मे नॉर्वे को हराने के बाद स्कॉटलैंड शीर्ष पर चल रहा है और उसकी नजरें 1996 के बाद पहली बार लगातार दूसरी बार यूरोपीय चैंपियनशिप में जगह बनाने पर टिकी है। मार्च मे चोटिल होने के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैलेंड ने 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर नॉर्वे को बढ़त दिलाई लेकिन इसके बाद कोच ने उन्हें बदल दिया जिसका फायदा उठाकर स्कॉटलैंड ने दो मिनट में दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। इस हार से नॉर्वे की क्वालीफाई करने की उम्मीदो को झटका लगा है। टीम का दो मैच मे सिर्फ एक अंक है। स्पेन के दो मैच मे तीन अंक है। टीम को स्कॉटलैंड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। ग्रुप के एक अन्य मैच में जॉर्जिया ने साइप्रस को 2-1 से हराया। ग्रुप ई में वैक्लाव सर्नी के दो गोल की मदद से चेक गणराज्य ने फेरो आइलैंड को 3-0 से हराकर ग्रुप के शीर्ष पर अपनी बढ़त चार अंक तक पहुंचाई।

# टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब की तीसरी जीत

**नई दिल्ली।** अलमाटी कजाखिस्तान में आयोजित हो रही छठी एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की। टी स्पोर्ट्स इंडिया ने आज अपने चौथे मैच में कुवैत के अल कुरेन क्लब को रोमांचक मुकाबले में 30-28 गोल से मात दी। इस जीत में टीम की गोलकीपर दीक्षा ठाकुर ने पूरे मैच में 15 बचाव करते हुए अहम भूमिका निभाई। दीक्षा ने अंतिम 2 मिनट में 2 शानदार पेनल्टी रोक कर टीम की जीत पक्की की। टीम से कप्तान निधि शर्मा ने सर्वाधिक 7 गोल जबकि उपकप्तान मेनिका ने 6 गोल दागे। भावना शर्मा को 6ए प्रियंका ठाकुर को 5 शालिनी को 4 व मिताली शर्मा को 2 गोल करने में सफलता मिली।

